




# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

बिलासपुर, गुरुवार 18 दिसंबर 2025


**हिमाचल और चेन्नई से जुड़े तार**

फैक्ट फाइल

*बरामद की गई दवा जी-सीईएप-एजेड की निर्माता हिमाचल के सोलन मेसर्स जी बायोटेक प्राइवेट लिमिटेड है। दूसरी दवा क्यूमोक्स-सीडी-625 की निर्माता मेसर्स जीसी हेल्थ केयर तथा एआरआरसीईएप-एजेड के निर्माता चेन्नई के मेसर्स लार आक्स फार्मास्यूटिकल्स है। सभी दवा एंटीबायोटिक टेबलेट है जो बाजार में सामान्य तरीके से बिक्री की जा सकती है। करीब सात साल पहले राजधानी में ऐसी ही नकली एंटीबायोटिक दवा की खेप पकड़ी गई थी, जिसका मामला न्यायालय में लंबित है।*

**निर्माण सौ, बिक्री 300 रुपए में**

*सूत्रों के अनुसार इन दवाओं को बनाने की लागत मुश्किल से सौ रुपए आती है और रिटेलर के माध्यम से बिक्री तीन सौ रुपये में की जाती है। एंटीबायोटिक की दवाएं सामान्यतः महंगी होती हैं। शहरी इलाकों में ज्यादातर ब्रांडेड दवाओं की डिमांड होती है, मगर ग्रामीण क्षेत्रों में ऐसी दवाओं को आसानी से खपाया जा सकता है। कुछ समय पहले नकली दवा का कारोबार करने वाले एक संगठित गिरोह का पर्दाफाश देश में हुआ था।*

**ट्रांसपोर्ट में रखा था, बिल में अलग और बॉक्स में दूसरी दवा, जांच में निकला सफेद पावडर**

# छग में नकली एंटीबायोटिक दवाएं, हिमाचल, चेन्नई में बनी और इंदौर से आई खेप, लेने कोई नहीं पहुंचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

छत्तीसगढ़ में भी नकली दवाओं का कारोबार फल-फूल रहा है। खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम ने गोगांव के ट्रांसपोर्ट में रखा नकली दवा का काटून बरामद किया है। एंटीबायोटिक दवा हिमाचल में बनी और इंदौर के रास्ते रायपुर पहुंची थी। बिल में उल्लेख दवा अलग थी और काटून में दूसरी दवा थी। जांच में दवा के नाम पर सफेद पावडर होने की पुष्टि हुई है। इसके तार ग्रामीण इलाकों के दवा कारोबारियों से जुड़े होने की उम्मीद है। सूत्रों के मुताबिक गोगांव के नागपुर गोल्डन ट्रांसपोर्ट में काफी दिनों से दवा का काटून रखे होने की सूचना मिली थी। दवा का कोई दावेदार नहीं आ रहा था, इस आधार पर जानकारी खाद्य एवं औषधि प्रशासन को दी गई थी। औषधि निरीक्षक नीरज साहू, ईश्वरी नारायण सिंह तथा राजेश सोनी की टीम ने वहां जाकर जांच की, तो पता चला कि दवा इंदौर से भेजी गई है। काटून खोलने पर उसमें तीन तरह की एंटीबायोटिक दवा मिली, मगर चौंकने वाला मसला यह था कि बिल में अलग दवा का उल्लेख था। संदेह के आधार पर दवा के सैंपल लेकर उसे जांच के लिए भेजा गया और काटून को जब्त कर लिया गया। रिपोर्ट में पता चला कि एंटीबायोटिक दवा में जिस फार्मूला का उल्लेख है, वह वास्तव में उसमें है ही नहीं और टेबलेट सफेद पावडर के अलावा कुछ नहीं है। इस आधार पर एफडीए की टीम ने मामला दर्ज कर अपनी जांच शुरू की है। इस मामले में यह पतासाजी का प्रयास किया जा रहा है कि दवा का आर्डर किस कारोबारी ने किया था। मामले में तार ▶▶| शेष पेज 8 पर

**राज्य में जारी किया गया अलर्ट, दवा के तार ग्रामीण इलाकों से जुड़े होने की आशंका**



## खबर संक्षेप

### टीटीडी को 1.2 करोड़ रुपए के ब्लेड दान किए



**तिरुपति।** हैदराबाद के एक व्यवसायी ने मुंडन संस्कार के लिए तिरुमला तिरुपति देवस्थानम (टीटीडी) को 1.2 करोड़ रुपए मूल्य के ब्लेड बुधवार को दान किए। बी. श्रीधर ने कल्याणकट्टाओं (मुंडन केंद्रों) को जितने ब्लेड दान किए हैं, उससे इसकी सालाना जरूरत पूरी हो जाएगी। मंदिर निकाय ब्लेडों पर सालाना लगभग 1.1 करोड़ रुपये खर्च करता है

### राज्य परिषद' से जुड़े नेताओं के ठिकानों पर ईडी की छापेमारी



**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय ने मणिपुर में छापेमारी की जिन पर निवेश योजना के नाम पर आम लोगों से 50 करोड़ रुपए से अधिक की राशि एकत्र करने का आरोप है। ये परिसर 'मणिपुर राज्य परिषद' के स्वयंभू 'मुख्यमंत्री' याम्बेम बीरेन और स्वयंभू 'विदेश एवं रक्षा मंत्री' नरेंगबाम समरजीत से जुड़े हैं।

### ट्रक ने तीर्थयात्रियों को रौंदा, चार की मौत



**मोरबी।** गुजरात के मोरबी जिले में बुधवार को एक ट्रक ने तीर्थयात्रियों को रौंद दिया जिसमें चार श्रद्धालुओं की मौत हो गई और एक अन्य घायल हो गया। घायल तीर्थयात्री को मोरबी के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पीड़ित तीर्थयात्रा के लिए द्वारका जा रहे थे, तभी सुबह करीब छह बजे मालिया गांव और जामनगर के बीच यह दुर्घटना हुई।

# शांति बिल पर मुहर, निजी कंपनियों के हाथ में आएगी 'परमाणु शक्ति'!

*लोकसभा ने परमाणु ऊर्जा क्षेत्र में निजी भागीदारी की अनुमति देने के प्रावधान वाले विधेयक को विपक्ष के विरोध के बीच बुधवार को मंजूरी प्रदान की। सरकार ने 'भारत के रुपांतरण के लिए नाभिकीय ऊर्जा का संधारणीय दोहन और अभिवर्द्धन (शांति) विधेयक, 2025' को ऐतिहासिक करार दिया है तो विपक्ष ने आरोप लगाया कि इसमें आपूर्तिकर्ता के उत्तरदायित्व का प्रावधान नहीं है तथा यह संवेदनशील क्षेत्र में निजी कॉरपोरेट समूहों के लिए रास्ता खोलने वाला है।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

परमाणु ऊर्जा राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह द्वारा विधेयक पर चर्चा का जवाब दिए जाने के बाद सदन ने विपक्ष के संशोधनों को खारिज करते हुए इसे ध्वनिमत से स्वीकृति दे दी। चर्चा का जवाब देते हुए जितेंद्र सिंह ने कहा कि इस विधेयक में कुछ ऐसे प्रावधान हैं, जो पहले भी थे, लेकिन सत्तापक्ष का विरोध करने के चक्कर में विपक्षी सदस्य अपने समय के प्रावधानों का विरोध कर देते हैं। उन्होंने कहा कि परमाणु ऊर्जा के क्षेत्र के लिए ▶▶| शेष पेज 8 पर

**भारत के न्यूक्लियर-एनर्जी सेक्टर में विदेशी प्लेयर्स की हो सकेगी एंट्री**



**कानून बनने पर होंगे क्या बदलाव**

भारतीय निजी कंपनियां परमाणु बिजली संयंत्र और रिएक्टर बनाने के साथ-साथ उनके मालिकाना हक, संचालन या फिर बंद करने के लिए लाइसेंस का आवेदन कर सकेंगी। इससे पहले अब तक ये काम सरकारी कंपनियों के ▶▶| शेष पेज 8 पर

**पीएम मोदी ही ले सकते हैं बड़े फैसले**

इससे पहले, सिंह ने विधेयक को सदन में चर्चा और पारित कराने के लिए रखते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ही इस तरह के बड़े फैसले ले सकते हैं। परमाणु ऊर्जा राज्य मंत्री ने कहा, यह एक ऐतिहासिक विधेयक है। संसद के इतिहास में वर्षों बाद कोई ऐसा क्षण आता है जब सदस्यों को ऐसा मौका ▶▶| शेष पेज 8 पर

**इधर, राज्यसभा ने बीमा क्षेत्र में 100 फीसदी एफडीआई को मंजूरी**

*इधर, राज्यसभा ने बीमा क्षेत्र में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) को 100 प्रतिशत तक बढ़ाने के प्रावधान वाले विधेयक को बुधवार को मंजूरी दे दी। सरकार ने दावा किया कि इस विधेयक के प्रावधानों से देश के बीमा क्षेत्र को प्रोत्साहन मिलेगा। उच्च सदन ने 'सबका बीमा सबकी रक्षा (बीमा कानूनों में संशोधन) विधेयक, 2025' पर चर्चा और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के जवाब के बाद इसे ध्वनि मत से स्वीकृति दे दी। इसके साथ ही सदन ने विपक्ष द्वारा* ▶▶| शेष पेज 8 पर

**एक और कामयाबी**

## 37 लाख के ईनामी 3 एसीएम समेत 11 ने किया समर्पण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

नक्सलवाद के समाप्ति की तिथि जैसे जैसे नजदीक आ रही है, वैसे वैसे सक्रिय नक्सलियों के समर्पण में भी तेजी देखी जा रही है। बुधवार को नारायणपुर जिले के माड़ व जीआरबी डिविजन एरिया में सक्रिय 11 नक्सली समर्पण कर मुख्यधारा में शामिल हो गए। इन पर 37 लाख रुपए का ईनाम घोषित था, इनमें 5 महिला कैडर भी शामिल है। नक्सल उन्मूलन ▶▶| शेष पेज 8 पर

**बोडा वड्डे, नमेश व सोमारी पर 8-8 लाख का ईनाम**

नारायणपुर एसपी के समक्ष जिन 11 नक्सलियों ने समर्पण किया। इनमें 8-8 लाख के ईनामी उत्तर बस्तर डिविजन कम्पनी नम्बर 5 व मिलिट्री कम्पनी मेंबर बोडा वड्डे उर्फ भीमा (40) निवासी रेंगाबेड़ा पंचायत पोचावाड़ा थाना ओरछा के अलावा नमेश मण्डावी उर्फ दिलीप (20) तथा सोमारी मण्डावी उर्फ रीता (24) के अलावा 5 लाख का ईनामी सियाराम सलाम उर्फ आकाश उर्फ सनकू ▶▶| शेष पेज 8 पर

**कैग ने फंड रोकने कहा और वित्तीय अनियमितताओं को किया उजागर**

## जमीन थी नहीं और मकान के लिए जारी कर दिए करोड़ों रुपए, कैग ने पकड़ी ऐसी कई गड़बड़ियां

*71 अपात्र और 250 लोगों को भूमि स्वामित्व तय किए बिना दी करोड़ों की सहायता*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (कैग) ने छत्तीसगढ़ में प्रमुख आवास एवं श्रमिक कल्याण योजनाओं के क्रियान्वयन में गंभीर कमियों की ओर ध्यान दिलाया है। कैग ने अपनी रिपोर्ट में अपात्र लाभार्थियों को लाभ, योजनागत धनराशि के लंबे समय तक अवरुद्ध रहने, कमजोर निगरानी ▶▶| शेष पेज 8 पर




**1.84 लाख मकान ही पूर्ण हो सके**

साझेदारी में किफायती आवास परियोजनाओं के तहत आवास इकाइयों के निर्माण में देरी के कारण 230.05 करोड़ की योजनागत राशि अवरुद्ध रही। झुग्गीवासियों से वसूली योग्य राशि में से नगरीय निकाय केवल 22.13 करोड़ ही वसूल सके, जबकि मार्च 2025 तक 17.23 करोड़ की राशि वसूल नहीं की जा सकी। लाभार्थी ▶▶| शेष पेज 8 पर

**तीन नगर निगम और प्रेमनगर नगर पंचायत में गड़बड़ी**

कैग की जांच में बिलासपुर, रायपुर और कोरबा नगर निगम तथा प्रेमनगर नगर पंचायत सहित चार नगरीय निकायों में यह पाया गया कि 3 लाख से अधिक वार्षिक आय वाले 71 अपात्र लाभार्थियों को लाभार्थी-निर्माण और साझेदारी में किफायती आवास घटकों के अंतर्गत मकान आवंटित किए गए। इसके अलावा, 250 लाभार्थियों को 4.05 करोड़ की ▶▶| शेष पेज 8 पर











## तिरंगे में लिपटकर आया जवान का शव, पांच माह के बेटे ने दी मुखाग्नि



**गांव में शोक की लहर**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

दिल का दौरा पड़ने की वजह से सीआरपीएफ जवान की मौत हो गई। जवान के पांच माह के मासूम बेटे ने अपने पिता को मुखाग्नि दी। एक माह बाद जवान अपने इस नवजात शिशु का नामकरण संस्कार में घर आने वाला था। माता पिता के साथ पत्नी जवान के घर आने का दिन गिन रहे थे, लेकिन अचानक घटना से जवान का शव तिरंगे में लिपटकर घर आया। जिसके बाद जवान के शव को उसके गृह ग्राम लाकर विधि-विधान से अंतिम संस्कार किया गया।

आमाडुला निवासी सीआरपीएफ जवान देवनारायण दर्रो (27) मध्यप्रदेश के बालाघाट जिले के लांजी में ड्यूटी पर तैनात थे। मंगलवार को वे ▶▶| शेष पेज 8 पर

**बेटे के नामकरण संस्कार में आने की तैयारी थी**

दिवंगत जवान जनवरी में बेटे के नामकरण कार्यक्रम में शामिल होने के लिए छुट्टी पर घर आने वाले थे, लेकिन उससे पहले ही उनका पार्थिव शरीर गांव पहुंच गया। जिससे पूरे गांव में शोक का माहौल बन गया। मृतक जवान देवनारायण दर्रो का पांच माह का बेटा और ढाई साल की बेटी हैं। ग्रामीणों के अनुसार वे अपने परिवार में इकलौते बेटे थे।

INDIA'S 13th Private University with "UGC12(B)" | (Approved by UGC U/S 2(f) of the UGC Act-1956)

# SHRI RAWATPURA SARKAR UNIVERSITY

## RAIPUR, (C.G.)

## Celebrating the Success of Our Students

We are proud to announce our talented students have been successfully placed through campus placement drives




## Our Esteemed Recruiting Partners

HIRA, accenture, DECATHLON, Capgemini, TATA POWER, Johnson Lifts & Escalators, TOYOTA, Apollo Pharmacy, Evoke Technologies, BALCO Medical Centre, SAFINAT Group, Dr.Reddy's, KALYANI, UltraTech Cement, ELEATION, EY, lenskart, CorroHealth, policybazaar, Schindler, Ramkrishna CARE Hospitals, american chase, ICICI Bank, WINGS PHARMA, vedanta

## Facilities

- Affordable Fees
- Hostel Facility (AC / NON AC)
- Transport Facility
- 65 acre of lush green campus
- Quality education at affordable fees
- Best Clinical Facility available
- Nearest from Raipur Airport
- Scholarship for meritorious students
- Well Equipped Laboratories
- Indoor and outdoor sports
- Ragging free campus
- Well qualified and dedicated faculty
- Smart class rooms
- Wi-Fi campus
- Cafeteria
- Yoga Sessions
- GYM (Indoor / Outdoor)

## PROGRAMMES OFFERED

- **Arts** (B.A., M.A., B.Lib, M.Lib, Ph.D.)
- **Commerce & Management** (B. Com., M. Com., BBA, MBA, Ph.D.)
- **Education** (B.Ed, B.Ed-Special Edu., D.Ed-Special Edu., B.P.Ed, BPES, MPES, Ph.D.)
- **Engineering** (Diploma, B.Tech., M. Tech., Ph.D.)
- **Law** (BA. LL.B., B. Com. LL.B., LL.B., LL.M., Ph.D.)
- **Pharmacy** (D. Pharma, B. Pharma, M. Pharma, Ph.D.)
- **Science** (B.Sc., M.Sc., B. Optometry, M. Optometry, B.Sc. MLT, Ph.D.)

Visit our website
www.sruraipur.ac.in



7222910411 | Follow on : | NH-30, New Dhamtari Road, Raipur

बिलासपुर
गुरुवार, 18 दिसंबर 2025
पौष कृष्ण पक्ष चतुर्दशी
वर्ष : 25, अंक : 265
पृष्ठ : 12+10 = 22 मूल्य : 5.00***

मौसम
अधि. 29.0
न्यून. 11.8

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com



7 वरुण चक्रवर्ती ने टी20 रैंकिंग में ...

विचार पेज
2 नितिन नबीन की ताजपोशी के मायने




विधानसभा में अंतिम दिन वंदे मातरम पर चर्चा में सत्ता पक्ष और विपक्ष ने भाग लिया

# विधानसभा में गूंजा वंदे मातरम, रमन बोले- यह केवल गीत नहीं स्वतंत्रता आंदोलन की ऊर्जा है, महंत ने कहा- इतिहास को ना बिगाड़ें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ विधानसभा के शीतकालीन सत्र के चौथे दिन बुधवार को वंदे मातरम पर चर्चा हुई। इसके साथ ही सत्र का समापन हो गया।



वंदे मातरम पर सत्ता पक्ष और विपक्ष के सदस्यों ने इस पर अपने विचार रखे। इस दौरान देश की आजादी में वंदेमातरम की भूमिका को लेकर सत्तापक्ष और प्रतिपक्ष एक स्वर में बोलते नजर आए, लेकिन वंदे मातरम के पदों को काटने को लेकर आरोप प्रत्यारोप भी देखने मिला। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा, वंदे मातरम केवल गीत नहीं, स्वतंत्रता आंदोलन की ऊर्जा है। वहीं नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने कहा, कुछ लोग बोलते हैं इस गीत के नेहरूजी ने टुकड़े किए। वन्देमातरम देश के विभाजन का कारण बना, इतिहास न बिगाड़ें। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा, वंदे मातरम के जब 50 वर्ष पूरे हुए तब भारत अंग्रेजों की गुलामी में था। वंदे मातरम के 100 साल पूरे हुए तो देश पर आपातकाल थोपा गया। अब 150 वर्ष वंदे मातरम को पूर्ण हो रहे हैं, तो केंद्र में मोदी सरकार है, वंदे मातरम पर चर्चा इसलिए जरूरी है, क्योंकि आज हम नए युग की तरफ बढ़ रहे हैं। रमन सिंह ने ▶▶|शेष पेज 8 पर

खास खबर

### साय बोले- हर भारतीय के लिए गर्व का विषय



विशेष चर्चा में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने वंदेमातरम के ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और भावनात्मक महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि वंदे मातरम् देशप्रेम का वह जज्बा था जिसकी गूंज से ब्रिटिश हुकूमत तक कांप उठती थी। स्वतंत्रता संग्राम के दौरान यह उद्घोष करोड़ों भारतीयों के हृदय में साहस, त्याग और बलिदान की अग्नि प्रज्वलित करता रहा। उन्होंने कहा कि यह वही स्वर था जिसने गुलामी की जंजीरों को तोड़ने की शक्ति ▶▶|शेष पेज 8 पर

### आने वाली पीढ़ी को गलत रास्ता बता देंगे तो यह उचित नहीं : महंत



वंदे मातरम् पर चर्चा के दौरान नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत ने कहा, कुछ लोग बोलते हैं इस गीत के नेहरूजी ने टुकड़े किए। वन्देमातरम देश के विभाजन का कारण बना, इतिहास न बिगाड़ें। बच्चों को गलत इतिहास बता देंगे, तो यह उचित नहीं होगा। डॉ. महंत ने कहा, मैं बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय को प्रणाम करता हूं। उनके कारण यह गीत हमको मिला। गीत का उपयोग कर कुछ लोग भारत को बांटने में लगे हैं। नेहरूजी ने इस गीत के साथ पूरी ईमानदारी ▶▶|शेष पेज 8 पर

### मोदी ने देश को जोड़ने और आगे बढ़ाने का काम किया : साव



उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा, साहस का परिचय देकर वंदेमातरम की रचना हुई। जब तक भारत मां रहेगी वंदेमातरम का उद्घोष होगा। वंदेमातरम पर भी कुछ लोगों ने कुत्सित राजनीति की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश को जोड़ने और आगे बढ़ाने का काम किया। गृहमंत्री विजय शर्मा ने कहा, अगर वंदे मातरम की लाइन को नहीं हटाया गया रहता, तो भारत का विभाजन भी नहीं होता।

### राष्ट्र चेतना को मिलेगी नई ऊर्जा- कश्यप



संसदीय कार्य मंत्री केदार कश्यप ने कहा, देश की संसद के बाद छत्तीसगढ़ विधानसभा में भी वंदेमातरम पर चर्चा हुई। वंदे मातरम राष्ट्रीय चेतना का महामंत्र है। ऐसे में यही उम्मीद की जा सकती है, मां भारती की वंदना के गीत वंदेमातरम को सभी पक्ष धरातल पर सार्थक करते नजर आएं। तभी यह गीत सार्थक होगा और राष्ट्र चेतना को भी नई ऊर्जा मिलेगी।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### कार मकान में घुस जाने से दो युवकों की मौत

**बलिया।** उत्तर प्रदेश के बलिया जिले में एक बेकाबू कार एक मकान में घुस गयी, जिससे दो युवकों की मौत हो गई। हादसे में दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। सुखपुरा थाना क्षेत्र के धरहरा गांव में 16 दिसंबर को रात लगभग साढ़े 11 बजे एक कार अनियंत्रित होकर एक मकान में घुस गयी।

### 10 विद्यालयों को बम से उड़ाने की धमकी

**अहमदाबाद।** अहमदाबाद के 10 निजी विद्यालयों को ई-मेल के जरिए बुधवार को बम विस्फोट की धमकी मिली जो बाद में फर्जी साबित हुई। तलाशी के बाद विद्यालयों में कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला। इन विद्यालयों में दोपहर की पाली के लिए अवकाश घोषित कर दिया गया, क्योंकि ई-मेल सुबह की पाली समाप्त होने के बाद मिले।

### ईंट भट्ठे की चिमनी गिरने से चार मजदूरों की मौत

**अगरतला।** त्रिपुरा के धलाई जिले में बुधवार को एक ईंट भट्ठे की चिमनी गिरने से चार मजदूरों की मौत हो गई जबकि चार अन्य घायल हो गए। तीन मजदूरों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि एक ने अस्पताल में दम तोड़ दिया। फिलहाल घायलों का अस्पताल में इलाज कराया जा रहा है।कमलपुर इलाके में स्थित भट्ठे की बड़ी चिमनी श्रमिकों पर गिर गई।

खरगे बोले- गांधी परिवार को परेशान करने दर्ज कराया था मामला

# हेराल्ड पर संग्राम, देशभर में कांग्रेसी उबले, कई जगह पुलिस से झूमाझटकी

*नेशनल हेराल्ड मामले में प्रवर्तन निदेशालय द्वारा पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के खिलाफ की जा रही कार्रवाई के विरोध में बुधवार को देशभर में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जोरदार प्रदर्शन किया। कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने इसे राजनीतिक प्रतिशोध करार देते हुए केंद्र सरकार और केंद्रीय एजेंसियों के खिलाफ नारेबाजी की। छत्तीसगढ़ में कांग्रेस नेताओं ने जमकर प्रदर्शन किया।*



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली/रायपुर

नेशनल हेराल्ड मामले में कांग्रेस नेताओं सोनिया गांधी और राहुल गांधी के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय के आरोप पत्र को अदालत द्वारा खारिज किए जाने के बाद दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने बुधवार को केंद्र सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। विरोध प्रदर्शन यहां डीपीसीसी कार्यालय के सामने आयोजित किया गया, जहां बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता एकत्र हुए। दिल्ली कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने कहा कि पार्टी विपक्ष को चुप कराने के बार-बार किए जा रहे प्रयासों के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर रही है। उन्होंने कहा, यह लड़ाई लंबी होने वाली है। यह स्पष्ट हो गया है कि भाजपा सरकार लगातार विपक्ष की आवाज दबाने की कोशिश कर रही है। अदालत ने फर्जी प्राथमिकी को रद्द कर दिया है और स्पष्ट कर दिया है कि कोई घोटाला ▶▶|शेष पेज 8 पर

खास खबर



राजधानी रायपुर में भाजपा कार्यालय की ओर कूच करते हुए कांग्रेस नेता।

### पीएम मोदी-शाह से खरगे ने मांगा इस्तीफा

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने 'नेशनल हेराल्ड' मामले में सोनिया गांधी, राहुल गांधी और पांच अन्य के खिलाफ धन शोधन को लेकर प्रवर्तन निदेशालय के आरोप पत्र पर संज्ञान लेने से अदालत द्वारा इनकार किए जाने का हवाला देते हुए बुधवार को कहा कि अब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह को इस्तीफा दे देना चाहिए। खरगे ने यह आरोप भी लगाया कि यह मामला गांधी परिवार को परेशान करने के लिए राजनीतिक प्रतिशोध के तहत दर्ज कराया गया है।

### भाजपा कार्यालय के गेट पर तनावपूर्ण स्थिति

रांची में भाजपा कार्यालय पहुंचने के बाद कांग्रेस कार्यकर्ता मुख्य गेट पर डट गए और विरोध जताते हुए गेट का ताला तोड़ने की कोशिश की। हालांकि पुलिस की सतर्कता के कारण वे कार्यालय परिसर के भीतर प्रवेश नहीं कर सके। बाद में पुलिस ने समझा-बुझाकर स्थिति को नियंत्रित किया।

### सिंघवी ने केंद्र सरकार पर लगाए आरोप

कांग्रेस नेता और वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक सिंघवी ने कहा कि 'नेशनल हेराल्ड' मामला इस बात का प्रमाण है कि मोदी सरकार कैसे जांच एजेंसियों का दुरुपयोग करती है। उन्होंने कहा, न्यायाधीश ने कहा कि आपने अनुच्छेद 5 की शर्त को पूरा नहीं किया। सिर्फ एजेंसी ही ये प्राथमिकी दर्ज कर सकती थी, जो नहीं की गई।

### रायपुर में पुलिस ने रोका, झूमाझटकी महंत, भूपेश, बैज गरजे

रायपुर। नेशनल हेराल्ड मामले को लेकर कांग्रेस ने आज देशव्यापी विरोध प्रदर्शन किया। इसी कड़ी में राजधानी रायपुर में भी कांग्रेस ने भाजपा के खिलाफ बड़ा प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान बड़ी संख्या में कांग्रेस नेता और कार्यकर्ता भाजपा कार्यालय की ओर कूच करने लगे, लेकिन बड़ी मौके पर तैनात पुलिस बल ने उन्हें बीच रास्ते में ही रोक दिया। भाजपा कार्यालय की ओर बढ़ रहे कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं को पुलिस ने बैरिकेडिंग कर रोक दिया। पुलिस बल और कांग्रेस कार्यकर्ताओं के बीच इस दौरान जमकर झूमाझटकी हुई। कांग्रेस का आरोप है कि नेशनल हेराल्ड मामले में भाजपा का षड्यंत्र अब बेनकाब हो चुका है, इसी के विरोध में यह प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज, नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल सहित कई वरिष्ठ नेता शामिल हुए। पूर्व मंत्री, विधायक और बड़ी संख्या में कांग्रेस के पदधिकारी, कार्यकर्ता शामिल हुए। उन्होंने भाजपा पर साजिश का आरोप लगाते हुए जमकर हमला किया।

# नौ टोल प्लाजा बंद करें, पुराने वाहनों पर लें सकेंगे एक्शन

## दिल्ली प्रदूषण पर सुप्रीम कोर्ट सख्त, सरकार को दिए निर्देश

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

देश की राजधानी और एनसीआर गैस चैंबर बन चुके हैं। सांस लेना दूभर हो गया है। इस बीच, सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को एक बड़ा कदम उठाया है। कोर्ट ने दिल्ली के बॉर्डर पर लगने वाले जाम को प्रदूषण की एक बड़ी वजह माना है। इसे खत्म करने के लिए सुप्रीम कोर्ट ने नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया और दिल्ली नगर निगम को सख्त निर्देश दिए हैं। कोर्ट ने कहा है कि दिल्ली के 9 एंट्री पॉइंट्स पर मौजूद टोल प्लाजा को या तो शिफ्ट किया जाए या फिर अस्थायी तौर पर बंद कर दिया जाए। चीफ जस्टिस सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली बेंच ने एमसीडी को फैसला लेने के लिए सिर्फ एक हफ्ते का समय दिया है। इधर, कोर्ट ने अपने पुराने फैसले में बदलाव करते हुए बीएस-4 से पुराने वाहनों के रोक पर सहमति दे दी। सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई के दौरान सख्त टिप्पणी की। कोर्ट को बताया गया कि एमसीडी द्वारा टोल वसूलने के कारण बॉर्डर पर गाड़ियां घंटों फंसी रहती हैं। हजारों गाड़ियां जब एक साथ खड़ी होकर इंजन चालू रखती हैं, तो उससे निकलने वाला धुआं प्रदूषण को कई गुना बढ़ा देता है। सीजेआई सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्या बागची और जस्टिस विपुल पंचोली की बेंच ने इसे गंभीरता से लिया। कोर्ट ने कहा कि हमें कागजी प्रोटोकॉल नहीं चाहिए, बल्कि व्यावहारिक और जमीनी समाधान चाहिए।

### स्कूल खोलने से इंकार

सुनवाई के दौरान स्कूलों को बंद करने का मुद्दा भी गरमाया। सीनियर एडवोकेट मेनका गुरुस्वामी ने दलील दी कि स्कूल बंद होने से गरीब बच्चों का सबसे ज्यादा नुकसान हो रहा है। उन्हें मिड-डे मील नहीं मिल पा रहा है। इस पर सीजेआई ने कहा कि कोर्ट 'सुपर स्पेशलिस्ट' नहीं बन सकता। विशेषज्ञों ने अगर स्कूल बंद करने का फैसला लिया है तो हम उसमें दखल नहीं देंगे। वैसे भी विंटर वैकेशन आने ही वाला है, इसलिए अभी कोई छेड़छाड़ नहीं की जाएगी। कोर्ट ने साफ कर दिया कि बच्चों की सेहत के साथ समझौता नहीं किया जा सकता।

### संसद में चर्चा के लिए सरकार तैयार

दिल्ली-एनसीआर के साथ ही देश के बड़े शहरों में वायु प्रदूषण लगातार बढ़ रहा है। अब सरकार इस मुद्दे पर सदन में चर्चा के लिए तैयार हो गई है। वायु प्रदूषण के मुद्दे पर गुरुवार को सदन में चर्चा होगी। सदन में यह चर्चा नियम 193 के तहत की जाएगी। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि सरकार इस पर चर्चा करने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि बहस का ढांचा तय किया जाएगा।

### पुराने वाहनों पर होगी कार्रवाई

सुप्रीम कोर्ट ने उन पुराने वाहनों के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई करने की अनुमति दी जो भारत स्टेज-4 (बीएस-4) उत्सर्जन मानकों को पूरा नहीं करते हैं। पीठ ने उच्चतम न्यायालय के 12 अगस्त के उस आदेश में संशोधन किया, जिसमें 10 साल से अधिक पुराने डीजल वाहनों और 15 साल से अधिक पुराने पेट्रोल वाहनों के मालिकों के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई पर पूर्णतः रोक लगा दी गई थी।

# भाजपा ने छत्तीसगढ़ की महिला जिला अध्यक्षों की कार्यकारिणी घोषित की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भाजपा ने संगठनात्मक नियुक्ति करते हुए महिला जिला अध्यक्ष और जंबो कार्यकारिणी की घोषणा की है। साथ ही भाजयुमो कार्यकारिणी की भी घोषणा कर दी गई है।

- 29 महिला अध्यक्षों की नियुक्ति के आदेश जारी

वहीं जिलों में भाजयुमो अध्यक्ष और महामंत्रियों की नियुक्ति की गई है।

प्रदेश अध्यक्ष किरण देव की सहमति से मुख्यालय प्रभारी और प्रभारी महामंत्री नवीन मारकंडे ने सूची जारी कर दी है। भाजपा महिला मोर्चा के 29 जिलों में महिला अध्यक्षों की घोषणा की गई है। जारी सूची में रायपुर शहर से कृतिका जैन और रायपुर ग्रमीण से रश्मि वर्मा को अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। बलौदाबाजार सुनीता वर्मा, गरियाबंद से बिंदु सिन्हा, महासमुंद से स्मिता चंद्राकर, धमतरी से अनिता यादव, भिलाई से स्वीटी कौशिक, दुर्ग से तृप्ति चंद्राकर, बेमेतरा से प्रज्ञा निर्वाणी, बालोद से सोमा दुवानी, मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी से संगीता मिश्रा, खैरागढ़-गंडई-छुईखदान से उमा चौबे, ▶▶|शेष पेज 8 पर"

कई महत्वपूर्ण बदलाव, खाते पर लिया जा सकेगा कर्ज

# एनपीएस से अब निकाल सकेंगे 80 फीसदी राशि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

पेंशन कोष नियामक पीएफआरडीए ने राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (एनपीएस) के निकासी और सेवानिवृत्ति संबंधी प्रावधानों में कई महत्वपूर्ण बदलाव किए हैं। इसके तहत अब गैर-सरकारी अंशदाता पेंशन कोष में जमा कुल राशि का अधिकतम 80 प्रतिशत हिस्सा निकासी के समय निकाल सकते हैं। पहले फंड निकासी की सीमा 60 प्रतिशत थी, जबकि शेष 40 प्रतिशत राशि को नियमित पेंशन (एन्यूटी) खरीदने के लिए उपयोग करना पड़ता था। पेंशन कोष विनियामक एवं विकास प्राधिकरण (पीएफआरडीए) की तरफ से जारी एनपीएस निकासी संशोधन नियम 2025 में यह महत्वपूर्ण बदलाव किया गया है। इसके मुताबिक, अब एक निश्चित सीमा तक कर्ज लेने के लिए एनपीएस ▶▶|शेष पेज 8 पर"




### चार बार आंशिक निकासी

अब ग्राहक को चार बार आंशिक निकासी की अनुमति होगी लेकिन हरेक निकासी के बीच कम-से-कम चार साल का अंतराल रखना जरूरी होगा। पहले केवल तीन बार आंशिक निकासी की ही मंजूरी थी। वहीं, 60 वर्ष की सेवानिवृत्ति आयु के बाद आंशिक निकासी तीन बार की जा सकेगी और हरेक निकासी के बीच न्यूनतम तीन वर्ष का अंतर रखना होगा। नियामक ने नियमित पेंशन (एन्युटी) के निर्धारित हिस्से को 20 प्रतिशत पर लाकर एनपीएस ग्राहकों को यह सुविधा दी है कि वे अपने जमा किए हुए कोष का इस्तेमाल अपनी जरूरत और इच्छा के हिसाब से कर सकें।

### आयु सीमा अब 85 वर्ष

नए नियमों के तहत, एनपीएस में अब खाते से निकासी की उम्र सीमा को भी बढ़ाकर 85 वर्ष कर दिया गया है जो पहले 70 वर्ष था। संशोधित नियमों के मुताबिक, पेंशन कोष आठ लाख रुपये से कम होने की स्थिति में ग्राहक पूरी राशि को एकमुश्त निकाल सकते हैं। अगर वे चाहें तो इसे व्यवस्थित एकबारगी निकासी, व्यवस्थित यूनिट भुगतान या पीएफआरडीए द्वारा मंजूर अन्य विकल्पों के माध्यम से भी निकाल सकते हैं। पेंशन कोष विनियमक की तरफ से जारी नए नियम गजट में इसके प्रकाशन की तारीख से प्रभावी हो जाएंगे।

चेयरमैन अग्रवाल ने कहा

# विभाजन के बाद हरेक कंपनी बनेगी वेदांता

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



खनन से लेकर धातु तक सक्रिय वेदांता लिमिटेड के चेयरमैन अनिल अग्रवाल ने बुधवार को कहा कि विभिन्न कारोबारों के विभाजन को पूरा करने के लिए मार्च, 2026 तक लक्ष्य रखा गया है, जिसके बाद पांच स्वतंत्र, सूचीबद्ध और विशेष क्षेत्र आधारित कंपनियां वजूद में आ जाएंगी। अग्रवाल ने बातचीत में कहा कि कारोबार विभाजन वेदांता के हरेक व्यवसाय को बढ़ने का मौका देगा और हरेक नवगठित कंपनी अपनी मूल कंपनी के बराबर होने की क्षमता रखेगी। राष्ट्रीय कंपनी कानून न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) ने एक दिन पहले ही वेदांता की कारोबार विभाजन योजना को मंजूरी दी है। इस योजना के तहत बुनियादी धातु कारोबार वेदांता लिमिटेड के पास ही रहेगा जबकि वेदांता एल्युमिनियम, तलवंडी साबो पावर, वेदांता स्टील एंड आयरन और माल्को एनर्जी अन्य चार स्वतंत्र कंपनियां होंगी। अग्रवाल ने कहा, वेदांता बरगद के एक ▶▶|शेष पेज 8 पर

### 48 हजार करोड़ रुपए का कर्ज

वेदांता चेयरमैन ने कहा कि कंपनी का कुल ऋण लगभग 48,000 करोड़ रुपए है, जिसे कारोबार विभाजन के बाद हरेक नई कंपनी के नकदी प्रवाह के हिसाब से बांटा जाएगा। विभिन्न व्यवसायों की योजनाओं का जिक्र करते हुए अग्रवाल ने कहा कि तांबा और चांदी का उत्पादन बढ़ाया जाएगा, एल्युमिनियम क्षमता दोगुनी की जाएगी और तेल एवं गैस उत्पादन को अगले चार-पांच वर्षों में 10 लाख बैरल प्रतिदिन तक बढ़ाने का लक्ष्य है।

## चिंतन

# दम घोंटता प्रदूषण सबसे गंभीर चुनौती

सर्दी और कोहरे के बढ़ते ही प्रदूषण ने भी लोगों की सांसों पर संकट खड़ा कर दिया है। यह तिहरी मार लोगों को परेशान कर रही है। यह केवल भारत के लिए ही नहीं, बल्कि पूरी दुनिया के लिए गंभीर चुनौती पेश कर रहा है। दिल्ली-एनसीआर में प्रदूषण खतरनाक स्तर पर है। देश की राजधानी गैस चैंबर बनी हुई है। लोगों को कहीं भी राहत नहीं मिल रही। दिल्ली का एक्यूआई बुधवार को 385 दर्ज किया गया। वहीं, एयर क्वालिटी मापने वाली स्विस कंपनी आईक्यूएयर के मुताबिक दिल्ली दुनिया का तीसरा सबसे प्रदूषित शहर रहा, पहले स्थान पर पाकिस्तान का लाहौर (425 एक्यूआई) और दूसरे पर बोस्निया का सारायेवो (406 एक्यूआई) रहे। दम घोंटता प्रदूषण आज के समय की सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक है। यह न केवल हमारे पर्यावरण को नुकसान पहुंचा रहा है, बल्कि हमारे स्वास्थ्य और आर्थिक विकास को भी प्रभावित कर रहा है। हालांकि सरकारों ने प्रदूषण को कम करने के लिए कई कदम उठाए, लेकिन सभी प्रयास नाकाफी साबित हो रहे हैं। धूल, धुएं और कोहरे से बनी लेयर ने दृश्यता कमजोर कर दी है। इसके कारण सांस की बीमारियां (अस्थमा, ब्रोंकाइटिस), हृदय रोग, और फेफड़ों के कैंसर बढ़ रहे हैं, जिससे बच्चों और बुजुर्गों पर सबसे बुरा असर पड़ रहा है। वहीं, लाखों लोग आंखों में जलन और अन्य बीमारियों की शिकायत करते देखे जा रहे हैं। भारत में हर साल लाखों लोगों की जान प्रदूषण के कारण जा रही है। केंद्र और दिल्ली सरकार ने प्रदूषण कम करने के लिए कई कड़े कदम उठाए हैं। इनमें सभी सरकारी और प्राइवेट दफ्तरों में 50% कर्मचारियों के लिए वर्क फ्रॉम होम नियम लागू करना, 16 दिनों तक ग्रेडेड रिस्पॉन्स एक्शन प्लान का तीसरा फेज, (ग्रैप-3) लागू रहा। अब ग्रैप-4 लागू किया जा रहा है। इसके तहत दूसरे राज्यों के भारी वाहनों की दिल्ली में एंट्री बंद रहेगी। इसके अलावा पेट्रोल पंपों पर बिना प्रदूषण कंट्रोल सर्टिफिकेट (पीयूसी) वाले वाहनों को फ्यूल नहीं दिया जाएगा। दिल्ली के भीतर निर्माण कार्यों पर रोक रहेगी। निर्माण सामग्री के परिवहन पर भी रोक रहेगी। निर्माण सामग्री का परिवहन करते वाहनों पर भारी जुर्माना लगाया जाएगा। कूड़े के ढेर में आग नहीं लगाना, खेल गतिविधियों को बंद करना आदि उपाय शामिल हैं, लेकिन इन सबके बावजूद सार्थक परिणाम सामने नहीं आ रहे हैं। वायु प्रदूषण के बड़े कारणों में वाहनों और उद्योगों से निकलने वाला धुआं, पराली जलाना, औद्योगिक कचरे, सीवेज, प्लास्टिक कचरा, रासायनिक उर्वरक, कीटनाशक आदि प्रमुख हैं। प्रदूषण रोकने के लिए ठोस रणनीति बनानी होगी, नियमों को सख्ती से लागू करना होगा। सरकारों, अदालतों को सख्त निर्देश जारी करने होंगे और जनता को जागरूक होना होगा। पराली जलाने, वाहनों के धुएं, औद्योगिक उत्सर्जन जैसे सभी स्रोतों पर तत्काल और साल भर के उपाय करने होंगे, न कि सिर्फ़ सर्दियों में राजनीति करनी होगी, क्योंकि मौजूदा रवैया अक्षम है और केवल आरोप-प्रत्यारोप से बात नहीं बनेगी, बल्कि ठोस नीति ज़रूरी है। सरकार, प्रशासन और जनता की जवाबदेही तय करनी होगी, तभी हम प्रदूषण के खिलाफ सख्त कदम उठा पाएंगे। बता दें कि प्रदूषण एक गंभीर चुनौती है, जिसका समाधान हमें मिलकर निकालना होगा। हमें प्रदूषण के कारणों को समझना होगा और प्रदूषण नियंत्रण के उपायों को अपनाना होगा। हमें अपने पर्यावरण को स्वच्छ और स्वस्थ बनाने के लिए भी काम करना होगा, ताकि हम एक बेहतर भविष्य की ओर बढ़ सकें।

# नितिन नबीन की ताजपोशी के मायने



सियासत
उमेश चतुर्वेदी

**राजनीति में युवाओं को शीर्ष पर बैठाने की परंपरा कम ही रही है, लेकिन बीजेपी ने 45 साल के नितिन नबीन को अपना बॉस घोषित कर दिया है। नितिन को फिलहाल पार्टी ने अपना कार्यकारी अध्यक्ष बनाया है, ऐसा माना जा रहा है कि अगले साल उन्हें पूर्णकालिक अध्यक्ष के तौर पर चुन लिया जाएगा। 1959 में जब दिग्गज नेताओं के रहते हुए कांग्रेस ने तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू की बेटी इंदिरा गांधी को अध्यक्ष बनाया, तब इंदिरा की उम्र महज 42 साल थी। अध्यक्ष बनने के छह साल बाद ही इंदिरा गांधी देश की प्रधानमंत्री बन गई थीं। सत्ताधारी बीजेपी ने 45 साल के नितिन पर भरोसा जताया है। नितिन आगे और कितनी ऊंचाई पर जाएंगे, यह देखने के लिए इंतजार करना होगा।**

नरेंद्र मोदी के दौर की बीजेपी का जब इतिहास लिखा जाएगा, तब उसकी तमाम खूबियों और खामियों के साथ एक तथ्य को शिद्दत से याद किया जाएगा। वह है पार्टी का हर बार चौंकाने वाला फैसला लेना। राजनीति के लिहाज से 45 साल की उम्र युवा मानी जाती है। राजनीति में युवाओं को शीर्ष पर बैठाने की परंपरा कम ही रही है, लेकिन बीजेपी ने 45 साल के नितिन नबीन को अपना बॉस घोषित कर दिया है। नितिन को फिलहाल पार्टी ने अपना कार्यकारी अध्यक्ष बनाया है, ऐसा माना जा रहा है कि अगले साल जनवरी के आखिर तक उन्हें पूर्णकालिक अध्यक्ष के तौर पर चुन लिया जाएगा। नितिन की ताजपोशी पर चर्चा से पहले बीजेपी से ही जुड़े अतीत के एक किस्से को याद कर लिया जाना चाहिए। मई 1996 में तेरह दिनी वाजपेयी सरकार के विश्वासमत पर चर्चा के दौरान सुषमा स्वराज ने कांग्रेस के तत्कालीन नेतृत्व से पूछा था, कहां है आपकी सेकंड लाइन ऑफ लीडरशिप। हमारी ओर देखिए, वेंकैया हैं, अनंत हैं, प्रमोद हैं। अटल-आडवाणी और जोशी के दौर की बीजेपी में बिना शक ये तीनों ही नाम शीर्ष नेतृत्व में शामिल थे। पार्टी की दूसरी पांत के नेताओं में सुषमा के बताए तीन नामों के साथ ही उनका भी नाम भी शामिल था। बाद के दिनों में अरूण जेटली को भी इसी पंक्ति में शामिल कर लिया गया था। ऐसे में यह सवाल पूछा जा सकता है कि क्या नितिन नबीन का नाम दूसरी पंक्ति के नेताओं में शुमार होता है। निश्चित तौर पर इसका जवाब ना में है। भले ही वे पांच बार के विधायक हों, लेकिन राष्ट्रीय स्तर पर उनका नाम इतना चर्चित नहीं रहा है। बीजेपी के मुख्य संगठन में छत्तीसगढ़ के प्रभार की जिम्मेदारी छोड़ दें तो इसके पहले कोई बड़ी भूमिका भी नहीं सौंपी गई थी। भारतीय जनता युवा मोर्चा की बिहार इकाई के वे अध्यक्ष और इसी मोर्चे के राष्ट्रीय महामंत्री जरूर रहे हैं। युवा मोर्चा संभालना और मुख्यधारा के संगठन को संभालना अलग-अलग है। ऐसे में नवीन के सामने बड़े और दिग्गज नेताओं से भरी बीजेपी को संभालना बड़ी चुनौती होगी। वैसे बीजेपी कैडर आधारित पार्टी है, लिहाजा यह भी माना जा सकता है कि उन्हें ज्यादा दिक्कत नहीं होनी है।

बीजेपी के जानकारों का तर्क है कि नितिन नबीन को राष्ट्रीय भूमिका देकर पार्टी ने एक तरह से पीढ़ीगत बदलाव की शुरुआत की है। माना जा रहा है कि आने वाले दिनों में बीजेपी में और भी युवा चेहरों को मौका मिलेगा। वैसे देखा जाए तो आजकल बीजेपी में युवाओं और महिलाओं पर जोर है। हालिया बिहार विधानसभा के चुनाव प्रचार में नरेंद्र मोदी एमवाई का नया विश्लेषण युवा और महिला के रूप में कर ही चुके हैं। वैसे भी वे गरीब, किसान, महिला और जवान की जाति का अक्सर जिक्र करते हैं। कह सकते हैं कि नितिन नबीन भाजपा की इसी नई वर्ग व्यवस्था के सशक्त प्रतीक हैं। हाल के दिनों में बीजेपी में पिछड़ा नेतृत्व पर कुछ ज्यादा ही फोकस किया गया। इससे बीजेपी का पारंपरिक सवर्ण वोट बैंक दबे स्वर से नाराजगी भी जाहिर करता रहा है। विराट उभार से पहले बीजेपी को बाभन-बनिया की पार्टी भी कहा जाता था। इसमें कायस्थ और किंचित क्षत्रिय वर्ग भी जुड़ा हुआ था। नितिन नबीन इन्हीं में से एक कायस्थ वर्ग से आते हैं। वैसे बिहार विधानसभा चुनाव के दौरान पाटलिपुत्र से कायस्थ उम्मीदवार ना देने की वजह से



बीजेपी का कायस्थ वोटर किंचित नाराज भी दिखा था। इस संदर्भ को देखते हुए एक वर्ग कह रहा है कि नितिन को केंद्रीय नेतृत्व सौंपकर बीजेपी ने अपने पारंपरिक सवर्ण मतदाता वर्ग को साधने की कोशिश की है। वैसे कुछ लोगों का यह भी मानना है कि नितिन नबीन की ताजपोशी आगामी पश्चिम बंगाल चुनाव को भी ध्यान में रखकर की गई है। पश्चिम बंगाल की राजनीति में लंबे समय तक कायस्थ समाज का दबदबा रहा है। राज्य के सबसे लंबे समय तक मुख्यमंत्री रहे ज्योति बसु और पहले मुख्यमंत्री विधानचंद्र रॉय इसी समुदाय से थे। ज्योति बसु जहां 23 साल तक मुख्यमंत्री रहे, वहीं विधानचंद्र रॉय के हाथ 14 साल तक राज्य की कमान रही। नितिन नबीन के जरिए बंगाल के इस वर्ग के वोटरों को भी पार्टी ने बड़ा संदेश दिया है। नितिन नबीन को नेतृत्व सौंपे जाने को लेकर कुछ महीने पहले राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से भाजपा को मिले संकेतों का भी जिक्र किया जा रहा है। संघ ने बीजेपी को संकेत दिया था कि पिछड़े-दलित आदि को शासन और प्रशासन से मिले फायदों का जिक्र भले ही करें, लेकिन संगठन के मामलों में जातीय आधार पर फैसले ना लें। संघ का पार्टी को यह भी संकेत था कि वह संगठन की भूमिकाएं तय करते वक्त कार्यकर्ताभाव और उसकी संगठन क्षमता और निष्ठा को देखें। नितिन नबीन की नियुक्ति को इस निकष पर भी कसा जा सकता है। नबीन पार्टी के पुराने कार्यकर्ता हैं। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद में सक्रिय रहे हैं। संगठन ने जो भी भूमिका सौंपी, उसे संगठन के लिहाज से पूरा करने की कोशिश की है। छत्तीसगढ़ राज्य में बीजेपी की पिछली जीत ने उनके संगठन कौशल की ओर झांकने का मौका दिया। कह सकते हैं कि उनकी नियुक्ति के पीछे ये भी कारण रहे होंगे। हालांकि आलोचक कह सकते हैं कि नितिन की तुलना में संगठन में खुद को खपाने वाले बहुत लोग अब भी सक्रिय हैं। फिर उन्हें क्यों नहीं मौका मिलना चाहिए। यह तर्क वाजिब हो सकता है, लेकिन यह भी सच है कि राजनीतिक फैसले लेते वक्त कई बिंदुओं पर ध्यान दिया जाता है। बीजेपी अक्सर दावा करती है कि वह पढ़े-लिखे लोगों को तवज्जो देती है। बिहार विधानसभा चुनावों के दौरान कुछ विपक्षी दलों के प्रवक्ताओं की उनकी आक्रामक और बदतमीज व्यवहार के चलते आलोचना की थी। तब उसने अपने पढ़े-लिखे प्रवक्ताओं पर जोर दिया था। इस आधार पर नितिन नबीन को लेकर बीजेपी असहज हो सकती है।

विपक्षी कह सकते हैं कि पार्टी को अपने अध्यक्ष के लिए पढ़ा-लिखा कार्यकर्ता नहीं मिला। दरअसल, नितिन महज बारहवीं पास ही हैं। बीजेपी अक्सर वंशवाद का विरोध करती है। तकरीबन हर मंच पर वह इसके खिलाफ आवाज उठाती है। जब पार्टी के अंदर के वंशवाद पर विपक्षी खेमे से सवाल उठता रहा, तब पार्टी का तर्क होता था कि शीर्ष पर उसके यहां वंशवाद नहीं रहा। नितिन के संदर्भ में वह क्या जवाब देगी, यह देखना महत्वपूर्ण रहेगा, क्योंकि नितिन के पिता नवीन किशोर सिन्हा बिहार बीजेपी के कद्दावर नेता रहे हैं। बिहार में बीजेपी को खड़ा करने वाले नेताओं में नवीन किशोर का योगदान माना जाता रहा है। आखिर में एक और तथ्य की ओर ध्यान दिया जाना चाहिए। 1959 में जब दिग्गज नेताओं के रहते हुए भी कांग्रेस ने तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू की बेटी इंदिरा गांधी को अध्यक्ष बनाया, तब इंदिरा की उम्र महज 42 साल थी। अध्यक्ष बनने के सिर्फ छह साल बाद ही इंदिरा गांधी देश की प्रधानमंत्री बन गई थीं। ठीक 66 साल बाद आज की सत्ताधारी बीजेपी ने पैंतालिस साल के नितिन नबीन पर भरोसा जताया है। नितिन आगे और कितनी ऊंचाई पर जाएंगे, यह देखने के लिए इंतजार करना होगा।

*(लेखक वरिष्ठ पत्रकार और राजनीतिक समीक्षक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)*

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।


## जयंती विशेष

डॉ. संजय शुक्ला



# मानवता के अग्रदूत बाबा गुरु घासीदास

नैतिक मूल्यों के क्षरण के वर्तमान दौर में मानव समाज अनेक प्रकार के विसंगतियों से जूझ रहा है। मानव सभ्यता के विभिन्न कालखंडों पर गौर करें तो आज मनुष्य सामाजिक और सांस्कृतिक तौर पर काफी विकसित हो चुका है। विकास की अंधाधुंध दौड़ में मानव समाज नैतिक और सामाजिक मूल्यों को तिरोहित करने लगा है। मनुष्य भले ही आज बौद्धिक तौर पर विकसित हो रहा है लेकिन उसमें मानवीय मूल्यों का लगातार हास हो रहा है जिसका दुष्प्रभाव देश और समाज में परिलक्षित हो रहा है। यह अतिश्योक्ति नहीं होगी कि वर्तमान संक्रमण काल में बाबा गुरु घासीदास के संदेश सर्वाधिक प्रासंगिक हैं। छत्तीसगढ़ में अनेक विभूतियां अवतरित हुई है जिन्होंने अंचल में आध्यात्मिक और सांस्कृतिक चेतना जागृत की इन्हीं विभूतियों में से एक बाबा गुरु घासीदास थे जिनका जन्म 18 दिसंबर 1756 में छत्तीसगढ़ के गिरौदपुरी में हुआ। उनके पिता का नाम मंहगूदास तथा माता का नाम अमरौतिन था। बाबा गुरु घासीदास में अलौकिक सत्वज्ञान था, उन्होंने सतनामी समाज को रचनात्मक दिशा प्रदान की। जनश्रुतियों के अनुसार साधु प्रवृत्ति के बाबा गुरु घासीदास में बाल्यकाल से ही अलौकिक शक्ति थी। उनका विवाह छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध बौद्ध पुरातत्विक नगरी सिरपुर के अंजोरीदास एवं सत्यवती की सुपुत्री सफुरा बाई से हुआ था लेकिन उन्होंने 40 साल के उम्र में ही गृहस्थ जीवन त्याग दिया था।




सतनाम के मुख्य आधार 'सत्य' के प्रत्यक्ष साक्षात्कार के हेतु बाबा गुरु घासीदास छातागढ़ पहाड़ के औंरा- धौरा पेड़ के नीचे ध्यानस्थ हुए। कठिन तपस्या के बाद बाबा गुरु घासीदास में चमत्कारिक शक्ति का अभ्युदय हुआ और इस शक्ति के जरिए ही वे सतनाम के उन्नायक बनकर अपने जीवन को समाज सुधार और जनकल्याण के लिए समर्पित कर दिया। समाज सुधार और जनकल्याण का लक्ष्य लेकर बाबा गुरु घासीदास ने छत्तीसगढ़ में लगातार यात्राएं की जिसे 'रावटी' की संज्ञा दी गई। इसी रावटी के जरिए उन्होंने अपने अनुयायियों के साथ छत्तीसगढ़ के बस्तर के चिरईपदर, कांकेर, राजनांदगांव के डोंगरगढ़, पानाबरस - मोहला, गंडई, कवर्धा के भोरमदेव और बिलासपुर के दलहा- पोंड़ी की यात्राएं की।

बाबा गुरु घासीदास रावटी के दौरान सरल छत्तीसगढ़ी भाषा में उपदेश देते थे। वे अपने उपदेश में लगातार लोगों को पाखंड - अंधविश्वास और मूर्ति पूजा से दूर रहने, पशु बलि बंद करने और शराब तथा मांसाहार का प्रतिषेध करने की बात करते थे। उनके उपदेशों और सतोपदेश का प्रभाव इतना था कि अन्य समाज और संप्रदाय के लोग उनसे दीक्षा लेकर शिष्य बनने लगे। उनके विचारों और उपदेशों का प्रभाव चहुंओर फैलने लगा जिसके कारण अनेक मंदिरों में पशु बलि प्रथा बंद हो गई। बाबा गुरु घासीदास के अध्यात्मिक ख्याति और समाज सुधारक कार्यों से तत्कालीन सामंतवादियों की चूलें हिलने लगी। इन तत्वों ने उनके रावटियों को बाधा पहुंचाने की भरसक कोशिश की लेकिन सत्य और न्याय के रास्ते चलने वाले बाबा गुरु घासीदास जरा भी विचलित नहीं हुए। सतनाम के ध्वजवाहक बाबा गुरु घासीदास ने भंडारपुरी को अपना कर्मस्थली निश्चित किया और वहां गुरूद्वारा बनाकर जैतखंभ स्थापित किया। इस प्रकार भंडारपुरी भी आस्था के केंद्र के रूप स्थापित हुआ। इतिहासकारों के मुताबिक बाबा गुरु घासीदास का निर्वाण 20 फरवरी 1850 माना गया है। 'मनखे-मनखे एक समान' के सिद्धांत वाले बाबा गुरु घासीदास के संदेश आज इक्कीसवीं सदी में ज्यादा प्रासंगिक है। बाबा गुरु घासीदास के संदेश में जातिगत भेदभाव, सामाजिक असमानता, नारी स्वतंत्रता और स्वालंबन, अंधविश्वास और रूढ़िवाद निर्मूलन, व्यसन और मांसाहार त्याग, जीवदया, दलित उद्धार , जल संरक्षण के भाव निहित हैं। सतनाम के प्रवर्तक बाबा गुरु घासीदास ने इस पंथ के लिए सात सिद्धांत 'सतनाम को मानो, मूर्तिपूजा मत करो, जीव हत्या मत करो, परस्त्री गमन निषेध, शराब मत पियो, दोपहर में खेत मत जोतो और वर्ण भेद दूर करो' निर्धारित किया। सतनाम के इन सिद्धांतों पर गौर करें तो इसमें एक ओर जहां भारतीय दर्शन और धर्म का सारांश निहित है वहीं इन सिद्धांतों में जैन धर्म के भगवान महावीर और संत कबीरदास के दर्शन का सार भी समाहित है।

बाबा गुरु घासीदास ने उपरोक्त सिद्धांतों के साथ ही उनके द्वारा संकलित 42 सतोपदेश यानि सत्य उपदेश में जीवन का सार निहित है। उनके सतोपदेश में मनुष्य के लौकिक एवं इहलौकिक उद्धेश्यों की पूर्ति के साथ वैयक्तिक आचरण, अनुशासन, समाज सुधार, लोकाचार के यथार्थ पूर्ण उद्धेश्य समाहित हैं। इन सतोपदेशों पर गौर करें तो इसमें सत्य को परखने और इसे आत्मसात करने का पथप्रदर्शन है। इन उपदेशों में अंधविश्वास और रूढ़िवाद का त्याग, क्रोध, चुगली, निंदा और भ्रम का त्याग, धरती और तालाब का संरक्षण, जुआ और चोरी का परित्याग, पशु बलि और मूर्ति पूजा का निषेध, सात्विक भोजन, स्त्री समानता, संतों का सम्मान, मेहनत से धन उपार्जन, अतिथि सत्कार का निर्देश है। उनके उपदेशों में कुंआ और तालाब संरक्षण जैसे दूरदर्शी विचार हैं तो दूसरी ओर मंदिरों की जगह धर्मशाला निर्माण के लिए प्रेरणा है।

अक्षर ज्ञान नहीं होते हुए भी बाबा गुरु घासीदास के वचनों में व्यवहारिक ज्ञान और विद्धतापूर्ण भाव निहित हैं लिहाजा बाबा गुरु घासीदास के संदेश सिर्फ सतनामी समाज ही नहीं वरन सर्व समाज के लिए पथ-प्रदर्शक है। बहरहाल बाबा गुरु घासीदास के संदेश और सिद्धांत में 'बहुजन हिताय, बहुजन सुखाय' का मूलमंत्र है जो विश्वशांति और जनकल्याण के लिए आवश्यक है लिहाजा उन्हें किसी एक धर्म या समाज में सीमित नहीं किया जा सकता। जयंती अवसर पर बाबा गुरु घासीदास को शत-शत नमन।

# चेतना की चौथी अवस्था है शिव तत्व



संकलित
**दर्शन**

शिव को अनुभव करने का प्रयास न करें। आपको बस उस पल में मौजूद रहना है और निश्चिंत रहना है, शिव तत्व पहले से ही वहां मौजूद है। हमारी चेतना की 3 अवस्थाएं हैं - जाग्रत, स्वप्न और सुषुप्ति, और चेतना की एक चौथी अवस्था भी है, जहां हम न तो जाग्रत होते हैं, न स्वप्न देखते हैं और न ही सोते हैं। इसका अनुभव ध्यान में होता है। उस चौथी अवस्था की झलक को ही शिव तत्व कहा जाता है। उपनिषद कहते हैं शिवम्, शांतम्, अद्वैतम्, चतुर्थम, मन्यन्ते, सा आत्मा, सा विज्ञेय। अर्थात शुभ, शांतिपूर्ण चौथी अवस्था, जहां दो नहीं हैं, वह तुम्हारा स्वरूप है, वही जानने योग्य है। आपको क्या लगता है कि आप क्या हैं? आप केवल एक नाम नहीं हैं, मात्र एक रूप नहीं हैं। आप वह प्रकाशमान चेतना हैं जो शिव तत्व है। शिव का मंदिर पत्थरों से नहीं मनुष्य की चेतना से बना है। वह जो संपूर्ण ब्रह्मांड को समाहित करता है, वह सत्ता जिसमें हर जीवन समाया है, वह रहस्यमय शिव तत्व है। नटराज स्वयं चेतना हैं, उनमें पांच तत्वों को दर्शाया गया है। चेतना का नृत्य संपूर्ण ब्रह्मांड है। यह ब्रह्मांड संघर्ष या कष्ट नहीं दे रहा है; यह हर क्षण उत्सव मना रहा है। ये आनंद है, जो यह नहीं जानता, वह दुःखी होता है, निराश होता है, पीड़ित होता है। जो यह जानता है कि यह संपूर्ण सृष्टि एक नृत्य है, उसे आनंद मिलता है। यह सत्य शिव तत्व है।

# बिना लड़ाई किए धैर्य से भी जीता जा सकता है



संकलित
**प्रेरणा**

महाभारत में युधिष्ठिर को चक्रवती सम्राट बनाने के लिए राजसूय यज्ञ किया गया था। इसके लिए सभी राजाओं पर जीत हासिल करनी थी। इस काम के लिए अर्जुन ने विजय यात्रा शुरू कर दी। जहां-जहां अर्जुन जा रहे थे, वहां के राजाओं को पराजित करते हुए आगे बढ़ रहे थे। जो राजा अर्जुन की सेवा स्वीकार कर रहे थे, अर्जुन उन पर कर लगाकर आगे बढ़ रहे थे। इस यात्रा के दौरान अर्जुन कुरु नाम के राज्य में पहुंचे। अर्जुन पहुंचे तो कुरु राज्य के द्वारपाल और लोगों ने अर्जुन से कहा कि आप इस नगर को युद्ध करके जीत नहीं सकते, क्योंकि जो व्यक्ति इस नगर में युद्ध के लिए प्रवेश करता है, उसकी मृत्यु हो जाती है। ऐसा इस राज्य को वरदान मिला हुआ है। अर्जुन ने सोच-विचार करके कहा कि ठीक है, मैं यहां युद्ध नहीं करूंगा। अर्जुन की बात सुनकर लोगों ने कहा कि युद्ध के अलावा अगर आपकी कोई इच्छा है तो वह पूरी हो सकती है। अर्जुन ने कहा कि मैं हमारे भाई युधिष्ठिर को चक्रवर्ती सम्राट बनाना चाहता हूं। मुझे आपसे युद्ध नहीं करना है। आप बस मुझे कर के रूप में थोड़ा सा धन दे दीजिए। ये धन लेकर मैं लौट जाऊंगा। लोगों ने अर्जुन की बात मानकर थोड़ा सा धन दे दिया। धन लेकर अर्जुन दूसरे राज्य की ओर बढ़ गए। अर्जुन ने संदेश दिया है कि हर शत्रु को युद्ध करके पराजित नहीं किया जा सकता है, कुछ शत्रुओं के सामने बुद्धि और धैर्य का उपयोग करना चाहिए। बुद्धि का उपयोग करते हुए भी शत्रुओं की हराया जा सकता है।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### माइक्रो रोबोट ने लिखी सफलता की गाथा

नमक के एक दाने से भी छोटे माइक्रो रोबोट का विचार आज विज्ञान कथा नहीं रहा, बल्कि आधुनिक प्रयोगशालाओं में आकार ले चुकी एक ठोस वास्तविकता बन चुका है, जहां नैनोमीटर स्तर की इंजीनियरिंग, कृत्रिम बुद्धिमत्ता और ऊर्जा-संचयन की नई तकनीकें मिलकर ऐसे यंत्र रच रही हैं जो अपनी सूक्ष्म काया के बावजूद निर्णय लेने, प्रतिक्रिया देने और लक्ष्य के अनुसार काम करने की क्षमता रखते हैं। यह माइक्रो रोबोट न केवल आकार में क्रांतिकारी है बल्कि सोच की दिशा में भी एक नया अध्याय खोलता है क्योंकि इसके भीतर समाहित अल्ट्रा-मिनी कंप्यूटर और संवेदनशील सेंसर इसे आसपास के वातावरण को समझने और उसी के अनुरूप व्यवहार करने में सक्षम बनाते हैं। *-सतीश यादव, धमतरी*

## ट्रेंड

### वंदे मातरम् की प्रस्तुति



इथियोपिया के प्रधानमंत्री अबी अहमद अली द्वारा आयोजित भोज में इथियोपियाई गायकों ने वंदे मातरम की मधुर प्रस्तुति दी। यह एक अत्यंत भावपूर्ण क्षण था और वह भी ऐसे समय में जब हम वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ मना रहे हैं।

-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### भाजपा के संस्कार



अपने सामने ही अपना कोई योग्य प्रतिनिधि उत्तराधिकारी बने और अपने से कम आयु का बने इससे बड़ी कोई खुशी की बात नहीं हो सकती और यही भाजपा के संस्कार है..

-मनोहर लाल, सांसद भाजपा

### दिल्ली मेट्रो म्यूजियम



दिल्ली मेट्रो म्यूजियम सभी के लिए खोल दिया गया है। सुप्रीम कोर्ट मेट्रो स्टेशन पर बना यह म्यूजियम दिल्ली मेट्रो की गौरवशाली यात्रा को दर्शाता है। आज इस म्यूजियम का उद्घाटन किया। आप यहां जरूर आएं और दिल्ली के विकास में दिल्ली मेट्रो के योगदान का अनुभव करें।

- रेखा गुप्ता, सीएम, नई दिल्ली

### साज़िश का पर्दाफाश



नेशनल हेराल्ड अखबार 1938 में शुरू किया गया था। 16 दिसंबर के अदालत के फैसले ने मोदी सरकार द्वारा कांग्रेस पार्टी के नेताओं पर लगाये गए झूठे आरोप, साज़िश और बदले की भावना का पूरी तरह से पर्दाफाश कर दिया है।

-मल्लिकार्जुन खरगे, अध्यक्ष, कांग्रेस

## करंट अफेयर

# सुरक्षा कारणों से ढाका में भारत का वीजा केंद्र बंद

बांग्लादेश की राजधानी ढाका स्थित भारतीय वीजा आवेदन केंद्र (आईवीएसी) ने मौजूदा सुरक्षा स्थिति को देखते हुए बुधवार को अपना कार्यालय बंद कर दिया। ढाका के जमुना फ्यूचर पार्क (जेएफपी) में स्थित आईवीएसी राजधानी में सभी भारतीय वीजा सेवाओं के लिए मुख्य एवं एकीकृत केंद्र है। आईवीएसी ने एक बयान में कहा, मौजूदा सुरक्षा स्थिति को देखते हुए, हम आपको सूचित करना चाहते हैं कि आईवीएसी जेएफपी ढाका आज अपराह्न दो बजे बंद कर दिया जाएगा। आईवीएसी ने कहा कि बुधवार को आवेदन जमा करने के लिए निर्धारित 'अपॉइंटमेंट स्लॉट' वाले सभी आवेदकों के 'अपॉइंटमेंट' बाद की तारीख के लिए पुनर्निर्धारित किए जाएंगे। इससे पहले दिल्ली में विदेश मंत्रालय ने बांग्लादेश के उच्चायुक्त रियाज हमीदुल्लाह को तलब किया और कुछ चरमपंथी तत्वों द्वारा ढाका स्थित भारतीय मिशन के आसपास सुरक्षा संकट पैदा करने की साजिश के ऐलान को लेकर अपनी गंभीर चिंता जतायी। विदेश मंत्रालय ने कहा, 'हम अंतरिम सरकार से अपेक्षा करते हैं कि वह बांग्लादेश में स्थित मिशन और कार्यालयों की अपने कूटनीतिक दायित्वों के अनुरूप सुरक्षा सुनिश्चित करे।'




## ऑफ बीट

# बुजुर्गों के लिए मददगार हो सकते हैं वर्चुअल इंसान

सामाजिक रूप से अलग-थलग पड़ जाने के कारण अकेलेपन से जूझ रहे कई बुजुर्गों के लिए वर्चुअल इंसान का साथ मददगार साबित हो सकता है। अभी तक केवल 'साइंस फिक्शन' (वैज्ञानिक काल्पनिक कहानियों) में नजर आने वाले ये वर्चुअल इंसान चल सकते हैं, बात कर सकते हैं और आपके सोफे पर बैठ सकते हैं। वह दिन दूर नहीं, जब हमारे सबसे अच्छे मित्रों में कम्प्यूटर जनित इंसान भी शामिल होंगे, क्योंकि बड़ी संख्या में ऐसे लोग हैं, जो बढ़ती उम्र के साथ अकेलेपन की समस्या से निपटने की कोशिश कर रहे हैं। विकसित होती प्रौद्योगिकी के बीच हमारी बदलती जनसांख्यिकी हमें इन वर्चुअल मनुष्यों की ओर ले जा सकती है। एशिया, यूरोप और उत्तर अमेरिका में कई ऐसे विकसित देश हैं, जिनके समाज की औसत आयु तेजी से बढ़ रही है। इसके कारण कुशल कार्यबल में कमी आने और स्वास्थ्य एवं सामाजिक सेवाओं पर अप्रत्याशित दबाव पड़ने की समस्या पैदा हो सकती है, जिनके समाधान की आश्यकता है। बुजुर्ग होती आबादी की सबसे बड़ी समस्याओं में से एक समस्या सामाजिक स्तर पर अलग-थलग हो जाना है।



**हमारा पता**
हरिभूमि कार्यालय
रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर
फोन: 401050,271016,फैक्स-271018
ई-मेल: haribhoomibsp@gmail.com
वेब-साइट: www.haribhoomi.com

प्रश्नकाल नहीं चला, स्थगन अग्राह्य किए जाने के बाद बेल में पहुंचे 34 कांग्रेस विधायक निलंबित

# जांच एजेंसियों के दुरुपयोग को लेकर सदन में हंगामा, कांग्रेस ने लाया स्थगन प्रस्ताव

हरिभूमि न्यूजः रायपुर।

छत्तीसगढ़ विधानसभा के शीतकालीन सत्र का चौथा दिन हंगामे के साथ शुरू हुआ। प्रश्नकाल से पहले ही सदन का माहौल गरमा गया, जब कांग्रेस विधायकों ने आरोप लगाया कि मोदी सरकार की बदनीयत और कथित गैरकानूनी कार्रवाई अब पूरी तरह बेनकाब हो चुकी है। कांग्रेसी 'सत्यमेव जयते' की तख्तियां लेकर सदन में पहुंचे थे। स्पीकर ने उन्हें तख्तियां उतारकर सदन में आने की समझाइश दी। कांग्रेसी इसे नहीं माने, उनके विरोध के कारण प्रश्नकाल नहीं हो सका। साथ ही जांच एजेंसियों के गलत इस्तेमाल का आरोप लगाते हुए विपक्ष ने सदन में स्थगन प्रस्ताव लाया, जिसे अस्वीकार कर दिया गया। कांग्रेस विधायक इसका विरोध करते हुए गर्भगृह में आ गए और स्वतः निलंबित हो गए।

सदन की कार्यवाही शुरू होते ही कांग्रेस विधायक सत्यमेव जयते लिखी तख्तियां लेकर नारेबाजी करने लगे। स्पीकर डॉ. रमन सिंह ने तख्तियों के साथ सदन में बैठने की अनुमति देने से इनकार करते हुए इसे असंसदीय करार दिया। इसके बावजूद विपक्ष का विरोध जारी रहा, जिससे कार्यवाही स्थगित करनी पड़ी। हंगामे के दौरान सत्ता पक्ष और विपक्ष आमने-सामने आ गए। पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने नेशनल हेराल्ड मामले में केंद्रीय जांच एजेंसियों के दुरुपयोग का आरोप लगाते हुए सरकार पर हमला बोला। उन्होंने कहा, यह लोकतंत्र की हत्या है। जवाब में मंत्री अजय चंद्राकर ने विपक्ष के आरोपों को निराधार बताते हुए कड़ी आपत्ति जताई। प्रश्नकाल के बार-बार बाधित होने पर स्पीकर ने विपक्ष के व्यवहार की कड़ी निंदा की।

### जांच एजेंसियों के दुरुपयोग को लेकर सदन में हंगामा

पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने इसी मामले को लेकर कहा, हमने स्थगन प्रस्ताव विधानसभा में लाया था। सत्ता पक्ष इसके कारण डरा हुआ है, इसलिए इसे स्वीकार नहीं किया। हमारे सारे विधायक इसके विरोध में गर्भ गृह में गए जिसके बाद हमें निलंबित कर दिया गया। हम हमेशा सत्य के रास्ते पर चलते रहेंगे। हम सत्यमेव जयते स्लोगन जो हमारे महापुरुषों का वाक्य है, उसके रास्ते पर चलते रहेंगे। सत्य के नाम से भारतीय जनता पार्टी परेशान हो गई है। सत्य कभी पराजित नहीं हो सकता, उसे केवल परेशान किया जा सकता है।

## स्थगन को स्पीकर ने किया अग्राह्य, सदन की कार्यवाही बाधित



इसी बीच विपक्ष ने जांच एजेंसियों के कथित दुरुपयोग को लेकर स्थगन प्रस्ताव रखा, लेकिन आसंदी ने परीक्षण के बाद इसे अग्राह्य घोषित कर दिया। इसके बाद कांग्रेस विधायक गर्भगृह में पहुंचकर नारेबाजी करने लगे, जिसे गंभीर अनुशासनहीनता मानते हुए सभी कांग्रेस विधायक स्वमेव निलंबित माने गए। कांग्रेस ने दोहराया कि पार्टी और उसका नेतृत्व सत्य के लिए और हर भारतीय के अधिकारों की रक्षा के लिए संघर्ष करता रहेगा। सत्ता पक्ष–विपक्ष के टकराव के बीच सदन की कार्यवाही बाधित रही।

### पोस्टर पर आपत्ति, आसंदी का निर्देश

सत्ता पक्ष के विधायकों ने सदन में पोस्टर पहनकर आने पर आपत्ति दर्ज कराई। आसंदी ने विधानसभा की परंपरा और व्यवस्था का हवाला देते हुए निर्देश दिया कि पोस्टर और बैनर बाहर रखकर ही प्रश्नकाल में भाग लिया जाए।

### 'सत्यमेव जयते' तख्ती पर बढ़ा विवाद

कार्यवाही शुरू होते ही कांग्रेस विधायकों की 'सत्यमेव जयते' लिखी तख्तियों पर बीजेपी विधायकों ने सवाल उठाए। विधायक अजय चंद्राकर ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से स्पष्ट करने को कहा कि क्या पहले कभी विधानसभा में ऐसी परंपरा रही है।

### मजदूर टिप्पणी पर तीखी नोक-झोंक

विधायक धर्मजीत सिंह की मजदूर संबंधी टिप्पणी पर कांग्रेस विधायकों ने कड़ा ऐतराज जताया। कांग्रेस का कहना था कि जनप्रतिनिधियों को इस तरह संबोधित करना अपमानजनक है। दोनों पक्षों के बीच बहस तेज होती चली गई।

### आसंदी की संयम बरतने की अपील

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने हस्तक्षेप करते हुए दोनों पक्षों से संयम बरतने और सदन की गरिमा बनाए रखने की अपील की। उन्होंने कहा, सभी सदस्य वरिष्ठ हैं और कार्यवाही में सहयोग अपेक्षित है।

### नोक-झोंक के बीच कार्यवाही स्थगित

कांग्रेस विधायक देवेंद्र यादव और विधायक अजय चंद्राकर के बीच व्यवस्था को लेकर बहस बढ़ी। नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरण दास महंत के हस्तक्षेप पर भी विवाद थमा नहीं। हालात को देखते हुए आसंदी ने सदन की कार्यवाही दो बार स्थगित कर दी। सदन की कार्यवाही पुनः शुरू होने पर सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच नारे बाजी के बीच विधानसभा अध्यक्ष ने दोपहर 12 बजे तक के लिए सदन की कार्यवाही स्थगित कर दी। कांग्रेस विधायक दल के नेता डॉ. चरणदास महंत के नेतृत्व में विधानसभा परिसर में 'सत्यमेव जयते' की तख्तियां लेकर प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल सहित सभी कांग्रेस विधायक शामिल रहे।

### मनरेगा नाम परिवर्तन पर कांग्रेस का विरोध

कांग्रेस विधायकों ने महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना, मनरेगा का नाम बदले जाने के फैसले का विरोध करते हुए पोस्टर लगाए। कांग्रेस का आरोप है कि यह निर्णय गांधीजी की विरासत और श्रमिकों के सम्मान के खिलाफ है।














हेल्थ क्वेरी

डॉ. आर. पी. सिंह सीनियर फिजिशियन, एनसीआर

## जब पेट में बार-बार महसूस होता हो दर्द



**मेरी उम्र 35 वर्ष है। मुझे सप्ताह में एक दो बार अपने पेट के बाईं तरफ दर्द महसूस होता है, फिर कुछ देर में ठीक भी हो जाता है। कृपया इसका उपचार बताएं।**

**-प्रकाश, बिलासपुर**

पेट में इस तरह के दर्द के कई कारण हो सकते हैं। कई बार संक्रमण की वजह से ऐसा होता है तो कई बार पाचन क्रिया प्रभावित होना भी इसकी वजह बन सकता है। हालांकि कई लोगों में स्टोन की वजह से भी कभी-कभी दर्द उठता है, इसलिए एक बार डॉक्टर से संपर्क करना ही बेहतर रहेगा। जांच करने के बाद ही इसकी वजह पता चलेगी और इलाज किया जा सकेगा। फिलहाल आप बाहर का फास्ट फूड और अधिक ऑयली फूड खाना बिल्कुल बंद कर दें। घर का बना सादा खाना ही खाएं।

**मेरी उम्र 62 वर्ष है। सर्दी के मौसम में अकसर मेरे चेहरे पर सूजन हो जाती है। कृपया बताएं ऐसा क्यों होता है और इसका उपचार क्या है?**

**-सेवाराम, महेंद्रगढ़**

आपने यह नहीं बताया कि आपको शुगर की समस्या तो नहीं है। क्योंकि कई बार शुगर बढ़ने की वजह से सूजन आ जाती है। सर्दियों के मौसम में फिजिकल एक्टिविटीज कम हो जाती हैं और शुगर लेवल बढ़ जाता है। अगर ऐसा है तो आपको डॉक्टर से तुरंत संपर्क करना चाहिए। अगर शुगर समस्या नहीं है तो भी आपको एक बार डॉक्टर से संपर्क करना पड़ेगा वह फिजिकल एग्जामिन करने के बाद ही कुछ बता पाएंगे।

**मेरी उम्र 49 वर्ष है। मुझे बार-बार भूख महसूस होती है। प्लीज बताएं भूख और वेट कैसे कंट्रोल करूं?**

**-भवेश, रायपुर**

सबसे पहले आप शुगर की जांच कराएं। कई बार शुगर बढ़ने के बाद भूख बहुत लगती है। हालांकि आप बता रहे हैं कि आपका वजन भी बढ़ रहा है तो इसकी वजह थायरॉइड भी हो सकती है। इसलिए बगैर जांच किए कुछ कहना ठीक नहीं है। आपको डॉक्टर से संपर्क करना चाहिए।

**मेरी उम्र 42 वर्ष है। लगभग साल भर से मेरे मुंह में छाले होते रहते हैं। ठीक होकर फिर हो जाते हैं। प्लीज इस समस्या का समाधान बताएं।**

**-सुनील किशोर, ईमेल से**

अगर लगातार छाले रहते हैं तो यह ठीक नहीं है। आप इसे हल्के में ना लें, तुरंत डॉक्टर से संपर्क करना चाहिए। वे आपकी कुछ जांच कराएंगे, जिससे पता चलेगा ये छाले नॉर्मल है या और भी वजह है क्योंकि कई बार गंभीर बीमारी के भी लक्षण हो सकते हैं। इसलिए बगैर देर किए आप डॉक्टर से संपर्क करें।

**मेरी उम्र 54 वर्ष है। मुझे कभी कब्ज तो कभी लूज मोशन की समस्या होती रहती है। इसका स्थाई निदान बताएं।**

**-मनोहर, बिलासपुर**

आपकी पाचन क्रिया प्रभावित है, जिस वजह से इस तरह की समस्या आ रही है। इसके लिए सबसे पहले आप बाजार का खाना और पैक्ड फूड्स खाना बिल्कुल बंद कर दें। घर का खाना खाएं। दोपहर में खाने के साथ दही और सलाद जरूर खाएं। रात का खाना बिल्कुल हल्का खाना चाहिए। खाने और सोने के बीच में 3 घंटे का गैप जरूर होना चाहिए। इन बदलावों से आपको राहत मिलेगी।

**मेरी उम्र 26 वर्ष है। कुछ महीने पहले मुझे चिकनपॉक्स हुआ था। मेरे चेहरे और बॉडी पर इसके निशान रह गए हैं। कृपया बताएं ये कैसे ठीक होंगे?**

**-कुणाल, दुर्ग**

इसके निशान धीरे-धीरे जाते हैं। कई बार गहरे निशान हुए तो लंबा समय लग जाता है। हालांकि कई बार निशान जाना मुश्किल हो जाता है। इसलिए बेहतर होगा कि आप एक बार त्वचा रोग विशेषज्ञ से संपर्क करें। वे एग्जामिन करके यह बताएंगे कि दाग जाने लायक है या नहीं है और अगर है तो उसके लिए ट्रीटमेंट शुरू कर देंगे। *

प्रस्तुतिः रिचा पांडे

पाठक अपनी हेल्थ प्रॉब्लम्स से संबंधित सवाल sehatharibhoomi@gmail.com पर ई-मेल कर सकते हैं।




डॉक्टर्स एडवाइस

डॉ. प्रवीण कहाले
कार्डियोलॉजिस्ट-कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी हॉस्पिटल, मुंबई

सर्दी का मौसम हार्ट पेशेंट्स के लिए काफी रिस्की होता है। इसलिए इस दौरान पेशेंट्स और उनके परिजनों को विशेष सावधानी बरतनी चाहिए। डॉक्टर से रेग्युलर चेकअप, दवा लेने के साथ और किन बातों का ध्यान रखना जरूरी है, यहां डिटेल में बता रहे हैं।

## सर्दी के मौसम में हार्ट पेशेंट्स ना बरतें जरा भी लापरवाही


हालांकि हर मौसम में दिल की सेहत पर ध्यान देना जरूरी है, किंतु सर्दियों के मौसम में इस संदर्भ में विशेष ध्यान देने की जरूरत होती है। ऐसा इसलिए क्योंकि आमतौर पर सर्दियों में अन्य मौसमों की तुलना में रक्त में कहीं ज्यादा गाढ़ापन आ जाता है, जिससे रक्त में थक्का (क्लॉट) बनने लगता है। हार्ट अटैक के ज्यादातर मामले रक्त के थक्कों के बनने से होते हैं। ऐसे थक्के हृदय की धमनियों या रक्त नलिकाओं के मार्ग को बाधित करते हैं, जो कालांतर में दिल के दौरे का कारण बनते हैं।


इसके अलावा, तापमान में गिरावट का दुष्प्रभाव हृदय की धमनियों (कोरोनरी आर्टरीज) पर भी पड़ता है, जिस कारण वे सिकुड़ जाती हैं। ऐसी स्थिति में रक्त संचार प्रक्रिया के दौरान धमनियों की आंतरिक दीवारों पर रक्त का दबाव ज्यादा पड़ता है, यह स्थिति उच्च रक्तचाप को बढ़ाती है।

### हाई बीपी में लापरवाही न बरतें

इंडियन हार्ट एसोसिएशन (आईएचए) के अनुसार उच्च रक्तचाप यानी हाई बीपी, हार्ट अटैक का एक प्रमुख कारण है। इंडियन हार्ट एसोसिएशन के अनुसार गर्मियों की तुलना में सर्दियों में दिल के दौरों के मामले लगभग 26 फीसदी से अधिक बढ़ जाते हैं। जब धमनियों की आंतरिक दीवार पर रक्त संचार का दबाव 140/90 के पार पहुंच जाता है तो यह स्थिति उच्च रक्तचाप कहलाती है। इस कंडीशन में लापरवाही न बरतें।

### इन लक्षणों पर दें ध्यान

- सीने में भारीपन या दर्द महसूस होना।
- बिना कारण बेचैनी होना।
- बार-बार चक्कर आना।
- बार-बार पसीना आना।
- सांस तेज लेना या फिर सांस फूलना।
- सिर भारी होना या सिरदर्द।



### हाई बीपी पर नियंत्रण जरूरी

वर्ल्ड हार्ट फेडरेशन के अनुसार अकसर तनावग्रस्त रहना, उच्च रक्तचाप को बुलावा देना है। उच्च रक्तचाप अस्वास्थ्यकर जीवनशैली (समुचित खान-पान और व्यायाम का अभाव और नकारात्मक सोच-विचार) का नतीजा है, जो कालांतर में हृदय रोग के जोखिम को बढ़ाता है। इसलिए इन सुझावों पर अमल करें।

- असहज महसूस करने पर ब्लड प्रेशर चेक करें।
- अपने रक्तचाप को 120/80 रखने का प्रयास करें। इस संबंध में डॉक्टर से कंसल्ट करें।
- जंक फूड्स से परहेज करें।
- आहार में हरी सब्जियों और फलों को वरीयता दें।
- आमतौर पर एक स्वस्थ व्यक्ति को प्रतिदिन अपने भोजन में विभिन्न खाद्य पदार्थों के जरिए 5 ग्राम (आधी छोटी चम्मच) से अधिक नमक का सेवन नहीं करना चाहिए।
- दिनचर्या में योगासन, प्राणायाम, व्यायाम और शारीरिक श्रम से संबंधित अन्य गतिविधियों को शामिल करें।


### क्यों होते हैं हार्ट अटैक

हृदय में तीन प्रमुख धमनियां (आर्टरीज) होती हैं। जब इन तीनों में से किसी एक में या फिर अन्य में कई कारणों (जैसे धमनियों की आंतरिक दीवारों पर रक्त का थक्का जमने से धमनियों में अवरोध या ब्लॉकेज की समस्या उत्पन्न हो जाती है) से अचानक रक्त संचार रुक जाता है, तो इस स्थिति में दिल को ऑक्सीजन नहीं मिल पाती और उसकी कार्य प्रणाली ठप होने लगती है। इसी तरह एक अर्से तक अत्यधिक वसायुक्त खाद्य पदार्थ ग्रहण करने से धमनियों की आंतरिक दीवारों पर प्लाक (एक प्रकार की वसा) संचित हो जाता है, जिसके कारण भी धमनियां अवरुद्ध हो जाती हैं और दिल को ऑक्सीजन नहीं मिल पाती। यह स्थिति दिल का दौरा कहलाती है। समस्या की पहचान के लिए ईसीजी, इकोकार्डियोग्राफी, टीएमटी, एंजियोग्राफी, लिपिड प्रोफाइल और रक्त परीक्षण आदि जांचें की जाती हैं।

### हार्ट अटैक के लक्षण

सीने में तेज दर्द होना, जो कंधे, बाजू और पीठ के पीछे तक जा सकता है। असहनीय बेचैनी होना और पसीना आना आदि।

### समस्या का निदान



धमनियों के अवरोध को दूर करने के लिए इंजेक्शन लगाए जाते हैं। इसके अलावा अगर तीनों धमनियों में अवरोध 70 प्रतिशत से कम है तो एंजियोप्लास्टी की जा सकती है और कुछ मरीजों में जरूरत पड़ने पर बाईपास सर्जरी भी। इस संदर्भ में प्रत्येक मरीज की स्थिति के अनुसार उसके इलाज की प्रक्रिया सुनिश्चित की जाती है।

### सर्दी के मौसम में दें ध्यान

- जो लोग पहले से ही उच्च रक्तचाप या हृदय रोग से ग्रस्त हैं, उन्हें सर्दियों में धूप निकलने के बाद ही टहलने जाना चाहिए। ऐसा इसलिए, क्योंकि सुबह के वक्त वातावरण का तापमान कम होने से अत्यधिक ठंड होने के कारण धमनियों के सिकुड़ने का खतरा ज्यादा रहता है और यह स्थिति हार्ट अटैक का कारण बन सकती है।
- डॉक्टर द्वारा सुझाई गई दवाओं का नियमित रूप से सेवन करें। बहुत संभव है कि सर्दियों में डॉक्टर आपकी दवाओं की डोज को नए सिरे से सुनिश्चित करें।
- सर्दियों में आलस्य के कारण अनेक लोग अपने व्यायाम कार्यक्रम को स्थगित कर कंबल-रजाई में लिपटे रहना चाहते हैं, या फिर व्यायाम या शारीरिक परिश्रम के लिए समुचित समय नहीं निकालते। यह प्रवृत्ति सेहत के लिए ठीक नहीं है।
- सर्दियों में एक्सपोजर से स्वयं को बचाएं। पर्याप्त ऊनी कपड़े पहनकर ही घर से बाहर निकलें।
- शराब और धूम्रपान से दूरी बनाएं। सर्दियों में एक बड़ी संख्या में लोग शराब और धूम्रपान के कहीं ज्यादा तलबगार हो जाते हैं। हालांकि डॉक्टर्स के अनुसार शराब और धूम्रपान का सेवन किसी भी मौसम में स्वास्थ्य के लिए लाभप्रद नहीं है।
- सर्दियों में खून के गाढ़ा हो जाने का खतरा बढ़ जाता है, जिसके कारण धमनियों में रक्त के थक्के जमने लगते हैं। यह स्थिति हाई बीपी का कारण बन सकती है। इससे बचने के लिए अपने डॉक्टर द्वारा प्रिसक्राइब्ड ब्लड थिनर दवा लें।
- लहसुन रक्त को पतला करने वाला एक कुदरती ब्लड थिनर है, जिसका सेवन दिल की सेहत के लिए लाभप्रद है। *

प्रस्तुतिः विवेक शुक्ला

### डायबिटिक पेशेंट्स को ज्यादा रिस्क




**वर्ल्ड डायबिटीज** फेडरेशन के अनुसार, रक्त शर्करा के अनियंत्रित रहने से कालांतर में हृदय रोग होने का जोखिम उन लोगों की तुलना में दोगुना बढ़ जाता है, जो इन समस्याओं से ग्रस्त नहीं हैं। इसलिए डायबिटिक रोगी कुछ बातों का ध्यान रखें। जो लोग डायबिटीज से ग्रस्त हैं, उन्हें अपने ब्लड शुगर को डॉक्टर से परामर्श लेकर नियंत्रित रखना चाहिए। मधुमेह को नियंत्रित करने के लिए अपने डॉक्टर के परामर्श के अनुसार दवाएं लें और सक्रिय जीवनशैली पर अमल करें। मधुमेह से ग्रस्त लोगों को साइलेंट हार्ट अटैक होने का जोखिम ज्यादा रहता है। साइलेंट हार्ट अटैक की मेडिकल कंडीशन में पीड़ित व्यक्ति को हार्ट अटैक से संबंधित लक्षण आमतौर पर महसूस नहीं होते। जैसे ऐसे लोग सीने में तेज दर्द या बेचैनी, चक्कर आना आदि महसूस नहीं करते, लेकिन किसी न किसी रूप में स्वयं को असहज महसूस करते हैं। ऐसी स्थिति में अगर संभव हो, तो पीड़ित व्यक्ति के परिजनों को उसका ब्लड प्रेशर और ब्लड शुगर चेक करना चाहिए या फिर अतिशीघ्र डॉक्टर से परामर्श लेना चाहिए।

हर्बल जोन

रेखा देशराज

## सर्दी से दिलाए राहत मुलेठी की गर्माहट

सर्दियों में मुलेठी (लिकोराइस) का उपयोग सदियों से होता आ रहा है। सर्दियों में मुलेठी हमारे शरीर को एक नहीं अनेक तरह से राहत पहुंचाती है। यह गले के संक्रमण से बचाव करती है, संक्रमित गले को ठीक करती है, आवाज बैठ जाए या सूखी खांसी का सिलसिला न बंद हो तो मुलेठी ही कारगर होती है। मुलेठी में एंटीइंफ्लेमेट्री और डिमल्सेंट गुण होते हैं, जो गले पर एक स्मूदिंग परत बनाते हैं ताकि गले की जलन कम हो और खांसी में आराम मिले। यह आपकी आवाज को सुचारु रूप से कामकाजी बनाए रखने के लिए और गले की खुश्की को सुधारने में भी सहायक होती है।

**बढ़ाती है इम्यूनिटीः** मुलेठी में ग्लायसिराइजिन यौगिक पाए जाते हैं, जो शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाता है। इसलिए सर्दियों में बार-बार होने वाली वायरल कोल्ड से बचने में मुलेठी कारगर मानी जाती है। यह हमारे श्वसन तंत्र के लिए भी फायदेमंद है। ठंड में कई बार सांस की नली में कफ जम जाता है, ऐसे में विशेषकर उन लोगों को जो अस्थमा जैसी समस्याओं के शिकार होते हैं, मुलेठी बहुत फायदेमंद साबित होती है, क्योंकि कफ को पतला करती है, म्यूकस मेंब्रेन को शांत करती है, छाती जकड़न में राहत देती है और शरीर की गर्माहट बनाए रखने में मददगार होती है। भारी सर्दियों में शरीर को होने वाले तनाव से भी मुलेठी बचाती है और इस मौसम में होने वाली थकान, कमजोरी या ठंड से ऐंठन में मुलेठी मदद करती है।

**पाचनतंत्र को रखे सहीः** सर्दियों में जब हम भारी-भरकम, तले-भुने भोजन अधिक खा लेते हैं तो पेट में जलन पैदा होती है। गैस होती है और अपच की समस्या घेर लेती है। इनसे बचाव का रामबाण तरीका मुलेठी है। यह हमारे पाचनतंत्र को शांत करती है और म्यूकोसा लाइनिंग को हील करती है। त्वचा को रूखेपन से भी मुलेठी बचाती है, क्योंकि मुलेठी में मौजूद एंटी-ऑक्सीडेंट त्वचा की ड्राइनेस को कम कर देते हैं।

**ऐसे करें सेवनः** मुलेठी को लेने का सबसे आसान तरीका यह है कि इसे मुंह में डालकर चूसते रहें। एक छोटा टुकड़ा पूरे दिन में एक या दो बार डालें और उसे दांतों से दबा-दबाकर चूसते रहें या फिर मुलेठी की चाय पीना भी मुलेठी लेने का एक बढ़िया तरीका है। आधा चम्मच मुलेठी पावडर या एक छोटे टुकड़े मुलेठी को एक कप पानी में हल्का उबालकर पिएं या फिर तुलसी, अदरक और कालीमिर्च के साथ उसका काढ़ा बनाएं, वो बहुत कारगर होता है। चाहें तो बाजार से मुलेठी का पाउडर खरीद लें, लेकिन बिना डॉक्टर के सलाह इसका इस्तेमाल न करें। *

डाइट सजेशन

शिखर चंद जैन


गर्मी की तुलना में सर्दी में लोग कम पानी पीते हैं। लेकिन शरीर में जरूरत के अनुसार हाइड्रेशन मेंटेन रहे, इसके लिए आपको कॉन्शस रहना होगा। विंटर सीजन में हाइड्रेशन मेंटेन करने के कुछ तरीकों के बारे में जानिए।

## सर्दी में ऐसे मेंटेन रहेगा हाइड्रेशन



गर्मी में तो हम धूप और पसीने से बेहाल होने पर जब प्यास लगती है तो पानी पी लेते हैं। लेकिन सर्दी के मौसम में प्यास न लगने पर अकसर पानी बहुत कम पीते हैं। इससे शरीर में डिहाइड्रेशन की शिकायत हो सकती है और कई प्रकार की स्वास्थ्य समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं। सर्दियों में पानी पीने की इच्छा कम होती है, इसलिए आपको कुछ ट्रिक्स अपनानी चाहिए, जिससे शरीर में पानी की कमी न हो सके।

**ज्यादा सलाद खाएंः** इन दिनों बाजार में सब्जियों और फलों की बहार है। तरह-तरह की सब्जियां और फल अपनी डाइट में शामिल करें। दिन में कम से कम 3-4 सर्विंग फ्रूट सलाद या वेजीटेबल सलाद की लें। कच्ची सब्जियां (टमाटर, मूली, खीरा) पोषक तत्वों और पानी से भरी होती हैं। इसी प्रकार अनार, संतरा आदि न सिर्फ प्रचुर फाइबर और पोषक तत्वों बल्कि पानी की कमी भी पूरी कर सकते हैं।





**पानी पीने का शेड्यूल बना लेंः** अपनी कुछ गतिविधियों के साथ पानी पीने की आदत को जोड़ दें। जैसे ऑफिस पहुंचते ही दोपहर को लंच से आधा घंटा पहले। घर पहुंचते ही एक ग्लास पानी पिएं। इसके अलावा कुछ अन्य एक्टिविटीज से भी इसे जोड़ लें। दिन में दो-तीन बार रिफ्रेश होने के लिए पानी पिएं और सबसे अहम है सुबह की शुरुआत एक लीटर गुनगुना पानी से करें। यह पानी रात में तांबे के बर्तन में रखा हो, तो और फायदेमंद होगा।

**हर्बल चाय लेंः** कैफीन शरीर का डिहाइड्रेशन करता है। इसलिए इस मौसम में चाय या कॉफी ज्यादा पीने से बचें। इनकी बजाय आप तरह-तरह की हर्बल-टी ट्राई कर सकते हैं। कैनोमाइल, रोज या मिंट-टी का स्वाद आपको खूब भाएगा। इसमें मीठे के लिए चीनी की बजाय शहद डालें। इससे आपको नई ऊर्जा, स्फूर्ति और हाइड्रेशन तीन तरफा फायदा मिलेगा। सीमित मात्रा में गर्म पेय जैसे गर्म पानी, अदरक, तुलसी की चाय या सूप पिएं। ये शरीर को गर्म रखते हैं और हाइड्रेशन में मदद करते हैं।

**चाय नहीं नीबू पानीः** शाम को ठंडी हवाओं के बीच भले ही आपका मन चाय-कॉफी पीने का करता हो, लेकिन आप अपनी सेहत का ख्याल रखते हुए एक गिलास गुनगुने पानी में नीबू का रस मिलाकर पिएं तो बेहतर होगा। इससे हाइड्रेशन तो होगा ही साथ ही इम्यूनिटी सिस्टम स्ट्रांग होगा, सर्दी-जुकाम से बचाव होगा और गले की सूदिंग भी होगी। इसमें जरा-सा काला नमक भी मिला सकते हैं।

**पिएं नारियल पानीः** सॉफ्ट ड्रिंक हानिकारक तत्वों, चीनी आदि से भरे होते हैं। प्यास बुझाने के लिए इनका सेवन भूलकर भी न करें। इनकी बजाय नारियल पानी, छाछ, दही आदि फायदेमंद पेय का सेवन करें। नारियल पानी आपके शरीर में इलेक्ट्रोलाइट्स लेवल को ठीक करेगा और दही-छाछ पाचन को दुरुस्त करेंगे।

**पानी को दें नया स्वादः** पानी में पुदीने की पत्तियां, तरबूज के स्लाइस, खीरे के टुकड़े आदि डालकर इसे नया टेस्ट दे सकते हैं। यह टेस्टी लगेगा और फायदेमंद भी रहेगा। आप अपनी पानी की बोतल में नीबू, अदरक या दालचीनी डालकर भी पी सकते हैं। *

(न्यूट्रिशनिस्ट पिंकी गोयल से बातचीत पर आधारित)



इथियोपियाई संसद में बोले पीएम मोदी - भारत-इथियोपिया ने अपने रिश्तों को 'रणनीतिक साझेदारी' का दिया दर्जा

# 'इथियोपिया शेरों की धरती, हम दोस्ती का नया अध्याय लिख रहे'

एजेंसी ▶▶| अदीस अबाबा




प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इथियोपिया के दौरे पर हैं। मंगलवार को इथियोपिया के प्रधानमंत्री अबी अहमद अली ने उन्हें देश के सर्वोच्च सम्मान 'द ग्रेट ऑनर निशान ऑफ इथियोपिया' से सम्मानित किया। बुधवार को पीएम मोदी ने इथियोपिया की संसद को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि यह मेरे लिए गर्व की बात है। यह मेरा सम्मान नहीं, देश का सम्मान है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, 'लोकतंत्र के मंदिर में आना मेरे लिए सम्मान की बात है।' प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राजधानी अदीस अबाबा में इथियोपिया की संसद के संयुक्त सत्र को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि आज आपके सामने खड़ा होना मेरे लिए बड़े सम्मान और सौभाग्य की बात है। इथियोपिया, जिसे शेरों की धरती कहा जाता है, आकर मुझे बेहद खुशी हो रही है। मैं यहां खुद को बिल्कुल अपने घर जैसा महसूस कर रहा हूं, क्योंकि भारत में मेरा गृह राज्य गुजरात भी शेरों की धरती के रूप में जाना जाता है।

## 'हमारा वंदे मातरम और इथियोपिया का राष्ट्रगान एक जैसा'

पीएम मोदी ने कहा कि भारत का राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम और इथियोपिया का राष्ट्रगान, दोनों ही हमारी धरती को मां के रूप में संबोधित करते हैं। ये हमें अपनी विरासत, संस्कृति और सुंदरता पर गर्व करना सिखाते हैं और मातृभूमि की रक्षा के लिए प्रेरित करते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि वह इथियोपिया की संसद, यहां के लोगों और देश की लोकतांत्रिक यात्रा के प्रति गहरा सम्मान लेकर आए हैं और भारत के 1.4 अरब लोगों की ओर से मित्रता, सद्भाव और भाईचारे का संदेश देते हैं।

## 'भारत के लोगों की ओर से सम्मान को स्वीकार करता हूं'

उन्होंने कहा कि इसी भवन में कानून बनते हैं, यहां जनता की इच्छा राज्य की इच्छा बनती है और जब राज्य की इच्छा जनता की इच्छा से मेल खाती है, तभी विकास की गाड़ी आगे बढ़ती है। पीएम मोदी ने कहा कि इस मंच के माध्यम से वह खेतों में काम कर रहे किसानों, नए विचार गढ़ रहे उद्यमियों, समुदायों का नेतृत्व कर रही महिलाओं और इथियोपिया के उस युवा वर्ग से भी संवाद कर रहे हैं, जो देश का भविष्य गढ़ रहा है।

## इथियोपिया में में गूंजा 'वंदे मातरम'

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दो दिवसीय ऐतिहासिक इथियोपिया दौरे के दौरान भारत के राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम' की गूंज सुनाई दी. प्रधानमंत्री मोदी ने बुधवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक वीडियो साझा करते हुए बताया कि इथियोपियाई प्रधानमंत्री अबी अहमद अली द्वारा आयोजित आधिकारिक डिनर के दौरान इथियोपियाई गायकों ने 'वंदे मातरम' का भावपूर्ण गायन किया। पीएम मोदी ने अपनी पोस्ट में लिखा, 'प्रधानमंत्री अबी अहमद अली द्वारा आयोजित कल के भव्य डिनर में इथियोपियाई गायकों द्वारा 'वंदे मातरम' का शानदार गायन किया गया। यह पल बेहद भावुक करने वाला था, खासकर ऐसे समय में जब हम वंदे मातरम के 150 वर्ष पूरे होने को याद कर रहे हैं।'

## पांच बीआरएस विधायकों को मिली क्लीन चिट

**हैदराबाद।** तेलंगाना विधानसभा के अध्यक्ष (स्पीकर) गद्दाम प्रसाद कुमार ने बुधवार को भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के पांच विधायकों के खिलाफ दायर अयोग्यता याचिकाओं को खारिज कर दिया। इन विधायकों पर आरोप था कि उन्होंने सत्तारूढ़ कांग्रेस में शामिल होकर दल-बदल किया है। स्पीकर ने इससे पहले कुल 10 बीआरएस विधायकों को नोटिस जारी किए थे, जिनके खिलाफ विपक्ष की ओर से अयोग्यता याचिकाएं दाखिल की गई थीं. इनमें से आठ विधायकों ने नोटिस का जवाब स्पीकर को सौंप दिया है। वहीं, दो विधायक दानम नागेंद्र और कादियम श्रीहरि अब तक अपना जवाब दाखिल नहीं कर पाए हैं।

एनकाउंटर के दौरान 2 जवान भी घायल

# कबड्डी खिलाड़ी की हत्या में शामिल गैंगस्टर मुठभेड़ में ढेर

एजेंसी ▶▶| मोहाली




मोहाली, चंडीगढ़ के लालड़ू में पुलिस और कबड्डी खिलाड़ी की हत्या में शामिल गैंगस्टर हरपिंदर सिंह उर्फ मिद्दू की एनकाउंटर में मौत हो गई। मोहाली के एसएसपी ने उसकी मौत की पुष्टि की है। पुलिस के मुताबिक ये गैंगस्टर कबड्डी खिलाड़ी कंवर दिग्विजय सिंह उर्फ राणा बलाचौरिया की हत्या की साजिश में शामिल था। हालांकि ये शूटर्स में नहीं था। घायल गैंगस्टर हरपिंदर सिंह उर्फ मिद्दू तरन तारन का रहने वाला था। इसका पीछा करते वक्त दो पुलिस के जवान भी घायल हुए हैं।

### अब तक दो की गिरफ्तारी

15 दिसंबर को दिग्विजय सिंह राणा की हत्या हुई थी। अब तक दो आरोपी मोहाली कबड्डी खिलाड़ी की हत्या के सिलसिले में गिरफ्तार हुए हैं। मोहाली के SSP हरमनदीप सिंह हंस ने बताया कि इनमें से एक एशदीप सिंह है, जिसे दिल्ली एयरपोर्ट से कल गिरफ्तार किया गया। जबकि उसकी सूचना के आधार जुगराज सिंह को अमृतसर से अरेस्ट किया गया।

**वारदात में 5-6 लोग शामिल :** पूरी पूछताछ में पता चला कि इस वारदात में पांच से छह लोग शामिल थे। इनमें दो एक्टिव शूटर थे, जबकि चार अन्य लोग उन्हें सपोर्ट कर रहे थे। इनमें से एक का बुधवार को एनकाउंटर हुआ है। यह आरोपी पांच से छह वारदातों में शामिल था और एक्टिव शूटरों को सपोर्ट कर रहा था। हत्या में प्रयोग बाइक और एक वाहन बरामद बरामद किया गया है।

**कार्यालय नगर पंचायत प्रतापपुर जिला-सूरजपुर (छ.ग.)**
Email Id:- nagarpanchayatpratappur@gmail.com
क्रमांक / 1220 / न.प./2025-26 प्रतापपुर, दिनांक 16/12/2025
**ई-प्रोक्योरमेंट तृतीय निविदा आमंत्रण सूचना**
Main Portal:- (http://eproc.cgstate.gov.in)
नगर पंचायत प्रतापपुर द्वारा एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदार से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु ऑन लाईन ई-निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र. | सिस्टम टेण्डर न. | कार्य का विवरण | लागत राशि | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र शुल्क | निविदा दर प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 181829 | Design, Construction, Testing, Commissioning of All The Components of Interception and Diversion Based Sewage Treatment Plant (STP) Work Including 05 Years of Operation and Maintenance of The Entire System in Nagar Panchayat, Pratappur under SBM 2.0 | 186.13 | 150000.00 | 10000.00 | 31/12/2025 Upto 5.00 pm |

उपरोक्तानुसार कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल के मेन पोर्टल http://eproc.cgstate.gov.in अथवा विभागीय बेवसाईट www.uad.cg.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है, एवं कार्यालयीन अवधि में कार्यालय आकर जानकारी प्राप्त की जा सकती है।
मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगर पंचायत प्रतापपुर जिला-सूरजपुर (छ.ग.)

# कोमा से बाहर आया बॉन्डी बीच का हमलावर अकरम



**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया के सिडनी में बॉन्डी बीच हमले का 25 वर्षीय आरोपी नवीद अकरम कोमा से बाहर आ गया है। ऑस्ट्रेलियाई पुलिस ने उसे अस्पताल के बिस्तर पर ही गिरफ्तार कर लिया। जांचकर्ताओं का कहना है कि कानूनी प्रक्रिया आगे बढ़ाने से पहले वो यह सुनिश्चित करना चाहते थे कि नवीद मानसिक रूप से सजग हो और प्रक्रियाओं को समझ सके। साजिद अकरम पुलिस की जवाबी कार्रवाई में मारा गया, नवीद को गोली लगने के बाद वो कोमा में चला गया था। ऑस्ट्रेलियाई मीडिया आउटलेट्स के अनुसार, वो मंगलवार दोपहर को होश में आया। 'जैसे ही वो होश में आया, उसने देखा कि उसके बिस्तर के पास खड़े जांच अधिकारी उसे गिरफ्तार करने का इंतजार कर रहे हैं।' इसके बाद, डॉक्टरों ने उसे सजग घोषित किया और उसे गिरफ्तार कर लिया गया।




## पाक ने भारतीय विमानों पर एयरस्पेस बैन बढ़ाया

**इस्लामाबाद।** ऑपरेशन सिंदूर को अब पांच महीने से ज्यादा का वक्त बीत चुका है। इस ऑपरेशन के तहत भारतीय सुरक्षाबलों ने पहलगाम में हुए आतंकी हमले का पाकिस्तान को कड़ा जवाब दिया था। कार्रवाई के दौरान पाकिस्तान के कई सैन्य और आतंकी ठिकानों को नुकसान पहुंचाया गया। इन हमलों के बाद से पाकिस्तान अब तक पूरी तरह उबर नहीं सका है। भारत को इस पूरे घटनाक्रम में पाकिस्तान कोई ठोस नुकसान नहीं पहुंचा सका. इसी वजह से पाकिस्तान की नाराजगी अब भी बनी हुई है। इसी गुस्से में पाकिस्तान ने भारतीय विमानों पर लगाए गए हवाई क्षेत्र प्रतिबंध को एक महीने और बढ़ाने का फैसला किया है। नए फैसले के तहत भारतीय विमान अब अगले एक महीने तक भी पाकिस्तान के हवाई क्षेत्र में प्रवेश नहीं कर सकेंगे। यह प्रतिबंध अब 23 जनवरी 2026 तक लागू रहेगा। पाकिस्तान ने अप्रैल में जम्मू और कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के बाद अपने हवाई क्षेत्र को भारतीय एयरलाइंस के लिए बंद कर दिया था। इसके जवाब में भारत ने भी पाकिस्तान के विमानों के लिए समान प्रतिबंध लगाया है।

# भारत ने बांग्लादेश के हाई कमिश्नर को किया तलब



**ढाका ।** भारत ने ढाका में भारतीय हाई कमीशन को हाल ही में मिली धमकियों और बांग्लादेशी राजनीतिक नेताओं के भारत विरोधी भड़काऊ बयानों पर औपचारिक विरोध दर्ज कराने के लिए नई दिल्ली में बांग्लादेश के राजदूत रियाज हामिदुल्लाह को तलब किया है और ढाका में भारतीय वीजा एप्लीकेशन सेंटर भी बंद कर दिया है। विदेश मंत्रालय ने बताया भारत ने बांग्लादेश में बिगड़ते सुरक्षा माहौल को लेकर बांग्लादेशी हाई कमिश्नर के समक्ष अपनी गहरी चिंता व्यक्त की, रियाज के समक्ष ढाका में भारतीय उच्चायोग को मिली धमकी पर अपनी चिंता जताई।

**यह है मामला :** हामिदुल्लाह को तलब सोमवार को नेशनल सिटिजन पार्टी (एनसीपी) के हसनात अब्दुल्ला द्वारा दी गई चेतावनी के एक दिन बाद किया गया है। उन्होंने कहा था कि ढाका भारत विरोधी ताकतों को पनाह दे सकता है। साथ ही कहा था कि भारत की सात बहनों अरुणाचल प्रदेश, असम, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नागालैंड और त्रिपुरा को अलग करने में मदद कर सकता है। अब्दुल्ला ने ये टिप्पणियां ढाका के सेंट्रल शहीद मीनार में एक सभा को संबोधित करते हुए की। अब्दुल्ला ने कहा, 'हम अलगाववादी और भारत विरोधी ताकतों को पनाह देंगे। फिर हम सात बहनों को भारत से अलग कर देंगे।

### ढाका में बंद किया गया वीजा आवेदन केंद्र

बांग्लादेश की राजधानी ढाका में मौजूदा सुरक्षा स्थिति को देखते हुए भारत ने बुधवार को अपना भारतीय वीजा आवेदन केंद्र (आईवीएसी) अस्थायी रूप से बंद कर दिया है। यह केंद्र ढाका के जमुना फ्यूचर पार्क में स्थित है और राजधानी में सभी भारतीय वीजा सेवाओं का मुख्य, एकीकृत केंद्र माना जाता है। आईवीएसी ने एक बयान में कहा कि सुरक्षा हालात को ध्यान में रखते हुए बुधवार को दोपहर 2 बजे के बाद केंद्र बंद कर दिया गया। केंद्र ने यह भी स्पष्ट किया कि जिन लोगों की आज आवेदन जमा करने की अपॉइंटमेंट थी, उनकी तारीख आगे के लिए पुनर्निर्धारित की जाएगी।

रजिस्ट्री सं. डी.एल.- 33004/99 REGD. No. D. L.-33004/99

**भारत का राजपत्र**
**The Gazette of India**

सी.जी.-सी.जी.-अ.- 29112025-268062
CG-CG-E- 29112025-268062
असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (ii)
PART II—Section 3—Sub-section (ii)
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 5115] नई दिल्ली, बुधवार, नवम्बर 19, 2025/ कार्तिक 28, 19477
No. 5115] NEW DELHI, WEDNESDAY, NOVEMBER 19, 2025/KARTIK 28, 1947

**रेल मंत्रालय**
**(दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे)**
**अधिसूचना**
**बिलासपुर 18 नवम्बर, 2025**
**रेल अधिनियम 1989 की धारा 20E के अंतर्गत अधिसूचना**

**का.आ. 5286 (अ)**– – केंद्रीय सरकार, रेल अधिनियम 1989 (1989 का 24) (जिसे इसमें इसके पश्चात उक्त अधिनियम गया है) की धारा 20 (A) की उप-धारा (1) के अधीन जारी, भारत के राजपत्र, साधारण, भाग II, खंड 3 उपखंड (II) में प्रकाशित, भारत सरकार के रेल मंत्रालय (रेलवे बोर्ड) की अधिसूचना संख्या का.आ. 4083, तारीख 16.09.2025 (जिसे इसमें इसके पश्चात उक्त अधिसूचना कहा गया है) द्वारा उक्त अधिसूचना में उपलब्ध अनुसूची में विनिर्दिष्ट भूमि को, छत्तीसगढ़ राज्य के चिरमिरी नागपुर रोड हाल्ट रेल परियोजना (17 कि.मी.) (पिंक बुक क्रमांक 9 वर्ष 2018- 2019 के अन्तर्गत चिरमिरी नागपुर रोड हाल्ट रेल परियोजना (17 कि.मी.) के निष्पादन के लिए अर्जित करने के अपने आशय कि घोषणा की थी !

(1.) 20 (E) अधिसूचना संख्या 3834 दिनांक रू 27.08.2025 को जारी किया गया था जिसमे कृषक के नामों मे कुछ त्रुटियां पायी गई थी जिसका संदर्भित पत्र सक्षम प्राधिकारी के कार्यालय के द्वारा पत्र क्रमांक 6666/अप.क्ले./भू.अर्जन/वाचक/2025 दिनांक: 31.10.2025 के द्वारा जारी किया गया है। त्रुटियों को सुधार कर पुन: प्रकाशन किया जा रहा है।

(2.) उक्त अधिनियम कि धारा 20 (A) की उप धारा (4) के अधीन उक्त अधिसूचना संख्या का. आ. 4083 का सार दैनिक समाचार पत्र, अर्थात दैनिक भास्कर (हिंदी) बिलासपुर दिनांक 09.10.2025 समाचार पत्र, अर्थात समय क्रान्ति (हिंदी) बैकुन्ठपुर दिनांक 09.10.2025 एवं सी.जी. फ्रन्ट लाइन (हिंदी) सरगुजा/अंबिकापुर में दिनांक 09.10.2025 सेन्ट्रल क्रॉनिकल (अंग्रेजी) दिनांक 09.10.2025 में प्रकाशित किया गया था, सभी आपत्तियों का निराकरण सक्षम प्राधिकारी के कार्यालय के द्वारा कर दिया गया है, जिसका संदर्भित पत्र सक्षम प्राधिकारी के कार्यालय के द्वारा पत्र क्रमांक 6666/अप.क्ले./भू.अर्जन/वाचक/2025 दिनांक: 31.10.2025 के द्वारा जारी किया गया है।

उक्त अधिनियम की धारा 20 (E) कि उप-धारा (1) के अनुसरण में सक्षम अधिकारी ने अपनी रिपोर्ट केन्द्रीय सरकार को प्रस्तुत कर दी है, अत: अब, केन्द्रीय सरकार सक्षम अधिकारी से उक्त रिपोर्ट प्राप्त होने पर और उक्त रेल अधिनियम 1989 की धारा 20 (E) की उप-धारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए यह घोषणा करती है कि इससे उपबद्ध अनुसूचि में विनिर्दिष्ट भूमि पूर्वोक्त प्रयोजन के लिए अर्जित की जाएगी, और यह केन्द्रीय सरकार की उक्त अधिनियम की धारा 20 (E) की उप धारा (2) के अनुसरण में यह घोषणा करती है कि इस अधिसूचना के राजपत्र में प्रकाशित होने पर इससे उपबद्ध अनुसूची में विनिर्दिष्ट भूमि सभी विल्लंगनों से मुक्त होकर केन्द्रीय सरकार में आत्यंतिक रूप से निहित हो जाएगी।

1.

| क्र. | खसरा नंबर | रकबा हेक्टेयर में | भूमि का प्रकार | कृषक का नाम |
|---|---|---|---|---|
| ग्राम चिरईपानी, तहसील मनेन्द्रगढ जिला मनेन्द्रगढ़ चिरमिरी भरतपुर (छ.ग.) | | | | |
| 1 | 36 | 0.010 | निजी भूमि | हिरामती, संतोष, राजेन्द्र आ. रामगोपाल सत्यनारायण आ. नंन्दलाल भगमनिया पुत्री नंन्दलाल, रामलाल, मदन लाल, जलेश्वर पिता जगरनाथ, मानमति पुत्री जगरनाथ, दुर्गावती पति नंदलाल |
| 2 | 38/2 | 0.170 | निजी भूमि | लालबहादुर आ. शिवप्रसाद, अनिल सिंह आ. शिवप्रताप, उर्मिला, बॉबी बाई पत्नी शिव प्रताप |
| 3 | 37/2 | 0.025 | निजी भूमि | मोहरसाय आ. जगदीश, कविलासो बेवा जगदीश, रामप्रसाद, कुन्ती, शिव प्रसाद, शन्ती आ. दुर्जन |
| 4 | 37/4 | 0.130 | निजी भूमि | धुरपत आ. इन्द्रपाल |
| 5 | 21/18 | 0.010 | निजी भूमि | उर्मिला बाई, सुर्मिला, प्रमिला आ. शिवभरोष मोहन पिता नान्हू, सीताराम, राजाराम रामचरन पिता हरिदीन, देवकुंवर पति लालसाय प्रेमचंद आ. बंधू |
| 6 | 34 | 0.001 | निजी भूमि | संतोष, राजेन्द्र कुमार दोनों आ. रामगोपाल, मानमती पिता जगरनाथ, सत्यनारायण आ. नन्दलाल, ना.बा. भगमनिया आ. नन्दलाल, दुर्गावती बेवा नन्दलाल, रामलाल आ. जगरनाथ, मदनलाल आ. जगरनाथ जुलेश्वर आ. जगरनाथ, हिरमतिया पत्नी रामगोपाल |
| ग्राम सरोला, तहसील मनेन्द्रगढ जिला मनेन्द्रगढ़ चिरमिरी भरतपुर (छ.ग.) | | | | |
| 7 | 111 | 0.160 | निजी भूमि | शांति बाई बेवा सुन्दरसाय, सुखदेवलाल, चुन्नीलाल, प्रेमवती आ. सुन्दरसाय, छबीलाल आ. शीगल, फुलेश्वरी बेवा परसराम, राजेश कुमार यादव आ. परसराम इन्द्रकुमारी, चकवती पुत्री पारसराम, बसंत पिता शीगल |
| ग्राम बंजी, तहसील मनेन्द्रगढ जिला मनेन्द्रगढ़ चिरमिरी भरतपुर (छ.ग.) | | | | |
| 8 | 109/29 | 0.160 | निजी भूमि | मूलचंन्द्र, सुरेशचन्द्र, हेमचंद, रमेशचन्द्र, पिता शिवचरन, मुन्नाराम पिता रामजीत गौरी, गंगोत्री पुत्री रामजीत |
| 9 | 111/8 | 0.020 | निजी भूमि | सरतुराम आ. शर्माराम |
| 10 | 104 | 0.120 | निजी भूमि | ना.बा. सोनालाल आ. बिजेन्द्रलाल पालक माता कैलाश कुमारी पति बिजेन्द्र लाल |
| 11 | 106 | 0.060 | शासकीय भूमि | शासकीय भूमि |
| 12 | 5/8 | 0.010 | निजी भूमि | विवेक कुमार प्रजापति आ. भुनेश्वर प्रसाद प्रजापति |
| 13 | 109/34 | 0.010 | निजी भूमि | रामकृष्ण, तेजबली पिता शिवकुमार, हंशराय, दीपचन्द पिता हरिचरण, सतरूपा, गीता, सुरेगलता, पिता हरिचरण |
| 14 | 39/2 | 0.030 | निजी भूमि | अजय कुमार आ. अमीरसाय, गंगा, लक्ष्मी, सरस्वती पुत्री अमीरसाय, कौशिल्या बाई पति स्व. अमीरसाय |
| 15 | 39/3 | 0.020 | निजी भूमि | शिवकुमार, रामकुमार, हेमलता, पिता सुबरन, सावित्री पति सुबरन |
| 16 | 39/4 | 0.010 | निजी भूमि | नर्बदा पिता सदन |
| 17 | 38/3 | 0.010 | निजी भूमि | अजय कुमार आ. अमीरसाय, गंगा, लक्ष्मी, सरस्वती पुत्री अमीरसाय, कौशिल्या बाई पति स्व. अमीरसाय |
| ग्राम खैरबना, तहसील मनेन्द्रगढ जिला मनेन्द्रगढ़ चिरमिरी भरतपुर (छ.ग.) | | | | |
| 18 | 338 | 0.020 | निजी भूमि | दोषमोहम्मद, शाह मोहम्मद आ. आलम खान |
| 19 | 342 | 0.030 | निजी भूमि | इतवारिया, समयलाल, सावित्री आ. बैसाखु, शांति, सुशीला पुत्री बुधु, कुइसी बेवा बुधु |
| 20 | 341/1 | 0.460 | निजी भूमि | इतवारिया बेवा बैसाखू, समयलाल आ. बैसाखू, सावित्री पुत्री बैसाखु, शांति, सुशीला पुत्री बुधु. कुइसी बेवा बुधु |
| 21 | 316 | 0.020 | निजी भूमि | प्रेम सिह, संम्पत सिह, भोला सिह कृष्ण कन्हैया, केवला सिंह आ. नंन्दलाल सिंह |
| 22 | 322/1 | 0.380 | निजी भूमि | गुलाम नबी आ. जयारत खान |
| 23 | 322/2 | 0.800 | निजी भूमि | गुलामरसूल आ. जयारत खान |
| 24 | 315 | 0.010 | निजी भूमि | प्रेम सिंह, संम्पत सिह, भोला सिंह, कृष्ण कन्हैया, केवला सिंह आ. नंन्दलाल सिंह |
| 25 | 317 | 0.140 | निजी भूमि | प्रेम सिह, संम्पत सिह, भोला सिह, कृष्ण कन्हैया, केवला सिंह आ. नंन्दलाल सिंह |
| 26 | 313 | 0.050 | निजी भूमि | प्रेम सिह, संम्पत सिह, भोला सिह, कृष्ण कन्हैया, केवला सिंह आ. नंन्दलाल सिंह |
| 27 | 325 | 0.660 | निजी भूमि | मेवालाल, धरम सिंह आ. बोगा, गेंदिया बाई बेवा बोगा, जयपाल, प्रभूसिंह आ. देवसाय, फूलबसिया बेवा देवसाय, लाल सिंह, सुमित्रा, प्रेमा बाई पुत्री चन्द्रभान |
| 28 | 243 | 0.230 | निजी भूमि | सोनकली बेवा बच्चालाल, प्रताप सिंह, सुनील सिंह, अजय सिंह, लालसाय आ. धीरू, बाई पुत्री धीरू, बिलसिया बेवा धीरू संजय सिंह, अमृता सिंह माता सावित्री |
| 29 | 183 | 0.110 | निजी भूमि | राय सिंह आ. रामसाय, सुकवरिया पुत्री रामसाय गोंड़ |
| 30 | 263/1 | 0.130 | निजी भूमि | मंगल, बच्चन, ललुवा, गेंदी आ. ललुवा, फुलबस बेवा ललुवा |
| 31 | 271 | 0.340 | निजी भूमि | बुधीबाई, सुधीबाई, पुत्री तिलक राम फुलमतिया बेवा तीलकराम, बिरझू आ. रानू |
| ग्राम सरभोका, तहसील मनेन्द्रगढ जिला मनेन्द्रगढ़ चिरमिरी भरतपुर (छ.ग.) | | | | |
| क्र. | खसरा नंबर | रकबा हेक्टेयर में | भूमि का प्रकार | कृषक का नाम |
| 32 | 267 | 0.600 | शासकीय भूमि | बाबुलाल आ. पुसु अहीर (तिरंगा पट्टा धारक) |
| 33 | 268 | 0.170 | शासकीय भूमि | बीरबल आ. बाबुलाल अहीर (तिरंगा पट्टा धारक) |
| 34 | 269 | 0.410 | शासकीय भूमि | प्रभावती पुत्री पुरन अहीर (तिरंगा पट्टा धारक) |
| 35 | 270 | 0.920 | शासकीय भूमि | शिवबालक पिता लखनलाल अहीर पालक सम्पतलाल अहीर (तिरंगा पट्टा धारक) |
| 36 | 271 | 0.370 | शासकीय भूमि | तेजीलाल आ. सुखी (तिरंगा पट्टा धारक) |
| 37 | 275 | 0.140 | शासकीय भूमि | धीरसाय आ. दुरू चेरवा (तिरंगा पट्टा धारक) |
| 38 | 276 | 0.260 | शासकीय भूमि | सोमारसाय आ0 हीरालाल (तिरंगा पट्टा धारक) |
| 39 | P-755 | 0.250 | शासकीय भूमि | रामकुमार आ0 धनसाय (वन अधिकार पत्रक धारक) |
| 40 | P-755 | 0.460 | शासकीय भूमि | विजय सिंह आ. हिरा सिंह (वन अधिकार पत्रक धारक) |
| 41 | P-755 | 0.410 | शासकीय भूमि | कौशिल्या पति धीरसाय (वन अधिकार पत्रक धारक) |
| 42 | P-755 | 0.170 | शासकीय भूमि | सुकाल सिंह आ. जय सिंह (वन अधिकार पत्रक धारक) |
| 43 | P-755 | 0.230 | शासकीय भूमि | प्रीतम सिंह आ. राम सिंह (वन अधिकार पत्रक धारक) |
| 44 | P-755 | 0.150 | शासकीय भूमि | मंगलसाय आ. धनसाय (वन अधिकार पत्रक धारक) |
| 45 | P-755 | 0.270 | शासकीय भूमि | रामसुन्दर सिंह आ. भोला (वन अधिकार पत्रक धारक) |
| ग्राम, चित्ताझोर तहसील चिरमिरी जिला मनेन्द्रगढ़ चिरमिरी भरतपुर (छ.ग.) | | | | |
| 46 | 58 | 0.250 | निजी भूमि | प्रेमचन्द्र पिता बेचू, सुमरिया पति बेचू, कमला पिता बेचू चंदा सिंह पिता बेचू, ज्योति पिता बेचू, महेन्द्र सिंह पिता रामचन्द्र, ममता पिता रामचन्द्र, उर्मिला पिता रामचन्द्र, संजना (ना.बा.) पिता रामचन्द्र, नीतू (ना.बा.) पिता रामचन्द्र, लीलावती पति रामचन्द्र, राजू सिंह (ना.बा.) पिता शिवशंकर, पियूष (ना.बा.) पिता शिवशंकर, अंकित (ना.बा.) पिता शिवशंकर, पिंकी सिंह (ना.बा.) पिता शिवशंकर, रामवती पति शिवशंकर, जाति गोंड़, निवासी चित्ताझोर |
| 47 | 60/1 | 0.010 | निजी भूमि | रामकिशुन पिता देवप्रसाद, रामकली पिता देवप्रसाद, कलेशिया बाई पति देवप्रसाद, बालगोविन्द पिता हीरासाय, जाति बरगाह, निवासी चित्ताझोर |
| 48 | 62 | 0.020 | निजी भूमि | श्रीराम पिता शिवबचन, हरीराम पिता शिवबचन, मनियारो पति शिवबचन, फुलसाय पिता जतन, जाति पण्डो, निवासी चित्ताझोर |
| 49 | 64/1 | 0.070 | निजी भूमि | इन्दरमनिया पति दखलसाय, सुखदेव पिता दखलसाय, धनुराम पिता दखलसाय, सुमित्रा पिता दखलसाय, लक्ष्मी पिता दखलसाय, जाति पण्डो निवासी चित्ताझोर |
| 50 | 64/3 | 0.050 | निजी भूमि | रामदेव पिता केन्दाराम, जाति पण्डो निवासी चित्ताझोर |
| 51 | 132/2 | 0.030 | शासकीय भूमि | लोक स्वास्थ्य विभाग |
| 52 | 133/6 | 0.057 | निजी भूमि | सुरेश पाल पिता राजमन, जाति गड़ेरी, निवासी चित्ताझोर |
| 53 | 133/7 | 0.056 | निजी भूमि | सुनीता पिता रामनाथ, अनीता पिता रामनाथ, शान्ति पिता रामनाथ, जाति गडेरी, निवासी चित्ताझोर |
| 54 | 133/8 | 0.078 | निजी भूमि | मुकेश पाल पिता रामनारायन, विजय पाल पिता रामनारायन, पिन्टू पाल पिता रामनारायन, अराधना पिता रामनारायन, सविता पिता रामनारायन, जाति गडेरी निवासी चित्ताझोर |
| | महायोग | 9.767 ha | | |

2.

| क्र. | खसरा नंबर | रकबा हेक्टेयर में | भूमि का प्रकार | कृषक का नाम |
|---|---|---|---|---|
| ग्राम चिरईपानी, तहसील मनेन्द्रगढ जिला मनेन्द्रगढ़ चिरमिरी भरतपुर (छ.ग.) | | | | |
| 1 | 169/5 | 0.017 | निजी भूमि | राविदिया पति भुनेश्वर |
| 2 | 169/16 | 0.008 | निजी भूमि | कान्तीबाई पति रूपसाय |
| 3 | 169/15 | 0.004 | निजी भूमि | शांति पति नवरतन |
| ग्राम बंजी, तहसील मनेन्द्रगढ जिला मनेन्द्रगढ़ चिरमिरी भरतपुर (छ.ग.) | | | | |
| 4 | 36/1 | 0.100 | निजी भूमि | उर्मिला बाई पति शर्माराम |
| 5 | 36/3 | 0.060 | निजी भूमि | मोतीलाल पिता शिवरतन |
| 6 | 4/2 | 0.020 | निजी भूमि | रामकृष्ण, तेजबली आ. शिवकुमार, हंसराय, दीपचंद आ. हरिचंद, सतरूपा, गीता, सुरेगलता पुत्री हरिचरण |
| 7 | 4/1 | 0.004 | निजी भूमि | बसंती बाई आ. स्व. रंजीत, देवचरण पिता चकधारी |
| 8 | 107/4 | 0.015 | निजी भूमि | श्रीराम आ. रतन |
| | महायोग | 0.228 | | |

**Total land acquired- 36.62 (36.392 +0.228) Hectare**

[फा. सं. Dy.CE/Con/North/BSP/Chirmiri - Nagpur Road Halt/]

सीपीआर/10/524 **विजय कुमार साहू, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी (निर्माण)**

# ग्राम परसडीहा निवासी महिला के घर से मृत बाघ का नाखून व बाल बरामद

हरिभूमि न्यूज, अंबिकापुर

करंट लगाकर बाघ का अवैध शिकार करने के मामले में वन अधिकारियों को बड़ी सफलता मिली है। वन अधिकारियों ने ग्राम परसडीहा निवासी एक महिला से बाघ का नाखून व बाल बरामद किया है। अधिकारियों ने गांव के 7 संदेहियों को हिरासत में लिया है।

करंट से बाघ की मौत होने के मामले में वन अधिकारियों ने जांच तेज कर दी है। मामले की जांच में सूरजपुर, वनमण्डल, बलरामपुर वन मंडल एवं वाइल्ड लाइफ की टीम जुटी है। प्रारंभ में घटनास्थल से सटे ग्राम परसडीहा के ग्रामीणों द्वारा घटना को अंजाम देने की संभावना जताई जा रही थी। जांच के दौरान ग्राम परसडीहा निवासी एक ग्रामीण द्वारा बुधवार को मृत बाघ का शव देखने एवं इसकी सूचना सरपंच को देने की जानकारी मिली। अधिकारियों द्वारा सरपंच सहित अन्य ग्रामीणों से पूछताछ में इसकी पुष्टि होने पर अधिकारियों ने ग्रामीण को हिरासत में लेकर पूछताछ की। पूछताछ में ग्रामीण ने बुधवार को बाघ का शव देखने की पुष्टि की लेकिन वह बाघ से संबंधित कोई अन्य सूचना नहीं दे सका। इस बीच वन अधिकारियों द्वारा परसडीहा निवासी कुछ ग्रामीणों द्वारा करंट की बाड़ लगाकर जंगली सुअर का शिकार करने की जानकारी मिली। सूचना के आधार पर वन अधिकारियों ने गांव की एक महिला को पूछताछ की तो कुछ संदेहास्पद जानकारी मिली। वन अधिकारियों द्वारा महिला से सख्तीपूर्वक पूछताछ करने पर उससे बाघ का शिकार करने के संबंध में कुछ महत्वपूर्ण सुराग मिले। महिला के घर की जांच में वन अधिकारियों को बाघ का नाखून व बाल मिला है। वन अधिकारियों ने मामले में 7 संदेहियों को हिरासत मे लिया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए वन अधिकारी इस संबंध में कुछ भी बताने से बच रहे हैं तथा अधिकांश वन अधिकारियों ने अपना मोबाइल बंद कर दिया है। वन अधिकारी इस संबंध में महत्वपूर्ण सुराग मिलने एवं जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार करने का दावा कर रहे हैं।

### हिरासत में 7 संदेही, वन अधिकारी कर रहे पूछताछ

### जल्द होगी गिरफ्तारी

मामले की जांच में कुछ महत्वपूर्ण सुराग मिले हैं तथा संदेहियों से पूछताछ की जा रही है। जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा।

**-दुलेश्वर साहू**, डीएफओ सूरजपुर

# आखिरकार पिंजरे में कैद हुई शावकों के साथ मादा भालू



**मनेन्द्रगढ़।** लंबे समय से जिला मुख्यालय और आसपास के इलाकों में दहशत का कारण बनी मादा भालू और उसके दो शावकों को पकड़ने में आखिरकार वन विभाग को सफलता मिल गई। कई दिनों की निगरानी, रणनीति और कड़ी मशक्कत के बाद वन अमले ने यह अभियान सफलतापूर्वक पूरा किया। इस कार्रवाई के बाद शहरवासियों और ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों ने राहत की सांस ली है। जानकारी के अनुसार बीते कुछ समय से मनेन्द्रगढ़ नगर और उससे लगे रिहायशी इलाकों में मादा भालू अपने दो शावकों के साथ विचरण कर रही थी। भालू के बार-बार आबादी क्षेत्र में आने से आमजन में भय का माहौल बन गया था। सुबह-शाम लोग घरों से निकलने में हिचकिचा रहे थे, वहीं बच्चों और बुजुर्गों की सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई थी। कई स्थानों पर भालू के दिखाई देने की खबरें सामने आने के बाद वन विभाग ने तत्काल स्थिति की गंभीरता को समझते हुए विशेष टीम का गठन किया।

- मनेन्द्रगढ़ में दहशत का कायम रहा माहौल, वन विभाग को मिली सफलता

वन विभाग द्वारा पहले चरण में क्षेत्र की लगातार निगरानी की गई और भालू के मूवमेंट को चिन्हित किया गया। इसके बाद रणनीति के तहत शावकों को सुरक्षित पकड़ने के लिए पिंजरे लगाए गए। प्रयास रंग लाया और दोनों शावक वन पिंजरे में फंस गए। शावकों के पकड़े जाने के बाद मादा भालू को काबू में करना चुनौतीपूर्ण था, क्योंकि वह आक्रामक व्यवहार दिखा सकती थी। ऐसे में वन विभाग की टीम ने पूरी सतर्कता के साथ ट्रैंकुलाइज करने की प्रक्रिया अपनाई। विशेषज्ञों की मौजूदगी में मादा भालू को ट्रैंकुलाइज कर सुरक्षित रूप से पकड़ा गया।

भालू के रेस्क्यू में बिलासपुर से डॉ. चंदन, डॉ. अजीत पांडे अंबिकापुर, वनमंडलाधिकारी मनेन्द्रगढ़ मनीष कश्यप, एसडीओ अवधेश सिंह, वन परिक्षेत्राधिकारी मनेन्द्रगढ़ रामसागर कुर्रे, वनपरिक्षेत्राधिकारी बिहारपुर बलराज सिंह पैकरा समेत अन्य कर्मी सक्रिय रहे।

## 40 हजार रुपए की रिश्वत लेते सहकारिता निरीक्षक गिरफ्तार

अम्बिकापुर। एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने बुधवार की देर रात सूरजपुर जिले में एक सहकारिता निरीक्षक को 40 हजार रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा है। आरोपी सहकारिता निरीक्षक के सोसायटी में लेखापाल के पद पर नियुक्ति आदेश देने के नाम पर 1.50 लाख रुपए की मांग की गई थी और 80 हजार रुपए में डील तय हुई। एसीबी द्वारा आरोपी निरीक्षक को हिरासत में लिया गया है। बताया जा रहा है कि सूरजपुर जिले के प्रतापपुर करसी निवासी 25 वर्षीय शुभम जायसवाल आ.पारसनाथ जायसवाल ने 17 दिसम्बर को एसीबी डीएसपी कार्यालय में आकर शिकायत दर्ज कराई थी।

## कड़ाके की ठंड से 3 प्रदर्शनकारी बीमार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिहारपुर

चांदनी बिहारपुर क्षेत्र के डेढ़ दर्जन विद्युत विहीन गांवों में विद्युत विस्तार की मांग लेकर पिछले दो दिनों से चल रही अनिश्चित कालीन हड़ताल अब हड़ताली जनप्रतिनिधियों के लिए खतरनाक साबित हो रही है तथा भीषण ठंड में प्रदर्शनकारी बीमार पड़ रहे हैं।दूरस्थ चांदनी-बिहारपुर क्षेत्र के डेढ़ दर्जन गांवों में अभी तक विभाग विद्युत विस्तार नहीं कर सका है। क्षेत्रवासियों की मांग पर विभाग अब तक 5-6 बार प्रभावित ग्रामों का सर्वे करा चुका है लेकिन विद्युत विस्तार का कार्य अब तक शुरू नहीं हो सका है।


## छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय, बिलासपुर

**सूचना**

कमांक 23711/दो-14-1/2025 बिलासपुर, दिनांक 17/12/2025

Adv. No. 05/Legal Assistant/2025

छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय, बिलासपुर में लीगल असिस्टेंट के पद हेतु प्राप्त आवेदन पत्रों की जॉच पश्चात पात्र एवं अपात्र अभ्यर्थियों की अनंतिम सूची (provisional list) छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय, बिलासपुर की वेबसाईट पर अपलोड कर दी गई है।

उक्त पद हेतु उपरोक्तानुसार पात्र/अपात्र पाये गये अभ्यर्थियों को यदि कोई आपत्ति हो तो वे दिनांक 24/12/2025 को सायं 05.00 बजे तक अपना दावा--आपत्ति छ.ग. उच्च न्यायालय, बिलासपुर के ई-मेल (rec.cghc@cg.gov.in) पर प्रेषित कर सकते है।

विस्तृत जानकारी/सूची छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय, बिलासपुर की वेबसाइट https://highcourt.cg.gov.in पर देखा जा सकता है।

(रजनीश श्रीवास्तव)
रजिस्ट्रार जनरल

जी. 252605548/2

## छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी विपणन संघ मर्यादित

छठवी मंजिल, टॉवर "सी", कमर्षियल कॉम्प्लेक्स, सी.बी.डी सेक्टर- 21, नवा रायपुर अटल नगर, (छ.ग), 492002 website- www.markfed.cg.nic.in Email.id; mf_ctrlroom_raipur@gov.in

क्र./विपणन/आई.टी/4844/2025 न.रा.अ.न. दिनांक 17.12.2025

**खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में फोर्टिफाईड राईस कर्नेल (एफआरके) के दर निर्धारण एवं कस्टम मिलर्स को एफआरके आपूर्ति हेतु ऑनलाईन ई-निविदा सूचना**

छ.ग. राज्य सहकारी विपणन मर्यादित द्वारा खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में उपार्जित धान की कस्टम मिलिंग से प्राप्त परिणामी चावल के फोर्टिफिकेशन के लिए आवश्यक फोर्टिफाईड राईस कर्नेल (एफ.आर.के.) के दर निर्धारण एवं एफआरके निर्माताओं से कस्टम राईस मिलर्स को एफआरके आपूर्ति हेतु Star AgriBazaar Technology Private Limited के आनलाईन ई-निविदा प्लेटफार्म के माध्यम से ई-निविदा आमंत्रित की जाती है, इस हेतु Star AgriBazaar Technology Private Limited द्वारा निविदा की कार्यवाही दिनांक 19.12.2025 से प्रांरभ की जावेगी। निविदा संबंधी समस्त जानकारी Star AgriBazaar Technology Private Limited की वेबसाइट www.agribazaar.com और विपणन संघ की वेबसाइट www.markfed.cg.nic.in पर उपलब्ध है। उक्त विषय पर किसी भी प्रकार की जानकारी के लिए Star AgriBazaar Technology Private Limited के Email: csmarkfed@agribazaar.com एवं फोन नंबर (+91) 9090397777 पर संपर्क किया जा सकता है।

प्रबंध संचालक महोदय द्वारा अनुमोदित:

अपर प्रबंध संचालक

## कार्यालय कलेक्टर (महिला एवं बाल विकास विभाग)

पांच बिल्डिंग परिसर, जिला-दुर्ग (छ.ग.)
Phone No. :- 0788-2323704,
E-Mail ID : dpodurg@gmail.com

**''मिशन शक्ति अंतर्गत महिला सशक्तिकरण केन्द्र हब (Hub For Empowerment of Women), सखी निवास एवं शक्ति सदन की संविदा स्वीकृत पद की पूर्ति हेतु पात्र आवेदकों से आवेदन आमंत्रित करने की तिथि में वृद्धि''**

मिशन शक्ति के अंतर्गत रिक्त पदों की भर्ती हेतु इस कार्यालय के विज्ञापन कमाक/3051/मबावि/ म.स.के. /2025-26/ दुर्ग, दिनांक 01.12.2025 के द्वारा जारी किया गया था। **जी. 252605258/1** दिनांक **06.12.2025** के द्वारा पात्र आवेदकों से दिनांक **15.12.2025** तक आवेदन आमंत्रित किए जाने हेतु विज्ञापन प्रकाशित किया गया था। उक्त अवधि में वृद्धि करते हुए दिनांक **22.12.2025** तक आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। यह विज्ञापन दुर्ग जिले की वेबसाईट **www.durg.gov.in** पर उपलब्ध है।

जिला कार्यक्रम अधिकारी
महिला एवं बाल विकास विभाग
जिला-दुर्ग (छ.ग.)

जी. 252605521/1

## संचालनालय वित्तीय प्रबंध एवं सूचना प्रणाली, छत्तीसगढ़ मंत्रालय, महानदी भवन, नवा रायपुर अटल नगर

**ई-प्रोक्योरमेंट निविदा आमंत्रण सूचना**

क्रमांक / I/215735/2025 नवा रायपुर अटल नगर, दिनांक 17/12/2025

संचालनालय वित्तीय प्रबंध एवं सूचना प्रणाली, छत्तीसढ़ अंतर्गत SELECTION OF TECHNICAL CONSULTANCY SERVICE FOR VALIDATION AND SCRUTINY OF ESTIMATES AND THE COST ANALYSIS FOR PROJECTS UNDERTAKEN BY THE GOVERNMENT OF CHHATTISGARH हेतु ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है:-

(अ) ई-निविदा जमा करने की प्रारंभ तिथि -दिनांक 17.12.2025
(ब) ई-निविदा जमा करने की अंतिम तिथि -दिनांक12.01.2026 समय अपरान्ह 5:30 बजे तक
(स) ई-निविदा खोलने की तिथि- दिनांक 13.01.2026 समय पूर्वान्ह 11:30 बजे

उपरोक्त के संबंध में Pre Bid Meeting दिनांक 30.12.2025 को अपरान्ह 3:30 बजे hybrid mode (बैठक कक्ष मंत्रालय महानदी भवन में एवं ऑनलाईन virtual mode) के माध्यम से आयोजित की जायेगी। उक्त Pre Bid Meeting के online mode का लिंक https://finance.cg.gov.in/ में उपलब्ध कराया जावेगा।

निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in एवं विभागीय वेबसाईट https://finance.cg.gov.in/ से प्राप्त की जा सकती है। निविदा में संशोधन एवं उक्त निविदा के संबंध में किसी भी प्रकार की सूचना उपरोक्त वेबसाईट पर ही प्रदर्शित की जायेगी।

(संचालक द्वारा अनुमोदित)

सहायक संचालक
वित्तीय प्रबंध एवं सूचना प्रणाली, छत्तीसगढ़

जी. 252605549/2

## छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग कार्यालय मुख्य अभियंता, महानदी गोदावरी कछार, रायपुर (छ.ग.)

**ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना**

eProcurement Portal: https://eproc.cgstate.gov.in

(प्रथम आमंत्रण)

इस कार्यालय द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए दिनांक 06.01.2026 समय 17:30 तक ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है, जिसकी जानकारी निम्नानुसार है :-

| स. क्र. | कार्य का नाम | सिस्टम निविदा क्र./ नि. सूचना क्र. एवं दिनांक | अनुमानित लागत राशि (रू.लाख में) |
|---|---|---|---|
| 1. | रायपुर जिले के विकासखंड आरंग की ग्राम चकवे के बंजारी नाले में स्टॉपडेम निर्माण कार्य | 181826 / निविदा सूचना क्रमांक 08/वलेलि/2025-26, रायपुर, दिनांक 16.12.2025 | 281.40 |
| 2. | खौलीडबरी जलाशय के आर.डी. 278 मी., 718 मी. एवं 1335 मी. पर बांध का जीर्णोद्धार, हेड स्लूस का पुर्ननिर्माण कार्य | 181827 / निविदा सूचना क्रमांक 09/वलेलि/2025-26, रायपुर, दिनांक 16.12.2025 | 227.09 |

अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाइट https://eproc.cgstate.gov.in पर दिनांक 23.12.2025 समय 17:31 बजे से देखे तथा डाउनलोड किये जा सकते है।

नोट: निविदा में भाग लेने हेतु ठेकेदारों को ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाइट https://eproc.cgstate.gov.in पर नामांकित / पंजीयन तथा लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदार को उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन कराना अनिवार्य है।

कार्यपालन अभियंता
जल संसाधन संभाग, रायपुर (छ.ग.)
कृते, मुख्य अभियंता, महानदी गोदावरी कछार,
जल संसाधन विभाग, रायपुर (छ.ग.)

जी. 252605545/4

## कार्यालय कलेक्टर (आदिवासी विकास) जिला-एम.सी.बी., (छ.ग.)

क्र./3783/ आ.वि. / वन अधि. / 2025-26 मनेन्द्रगढ़, दिनांक: 12/12/2025

**:: विज्ञापन ::**

अनुसूचित जनजाति एवं अन्य परंपरागत वन निवासी (वन अधिकारों की मान्यता) अधिनियम 2006 एवं नियमों के प्रभावी एवं सुचारू क्रियान्वयन हेतु जिला स्तर पर वन अधिकार प्रकोष्ठ में क्रमश: जिला परियोजना समन्वयक समन्वयक वन अधिकार अधिनियम) की नियुक्ति किया जाना है। यह पद अशासकीय एवं पूर्णत: अस्थायी होंगे विवरण निम्नानुसार है:-

| क्र. | पद का नाम | मानदेय | पद की संख्या | निर्धारित अवधि | स्तर | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1. | जिला स्तरीय समन्वयक (समन्वयक वन अधिकार अधिनियम) | 30000/- | संलग्न सूची अनुसार | 01 वर्ष | जिला स्तर | जिले के जिला स्तरीय समिति स्तर पर |

**आवेदन भरने हेतु समय सारणी**

| क्र. | कार्यवाही के बिन्दु | निर्धारित समय-सीमा |
|---|---|---|
| 1 | विज्ञापन जारी करने की तिथि | 13.12.2025 |
| 2 | आवेदन आमंत्रित करने की अंतिम तिथि | 26.12.2025 शाम 05.30 बजे तक |
| 3 | आवेदन पत्रों का परिक्षण उपरान्त दावा आपत्ति हेतु पात्र/अपात्र सूची का प्रकाशन | 30.12.2025 |
| 4 | दावा आपत्ति हेतु अंतिम तिथि | 03.01.2026 शाम 05.30 बजे तक |
| 5 | दावा अपत्ति उपरांत पात्र/अपात्र आवेदकों कि प्रथम सूची का प्रकाशन | 06.01.2026 |
| 6 | साक्षात्कार एवं कौशल परीक्षा की तिथि | 07.01.2026 से 10.01.2026 |
| 7 | सक्षात्कार के आधार पर मेरिट अनंतिम सूची तैयार कर दावा आपत्ति हेतु प्रकाशन | 12.01.2026 |
| 8 | दावा आपत्ति हेतु अंतिम तिथि | 15.01.2026 शाम 05.30 बजे तक |
| 9 | दावा आपत्ति का निराकरण उपरांत अंतिम मेरिट सूची, चयन सूची एवं प्रतीक्षा सूची का प्रकाशन | 16.01.2025 |

* पद की शर्तें एवं आवश्यक आहर्ताओं हेतु जिले की वेबसाइट www.manendragarh-chirmiri-bharatpur.gov.in का अवलोकन किया जा सकता है।

सहायक आयुक्त
आदिवासी विकास विभाग
मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर (छ.ग.)

जी 252605529/1

## कार्यालय अधीक्षण अभियंता, लोक निर्माण विभाग, रायपुर मण्डल क्रमांक 2 (छत्तीसगढ़)

**ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना**

दिनांक 15.12.2025

निम्नांकित कार्यों हेतु ऑनलाईन निविदा "डी" एवं अधिक श्रेणी के ठेकेदारों के लिये आमंत्रित की जाती है।

| एन.आई.टी क्र/निविदा क्र. | कार्य का नाम | निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि | कार्य की अनुमानित लागत (लाख में) |
|---|---|---|---|
| NIT NO. 275 Tender No. 181789 | भाटापारा अनुविभाग अंतर्गत शासकीय आवासीय एवं गैर आवासीय भवनों का रंगाई पोताई कार्य। | द्वितीय आमंत्रण 29.12.2025 | रू. 13.00 लाख |
| NIT NO. 276 Tender No. 181790 | भाटापारा अनुविभाग अंतर्गत विकासखंड सिमगा के ग्राम मटिया मे मिनी स्टेडियम का निर्माण कार्य। | प्रथम आमंत्रण 02.01.2026 | रू. 73.17 लाख |
| NIT NO. 277 Tender No. 181791 | कसडोल अनुविभाग अंतर्गत गिरौदपुरी धाम के जैतखाम तथा गुरु निवास में डिस्टेपिरिंग व पेंटिग तथा मरम्मत कार्य। | | रू. 29.61 लाख |

उपरोक्त निर्माण कार्यो की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in अथवा विभागीय वेबसाइट https://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है। (राशि रू. 100.00 के नान ज्यूडिशियल स्टाम्प पर निर्धारित प्रपत्र में शपथ-पत्र एवं न्यूनतम राशि रू. 10.00 के नान ज्यूडिशियल स्टाम पर एनेक्जर-3 का शपथ पत्र बिड केपेसीटी उपलब्धत्ता बाबत जानकारी एवं अन्य जानकारी एनआईटी के 2.10 में संलग्न संशोधित प्रपत्रानुसार प्रस्तुत करें।)

निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाइट पर किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेग, एवं निविदाकारो द्वारा प्रेषित मूल अभिलेख का लिफाफा में निविदाकारो का मोबाईल न. एवं इमेल आई.डी. का उल्लेख अनिवार्य रुप से करें।

Credible Chhattisgarh विश्वसनीय छत्तीसगढ़

अधीक्षण अभियंता,
लो.नि.वि., रायपुर मण्डल क्र. 2 (छ.ग.)

जी. 252605543/1 *आपकी थी चाह, हमने बनाई राह*

## संचालनालय, महिला एवं बाल विकास, छत्तीसगढ़

इन्द्रावती भवन, ब्लाक-1, द्वितीय तल, नवा रायपुर, अटल नगर

दूरभाष क्रमांक 0771-2234192, 2234188 (Fax) email: dirwcd.cg@nic.in
क्रमांक /15004/मबावि/मसमि/ सखी/25-26 नवा रायपुर, दिनांक 12/12/2025

**// विज्ञापन //**

**सखी वन स्टॉप सेंटर अंतर्गत जिला दुर्ग, बिलासपुर, कोरबा, रायगढ़, कांकेर, राजनांदगांव, बलौदाबाजार एवं जांजगीर-चांपा में सेवाप्रदाताओं के पद पर कर्मचारियों की भर्ती**

महिला एवं बाल विकास विभाग अंतर्गत संचालित मिशन शक्ति योजना के तहत जिला दुर्ग, बिलासपुर, कोरबा, रायगढ़, कांकेर, राजनांदगांव, बलौदाबाजार एवं जांजगीर-चांपा, छ0ग0 में सखी वन स्टॉप सेंटर के संचालन हेतु सेवाप्रदाता के पदों पर एकमुश्त मासिक सेवा शुल्क पर भर्ती के लिये पात्र आवेदकों से दिनांक 17.12.2025 से 31.12.2025 तक विभाग की वेबसाईट (उपरोक्त दर्शाये गये) https://sakhionestop.e-bharti.in पर ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित किये जाते है। पदों की नियुक्ति एवं आवेदन प्रक्रिया का विवरण निम्नानुसार है :-

| क्र. | पदनाम | पद संख्या | निर्धारित एकमुश्त मासिक सेवा शुल्क | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | केन्द्र प्रशासक | 1 | आव | सेवा प्रदाता के रूप में चयन निर्धारित एकमुश्त मासिक सेवा शुल्क |
| 2 | साईको-सोशल काउंसलर | 1 | आव | |
| 3 | केसवर्कर | 2 | आव | |
| 4 | पैरा लीगल कार्मिक / वकील | 1 | आव | |
| 5 | पैरा मेडिकल कार्मिक | 1 | आव | |
| 6 | कार्यालय सहायक | 1 | आव | |
| 7 | बहुउद्देशीय कर्मचारी/ रसोईया | 3 | आव | |
| 8 | सुरक्षा गार्ड/नाईट गार्ड | 3 | आव | |

*** सभी पद महिला पद है। उक्त पद हेतु महिला उम्मीद्वार ही आवेदन करें।**
*** छत्तीसगढ़ शासन सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा आयु सीमा पर छूट हेतु जारी निर्देश लागू माने जायेंगे।**

उपरोक्त पदों की शैक्षणिक योग्यता, अनुभव, कार्य दायित्व एवं अन्य विवरण www.cgstate.gov.in and www.cgwcd.gov.in वेबसाईट पर उपलब्ध है :-

विज्ञापन अनुसार ऑनलाईन आवेदन दिनांक 31.12.2025. की संध्या 5:00 बजे तक विभाग की वेबसाईट (उपरोक्त दर्शाये गये) **https://sakhionestop.e-bharti.in** के माध्यम से ही प्रेषित किये जावें। निर्धारित तिथि एवं समय पश्चात आवेदन स्वीकार नहीं किया जावेगा।

(डॉ. रेणुका श्रीवास्तव)
संचालक
महिला एवं बाल विकास नवा रायपुर, अटल नगर, (छ.ग.)

जी 252605541/1


## राशिफल

**मेष** - मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा। चिकित्सीय खर्च बढ़ सकते हैं।

**वृष** - आत्मसंयत रहें। क्रोध से बचें। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भागदौड़ अधिक रहेगी। मन प्रसन्न रहेगा।

**मिथुन** - किसी धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। वाहन के रखरखाव पर खर्च बढ़ सकते हैं। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**कर्क** - जीवनसाथी का साथ मिलेगा। कारोबार में लाभ के अवसर मिलेंगे। वाणी में सौम्यता रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

**सिंह** - जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय रहेगा। आत्मविश्वास में कमी आएगी। परिवार की समस्याओं पर ध्यान दें।

**कन्या** - पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक या शोधादि कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। संयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें।

**तुला** - मन प्रसन्न रहेगा। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। कुटुम्ब के किसी बुजुर्ग से धन मिल सकता है। अपनी भावनाओं को वश में रखें।

**वृश्चिक** - मन में नकारात्मक विचारों से बचें। कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे।


**धनु** - आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति रहेगी। क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। घर-परिवार में धार्मिक एवं मांगलिक कार्य हो सकते हैं।

**मकर** - क्रोध से बचें। बातचीत में संयत रहें। वस्त्र उपहार में प्राप्त हो सकते हैं। पिता से धन मिल सकता है। मन प्रसन्न रहेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**कुंभ** - मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। सेहत का ध्यान रखें। परिवार के साथ यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। अनियोजित खर्च बढ़ेंगे। माता का सहयोग मिलेगा।

**मीन** - पठन-पाठन में रुचि बढ़ेगी। वाणी में मधुरता रहेगी। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। आय में वृद्धि होगी। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिलेंगे।


## शब्द पहेली - 6081



**बाएँ से दाए**
1. बलगम-2
3. जाप, मंत्र पाठ-2
5. काया, बदन-2
7. ठाठ-बाट-2
9. गिरावट, अवनति-3
11. बुरी आदत-2
13. सर्द, अच्छा-2
15. बंदर-3
17. अपशिष्ट पदार्थ-2
19. थोड़ा-2
22. दबाना, कुचलना-3
24. शारीरिक ऊंचाई-2
26. आम जनता-2
28. पिता के पिता-2
30. पक्षाघात, फालिज-3
32. मनमौजी, अलमस्त-2
34. नवीन-2
36. लोच-3
38. गाड़ी, घोड़ागाड़ी-2
41. बीता हुआ दिन-2
43. लेखनी, पेन-3
45. अधर-2
47. रांझा की प्रेमिका-2
49. अप्सरा, परी-2
51. गर्भ, कोख-3
53. दंड, शिक्षा-2
55. पाश, फंदा-2
57. परखना-3
60. वोट, अभिप्राय-2
62. हत्या-2
64. तिरस्कृत-3
66. शराब-2
67. उद्देश्य-2
68. टूंटी, नलका-2
69. आनंद-2

**ऊपर से नीचे**
1. प्याला-2
2. धर्म आदेश-3
4. क्षण, लमहा-2
6. गगन, आकाश-2
8. सरुर, खुमार-2
10. पति की बहन-3
12. अंधकार-2
14. शर्म, लज्जा-2
16. पासों से भविष्य जानने की विद्या-3
18. भाग्य (अंग्रेजी-2)
20. रहस्य-2
21. कुर्बान-2
23. अनुकृति-3
25. जोर, बल-2
27. नाखून-2
29. दक्षिणा-2
31. पढ़ने वाला-3
33. परत-2
35. भैंस जैसा एक प्राणी-2
37. झगड़ा-3
39. भूमि, धरा-2
40. राहगीर-2
42. रक्त-2
44. मां का प्रेम-3
46. दम-2
48. आनंद-2
50. छुट्टी-2
52. झगड़ना-3
54. प्याला-2
56. प्यार-2
58. असफल-3
59. यमराज-2
61. पैंदा-2
63. संपत्ति-2
65. सम्राट-2

### शब्द पहेली - 6080 का हल



## सूडोकु नवताल - 6091

★★★★☆ कठिन

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | 1 | 4 | | |
| | | | | | | 5 | 8 | |
| | | | 7 | 2 | | | | |
| | | | 2 | | | | 6 | 7 |
| 4 | | | | | | | | 3 |
| 5 | 8 | | | | 9 | | | |
| | | | | 8 | 5 | | | |
| | 7 | 6 | | | | | | |
| | | 9 | 3 | | | | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल - 6090 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 9 | 2 | 3 | 1 | 6 | 5 | 4 |
| 3 | 2 | 4 | 6 | 5 | 9 | 7 | 8 | 1 |
| 6 | 5 | 1 | 8 | 4 | 7 | 2 | 9 | 3 |
| 5 | 1 | 7 | 3 | 9 | 8 | 4 | 6 | 2 |
| 4 | 6 | 8 | 5 | 1 | 2 | 9 | 3 | 7 |
| 9 | 3 | 2 | 4 | 7 | 6 | 8 | 1 | 5 |
| 1 | 4 | 6 | 9 | 2 | 3 | 5 | 7 | 8 |
| 2 | 9 | 3 | 7 | 8 | 5 | 1 | 4 | 6 |
| 8 | 7 | 5 | 1 | 6 | 4 | 3 | 2 | 9 |

# वरुण चक्रवर्ती ने टी20 रैंकिंग में हासिल की नई ऊंचाई, बनाया 818 अंकों का रेटिंग पॉइंट

एजेंसी ▶▶| दुबई

भारतीय मिस्ट्री स्पिनर वरुण चक्रवर्ती ने आईसीसी पुरुष टी20 अंतरराष्ट्रीय गेंदबाज रैंकिंग में शीर्ष पर अपनी बढ़त और मजबूत कर ली है और अपने करियर की नई उच्चतम रेटिंग हासिल कर ली है। आईसीसी के अनुसार, दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ चल रही पांच मैचों की घरेलू टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला में लगातार तीसरी बार दो विकेट लेने के बाद भारतीय गेंदबाज ने 818 अंकों का अपना व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ स्कोर बनाया है।




### चक्रवर्ती टी20 रैंकिंग में शीर्ष 10 में शामिल

दाएं हाथ के लेग स्पिनर ने श्रृंखला के पहले तीन मैचों में छह विकेट लिए हैं, जिनमें धर्मशाला में खेले गए तीसरे भारत-दक्षिण अफ्रीका टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में चार ओवरों में 2/11 के उनके प्रभावशाली आंकड़े शामिल हैं, जिन्होंने भारत की सात विकेट की शानदार जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। 818 रेटिंग अंकों के साथ, चक्रवर्ती अब दूसरे स्थान पर मौजूद न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज जैकब डफी (699) से 119 अंकों की बड़ी बढ़त पर हैं। 34 वर्षीय चक्रवर्ती टी20 अंतरराष्ट्रीय गेंदबाजी रैंकिंग में सर्वकालिक शीर्ष 10 में भी शामिल हो गए हैं।



### वनडे में रोहित की बादशाहत कायम

वनडे में बल्लेबाजों की रैंकिंग की बात करें तो रोहित शर्मा 781 और विराट कोहली 773 रेटिंग अंकों के साथ पहले और दूसरे नंबर पर काबिज हैं। शुभमन गिल पांचवें नंबर पर हैं। उनके 723 रेटिंग अंक हैं। श्रेयस अय्यर को एक स्थान का नुकसान हुआ है। वह 10 वें नंबर पर पहुंच गए हैं।

### अर्शदीप चढ़े चार पायदान ऊपर

बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सीरीज के तीसरे मैच में प्लेयर ऑफ द मैच का खिताब जीतने के बाद टी20 अंतरराष्ट्रीय गेंदबाजी रैंकिंग में चार पायदान ऊपर चढ़कर 16वां स्थान हासिल कर लिया है। वहीं, दक्षिण अफ्रीका की रैंकिंग में भी कई सुधार देखने को मिले हैं। मार्को जानसेन 14 पायदान ऊपर चढ़कर 25वें स्थान पर, लुंगी एनगिडी 11 पायदान ऊपर चढ़कर 44वें स्थान पर और ओटनेल बार्टमैन शीर्ष 100 से बाहर से छलांग लगाकर 68वें स्थान पर पहुंच गए हैं।



### भारत के दो बल्लेबाज शीर्ष पांच में शामिल

आईसीसी टी20 अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में भारत के दो बल्लेबाज शीर्ष पांच में शामिल हैं। तिलक वर्मा ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीन शानदार पारियों के बाद दो पायदान ऊपर चढ़कर चौथा स्थान हासिल कर लिया है। उनके साथी खिलाड़ी अभिषेक शर्मा बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष पर अपनी आरामदायक बढ़त बनाए हुए हैं, वहीं दक्षिण अफ्रीका के एडन मार्कराम और क्विंटन डी कॉक ने भी उल्लेखनीय प्रगति की है। मार्कराम आठ पायदान ऊपर चढ़कर 29वें स्थान पर पहुंच गए हैं, जबकि डी कॉक हाल के कुछ उत्साहजनक प्रदर्शनों के बाद 14 पायदान ऊपर चढ़कर 43वें स्थान पर आ गए हैं। सूर्यकुमार यादव एक स्थान फिसलकर नंबर 10 पर पहुंच गए हैं। ऑस्ट्रेलिया के टी20 कप्तान मिचेल मार्श एक स्थान ऊपर आठवें पर पहुंच गए हैं। न्यूजीलैंड के टिम सीफर्ट 2 रैंक ऊपर 9वें स्थान पर पहुंच गए हैं।

## खबर संक्षेप

### सीनियर टीम में जगह बनाने पर जूनियर खिलाड़ियों की निगाह

**नई दिल्ली।** विश्व कप में कांस्य पदक जीतने वाली भारतीय टीम के खिलाड़ियों की निगाह अब आगामी हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) में अच्छा प्रदर्शन करके सीनियर टीम में जगह बनाने पर टिकी है। भारत ने हाल ही में समाप्त हुए जूनियर विश्व कप में तीसरे स्थान के मैच में अर्जेंटीना को 4-2 से हराकर कांस्य पदक जीता था। पुरुषों की एचआईएल लीग 3 जनवरी को चेन्नई में जबकि महिलाओं की लीग 28 दिसंबर को रांची में शुरू होगी। जूनियर खिलाड़ी इस बात से अच्छी तरह वाकिफ हैं कि सीनियर टीम के मुख्य कोच क्रेग फुल्टोन एचआईएल के दौरान उनके खेल पर कड़ी नजर रखेंगे।

### टी20 विश्व कप : मैडसेन करेंगे इटली की कप्तानी

**रोम।** इटली को पहली बार टी20 विश्व कप के लिए क्वालीफाई कराने में अहम भूमिका निभाने वाले ऑस्ट्रेलिया के पूर्व बल्लेबाज जो बर्न्स भारत और श्रीलंका में अगले साल के शुरू में होने वाली प्रतियोगिता में नहीं खेल पाएंगे क्योंकि उपलब्धता से संबंधित समस्या उनके और इटली क्रिकेट महासंघ के बीच हुए अनुबंध में बाधा बन रही है। महासंघ ने 36 वर्षीय बर्न्स की जगह वेन मैडसेन को कप्तान नियुक्त किया है। बर्न्स ने 2020 में ऑस्ट्रेलिया के लिए अपना अंतिम अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने के बाद अनिवार्य 'कूलिंग ऑफ' अवधि पूरी करने के बाद पिछले साल इटली की तरफ से पदार्पण किया था।



### श्रीधर बने श्रीलंका टीम के फील्डिंग कोच



**कोलंबो।** श्रीलंका क्रिकेट (एसएलसी) ने भारत के पूर्व फील्डिंग कोच आर श्रीधर को अगले साल फरवरी-मार्च में होने वाले टी20 विश्व कप के आखिर तक अपनी राष्ट्रीय टीम का फील्डिंग कोच नियुक्त किया। श्रीधर 2014 से 2021 तक भारत के फील्डिंग कोच रहे थे। उन्होंने इस साल की शुरुआत में श्रीलंका के राष्ट्रीय हाई परफार्मेंस सेंटर में 10 दिन का विशेष फील्डिंग शिविर भी आयोजित किया था। श्रीलंका क्रिकेट ने कहा, 'श्रीलंका क्रिकेट (एसएलसी) आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप के समापन तक श्रीलंका राष्ट्रीय टीम के फील्डिंग कोच के रूप में आर श्रीधर की नियुक्ति की घोषणा करता है।' 'बीसीसीआई के लेवल तीन के कोच श्रीधर 2014 से 2021 तक भारतीय राष्ट्रीय पुरुष टीम के फील्डिंग कोच रहे और उन्होंने 300 से अधिक अंतरराष्ट्रीय मैचों में अपनी सेवाएं दी।' इसमें कहा गया है, 'अब वह श्रीलंका की राष्ट्रीय टीम की फील्डिंग को बेहतर बनाने पर ध्यान केंद्रित करेंगे तथा पाकिस्तान और इंग्लैंड के आगामी दौरों के दौरान खिलाड़ियों के साथ काम करेंगे।

## एशेज : कैरी और ख्वाजा के नाम पर रहा तीसरे टेस्ट मैच का पहला दिन

# एलेक्स कैरी के तूफानी शतक से ऑस्ट्रेलिया मजबूत, इंग्लैंड के खिलाफ 326/8 का स्कोर

एजेंसी ▶▶| एडिलेड

विकेटकीपर बल्लेबाज एलेक्स कैरी के कॅरियर के तीसरे शतक और स्टीव स्मिथ के अस्वस्थ होने के कारण अंतिम समय में टीम में जगह बनाने वाले उस्मान ख्वाजा की 82 रन की लाजवाब पारी की मदद से ऑस्ट्रेलिया ने बुधवार को इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे एशेज टेस्ट क्रिकेट मैच के पहले दिन शुरुआती झटकों से उबरकर आठ विकेट पर 326 रन बनाए। कैरी ने अपने घरेलू मैदान पर खेलते हुए ऐसे समय में क्रीज पर कदम रखा जब टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने के लिए उतरे ऑस्ट्रेलिया का स्कोर चार विकेट पर 94 रन था। उन्होंने 143 गेंद का सामना करके 106 रन बनाए, जिसमें आठ चौके और एक छक्का शामिल है। इससे पहले ख्वाजा ने ऑस्ट्रेलिया को शुरुआती झटकों से उबारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### कैरी ने स्टीव स्मिथ को पछाड़ा

कैरी का यह शतक एशेज में 12 साल बाद किसी ऑस्ट्रेलियाई विकेटकीपर-बल्लेबाज के बल्ले से आया पहला शतक है। आखिरी शतक ब्रैड हेडिन ने दिसंबर 2013 में जड़ा था। इस शतकीय पारी की बदौलत कैरी अब साल 2025 में सबसे ज्यादा टेस्ट रन बनाने वाले ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज बन गए हैं। उन्होंने स्टीव स्मिथ को पछाड़ दिया है। वह इस साल छठे सबसे ज्यादा टेस्ट रन बनाने वाले बल्लेबाज भी बन गए हैं। उनसे आगे अब सिर्फ शुभमन गिल (983) केएल राहुल (813), रवींद्र जडेजा (764), यशस्वी जायसवाल (745) और जो रूट (732) हैं।



### स्टेडियम में मौजूद रहे 56 हजार से अधिक दर्शक

तीसरे टेस्ट मैच के पहले दिन का खेल देखने के लिए 56298 दर्शक स्टेडियम में मौजूद थे जो एडिलेड ओवल में नया रिकॉर्ड है। उन्होंने कैरी का भरपूर समर्थन किया, जिन्होंने एशेज में अपने पहले टेस्ट शतक को अपने दिवंगत पिता को समर्पित किया। कैरी ने दिन का खेल समाप्त होने के बाद कहा, 'यह क्रिकेट के लिए बहुत अच्छा दिन था। एडिलेड में 56000 दर्शकों की मौजूदगी वास्तव में खास है। अपने घरेलू प्रशंसकों और परिवार के सामने शतक जड़ना बेहद खास पल था।'

### ख्वाजा को स्मिथ के बीमार होने पर मिली टीम में एंट्री

ख्वाजा को स्मिथ के अस्वस्थ होने के कारण बाहर हो जाने से जल्दबाजी में टीम में शामिल किया गया। ख्वाजा चौथे नंबर पर बल्लेबाजी करने के लिए उतरे। जब वह पांच रन पर खेल रहे थे तब उन्हें जीवनदान मिला। उन्होंने इसका पूरा फायदा उठाकर मार्नस लाबुशेन (19) के साथ 61 रन की और कैरी के साथ 91 रन की दो महत्वपूर्ण साझेदारियां निभाई। कैरी ने जोश इंग्लिश (32) के साथ 59 रन और इस मैच में वापसी करने वाले कप्तान पैट कमिंस (13) के साथ 50 रन की साझेदारी की। दिन का खेल समाप्त होने के समय मिशेल स्टार्क 33 रन पर खेल रहे थे जबकि नाथन लियोन ने अभी अपना खाता नहीं खोला है।

### आर्चर ने 29 रन देकर लिए तीन विकेट

तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर इंग्लैंड के सबसे सफल गेंदबाज रहे। उन्होंने 29 रन देकर तीन विकेट लिए हैं। उनके अलावा तेज गेंदबाज ब्रायडन कार्स और स्पिनर विल जैक्स ने दो-दो विकेट हासिल किए हैं। कैरी और ख्वाजा ने शानदार बल्लेबाजी की और मैच का पहला दिन काफी हद तक ऑस्ट्रेलिया के नाम सुनिश्चित किया। इन दोनों ने स्लॉग-स्वीप शॉट खेल कर अपना विकेट गंवाया। ख्वाजा ने जैक्स की गेंद पर स्लॉग-स्वीप शॉट खेला जो सीधे आउटफील्ड में जोश टोंग के हाथों में चला गया। कैरी ने भी इसी स्पिनर पर स्लॉग-स्वीप करने के प्रयास में विकेटकीपर जेमी स्मिथ को कैच दिया।

# श्रीचरणी को आंध्र प्रदेश सरकार ने भेंट की 2.5 करोड़ की राशि

## महिला विश्व कप में लिए थे 14 विकेट



एजेंसी ▶▶| अमरावती

भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने 2 नवंबर को दक्षिण अफ्रीका को हराकर अपना पहला वनडे विश्व कप जीता था। विश्व विजेता भारतीय महिला टीम की सदस्य श्रीचरणी को बुधवार को आंध्र प्रदेश की सरकार ने सम्मानित किया।

आंध्र प्रदेश सरकार के शिक्षा और आईटी मंत्री नारा लोकेश ने श्रीचरणी से उनके उंडावल्ली स्थित घर पर मुलाकात की और उन्हें सरकार की तरफ से 2.5 करोड़ रुपए का चेक सौंपा। कैश इनाम के अलावा, सरकार ने उन्हें विशाखापत्तनम में एक आवासीय प्लॉट भी दिया है। उनकी डिग्री पूरी होने के बाद आंध्र प्रदेश सरकार ने नौकरी का भी भरोसा दिया है। इससे संबंधित आदेश जारी किए गए हैं। सरकार की तरफ से जारी एक आधिकारिक बयान में कहा गया है कि यह कदम राज्य सरकार के खेल में बेहतरीन प्रदर्शन को बढ़ावा देने और आंध्र प्रदेश की युवा महिलाओं को आत्मविश्वास के साथ खेलों में करियर बनाने के लिए प्रेरित करने की प्रतिबद्धता को दिखाता है।

### खिताब दिलाने में निभाई थी अहम भूमिका

कडप्पा जिले की रहने वाली श्रीचरणी ने भारतीय टीम को महिला विश्व कप का खिताब दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी। बाएं हाथ की इस स्पिनर ने 9 मैचों में 14 विकेट लिए थे और टूर्नामेंट की चौथी सफल गेंदबाज रही थीं। 21 साल की चरणी ने अप्रैल 2025 में भारतीय टीम के लिए डेब्यू किया था। कुल 18 वनडे में 23 और 5 टी20 में 10 विकेट ले चुकी चरणी भारतीय महिला क्रिकेट टीम की बड़ी स्टार के रूप में उभरी हैं।

# घने कोहरे के कारण मैच रद्द, भारत-अफ्रीका के बीच नहीं हो सका चौथा टी20

एजेंसी ▶▶| लखनऊ

भारत और साउथ अफ्रीका के बीच चौथा टी20 मुकाबला कोहरे के चलते रद्द कर दिया गया। छह इंस्पेक्शन और तीन घंटे के इंतजार के बाद अंपायर्स ने फैसला किया कि लखनऊ में कोहरा काफी ज्यादा है और इसमें मैच नहीं कराया जा सकता। शायद क्रिकेट इतिहास में यह पहला मुकाबला है, जिसे कोहरे के चलते रद्द किया गया है। भारत में आमतौर पर टी20 मुकाबले के लिए साढ़े छह बजे टॉस होता है और सात बजे से खेल शुरू हो जाता है। लखनऊ टी20 को लेकर भी इसी तरह की उम्मीद थी। अंपायर्स ने कोहरे के चलते पहले 6.50 फिर 7.30, 8.00, 8.30, 9.00 और आखिर में 9.25 पर निरीक्षण किया। लेकिन माहौल मैच के लिए ठीक नहीं पाया गया।



दोनों टीमों के लिए ये मुकाबला काफी अहम था, जिसमें टीम इंडिया की नजरें सीरीज में अजेय बढ़त लेने पर थी तो वहीं साउथ अफ्रीका सीरीज को 2-2 की बराबरी पर लाना चाहती थी। इस मैच के महत्व को देखते हुए लखनऊ के इकाना स्टेडियम में काफी अधिक संख्या में फैंस भी पहुंचे थे, जिनको मुकाबला रद्द होने की वजह से मायूस होकर वापस लौटना पड़ा।

# प्रतिस्पर्धी मुकाबले में 6 साल बाद आनंद की वापसी गुकेश से होगी भिड़ंत

**कोलकाता।** यह एक गुरु और उनके शिष्य के बीच एक जबरदस्त मुकाबला होगा जब पांच बार के विश्व चैंपियन विश्वनाथन आनंद छह साल बाद प्रतिस्पर्धी मुकाबले में वापसी करेंगे और 7 से 11 जनवरी तक यहां सातवें टाटा स्टील शतरंज में मौजूदा विश्व चैंपियन डी गुकेश और अपने दूसरे पूर्व शिष्यों का सामना करेंगे। पिछली बार 2019 में टूर्नामेंट खेलने वाले आनंद भारतीय सितारों की नई पीढ़ी के खिलाफ वापसी करेंगे, जिसमें गुकेश सबसे आगे हैं। आनंद ने गुकेश का हाल के वर्षों में अपनी वेस्टब्रिज आनंद शतरंज अकादमी में करीब से मार्गदर्शन (मेंटर) किया है। यह पहली बार होगा जब ये दोनों विश्व चैंपियन भारतीय धरती पर किसी व्यक्तिगत टूर्नामेंट में आपस में भिड़ेंगे। टाटा स्टील शतरंज इंडिया 'धोनो धन्यो ऑडिटोरियम' में आयोजित किया जाएगा, जिसमें रैपिड और ब्लिट्ज दोनों प्रारुप में ओपन और महिला दोनों वर्ग होंगे और दोनों वर्ग के लिए समान पुरस्कार राशि होगी। ओपन वर्ग में फिडे विश्व कप उप विजेता वेई यी, पूर्व अमेरिकी चैंपियन वेस्ली सो, हेन्स नीमेन, वोलोडार मुर्जिन और आर प्रज्ञानानंदा तथा अर्जुन एरिगेसी सहित एक मजबूत भारतीय दल भी शामिल होगा।

कार्यालय नगर पालिक निगम बिलासपुर (छ.ग.)

ई-प्रोक्योरमेंट निविदा आमंत्रण सूचना

क्र. 01/न.पा.नि./यो.प्र./2025-26 दिनांक 17/12/2025

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत ''डी'' श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है:-

| सिस्टम टेंडर नं. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रू. लाख में) | निविदा डाउनलोड/सबमिट करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 181979 | CONSTRUCTION OF 2 WHEELER AND 4 WHEELER VEHICALS PARKING AT COMMERCIAL COMPLEX NEAR OLD BUS STAND BILASPUR | 31.86 | 08/01/26 |

उपरोक्त निर्माण कार्य की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता
नगर पालिक निगम बिलासपुर (छ.ग.)
Green City, Clean City, Dream City.

पश्चिम मध्य रेल

खुली निविदा,
उप मुख्य विद्युत अभियंता/प्रोजेक्ट/भोपाल
निविदा क्र - BPL-PROJECT-EPC-2025-01R
दिनांक: 12/12/2025

उप मुख्य विद्युत अधियंता पश्चिम मध्य रेलवे, भोपाल भारत संघ के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्यो हेतु आवेदन निर्धारित निविदा फार्म पर खुली निविदा आमंत्रित करता है।, **निविदा सूचना क्रमांक**– BPL-Project-EPC-2025-01R दिनाँक: 12/12/2025, **कार्य का नाम लोकेशन सहित**– 3000 मीट्रिक टन लोडिंग लक्ष्य को पूरा करने के लिए पश्चिम रेलवे के भोपाल मंडल के बीना से रूथियाई सेक्शन के बीच 132 केवी/2x25 केवी स्कॉट से जुड़े ट्रेक्शन सब स्टेशन और स्विचिंग पोस्टों का डिजाइन/संशोधन, आपूर्ति स्थापना, परीक्षण और कमीशनिंग, एटी सहित कार्य, **निविदा की कीमत रूपये**– 906554187.31, **कार्यालय का पता जहां टेन्डर फार्म खरीदी जा सकती है।** उप मुख्य विद्युत अभियंता/प्रोजेक्ट/भोपाल, **बयाना राशि रूपये**– 4532800.00, **समापन अवधि (दिन)**– 540 दिन, **निविदा जमा करने की तिथि एवं समय 17.00 बजे तक**– 12/01/2026, 17:00hrs., **2.11.4 (i) के अनुसार तकनीकी बोलियां खोलना समय**– 19/01/2026, 11:30 hrs., निविदा सूचना की पूर्ण जानकारी रेलवे वेबसाइट "http://ireps.gov.in". उपलब्ध है। पूर्ण निविदा प्रपत्र उक्त वेब साइट में डाउन लोड की जा सकती है।

(हस्ता.)
उप मुख्य विद्युत अभियंता (प्रोजेक्ट)
पश्चिम मध्य रेल, भोपाल

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान रायपुर
NATIONAL INSTITUTE OF TECHNOLOGY RAIPUR
(An Institute of National Importance)
Under Ministry of Education, Govt. of India
G.E. Road, Raipur – 492010 (CG)

No./ NITRR/S&P/HK/2025/1416 Raipur, Dated 17/12/2025

ई–निविदा आमंत्रण सूचना

रा.प्रौ.सं., रायपुर, संस्थान में –**"Tender for Complete Cleaning Services for Institute premises at NIT Raipur"** के लिये ई–टेंडरिंग पोर्टल www.gem.gov.in के माध्यम से निविदा आमंत्रित करता है। निविदा जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय दिनांक **07/01/2026** तक है। फॉर्म एवं अन्य जानकारियाँ संस्थान के वेबसाइट www.nitrr.ac.in एवं ई–टेंडरिंग पोर्टल www.gem.gov.in से डाऊनलोड की जा सक्ती है।

सही
कुलसचिव

कार्यालय नगर पालिका परिषद अहिवारा, जिला दुर्ग (छ.ग.)

:: ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना ::
Main Portal: http://eproc.cgstate.gov.in
UADD Portal: http://eproc.cgstate.gov.in

क्रमांक /598/न.पा.प./ लो.क.वि./2025 अहिवारा दिनांक 16.12.2025

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों/फर्मों से ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र. | कार्य का नाम | सिस्टम टेंडर क्र. | अनु. लागत लाख मैं | निविदा आनलाईन करने की प्रारंभिक / अंतिम तिथी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Design, Construction, Testing, Commissioning of All The Components of Interception and Diversion Based Sewage Treatment Plant (STP) Work Including 05 Years of Operation and Maintenance of The Entire System in Nagar Palika Parishad, Ahiwara under SBM 2.0 (1st call) | 181893 | 437.06 Lakh | Bid Start Date- 16.12.2025, 17.00 PM<br>Bid Due Date - 08.01.2026, 17.00 PM<br>Physical FDR & Affidavit Submission<br>End Date - 12.01.2026, 14.00 PM<br>Bid open Date (Suheduled) - 12.01.2026, 17.00 PM<br>**Prebid Meeting (Online) Meeting Link: meet.google.com/dej-pyiz-qfi**<br>Date- 22-12-2025, 12.00 pm to 12.30pm |

विस्तृत जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब साईड http://eproc.cgstate.gov.in से डॉउनलोड / देखी जा सकती है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद अहिवारा

नालको NALCO
National Aluminium Company Limited
(A Government of India Enterprise)
नाल्को भवन, प्लॉट नंबर-पी/1, नयापल्ली, भुवनेश्वर-751013, ओडिशा
(सीआईएन: L272030R1981GOI000920)
एक नवरत्न कंपनी

शेयरधारकों के लिए सूचना
इक्विटी शेयरों का इन्वेस्टर एजुकेशन एंड प्रोटेक्शन फंड में ट्रांसफर

यह सूचना कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 124(6) के अनुसार, इन्वेस्टर एजुकेशन एंड प्रोटेक्शन फंड अथारिटी (अकाउंटिंग, ऑडिट, ट्रांसफर और रिफंड) नियम, 2016 ("नियम"), जैसा कि संशोधित किया गया है, के साथ पढ़ी जाए, प्रकाशित की गई है।

नियमों में, अन्य बातों के साथ-साथ, उन सभी शेयरों के ट्रांसफर का प्रावधान है जिनके संबंध में शेयरधारकों द्वारा लगातार सात वर्षों तक लाभांश कैश नहीं किया गया है या दावा नहीं किया गया है, उन्हें केंद्र सरकार द्वारा स्थापित इन्वेस्टर एजुकेशन एंड प्रोटेक्शन फंड (आईइपीएफ) में ट्रांसफर किया जाएगा। कंपनी उन शेयरधारकों को उनके नवीनतम उपलब्ध पतों पर व्यक्तिगत संचार भेजने की प्रक्रिया में है जिनके शेयर उक्त नियमों के तहत आईइपीएफ में ट्रांसफर किए जाने हैं। कंपनी ने ऐसे शेयरधारकों और आईइपीएफ में ट्रांसफर के लिए देय शेयरों का विवरण अपनी वेबसाइट www.nalcoindia.com पर अपलोड कर दिया है। शेयरधारकों से अनुरोध है कि वे आईइपीएफ में ट्रांसफर किए जाने वाले शेयरों का विवरण सत्यापित करने के लिए कंपनी की वेबसाइट पर इन्वेस्टर सर्विसेज पेज देखें।

ऐसे सभी शेयरधारकों को सूचित किया जाता है कि वे 25.03.2026 तक कंपनी के रजिस्ट्रार (मेसर्स बिगशेयर सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड) को वर्ष 2018-19 से आगे के अपने बिना भुगतान किए गए अंतरिम लाभांश का दावा करने के लिए आवेदन करें ताकि शेयर आईइपीएफ में ट्रांसफर न हों। कृपया ध्यान दें कि यदि 25.03.2026 तक कोई दावा नहीं किया जाता है, तो कंपनी आईइपीएफ नियमों की आवश्यकताओं का पालन करने के लिए, नियमों में निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार, बिना किसी और सूचना के, नियत तारीख यानी 01.04.2026 तक लाभांश राशि और शेयरों को आईइपीएफ खाते में ट्रांसफर कर देगी, जैसा कि नियमों में नीचे दिया गया है:

i) **डीमैट मोड में रखे गए शेयर:** कंपनी डिपॉजिटरी को कॉर्पोरेट कार्रवाई करने और शेयरधारक (शेयरधारकों) के डीमैट खाते में पड़े शेयरों को डेबिट करने और ऐसे शेयरों को आईइपीएफ अथॉरिटी के पक्ष में ट्रांसफर करने के लिए सूचित करेगी।

ii) **फिजिकल मोड में रखे गए शेयर:** फिजिकल शेयरों को डीमैट फॉर्म में परिवर्तित किया जाएगा और आवश्यक औपचारिकताओं को पूरा करने के बाद आईइपीएफ अथॉरिटी के पक्ष में ट्रांसफर किया जाएगा। शेयरहोल्डर के नाम पर रजिस्टर्ड ओरिजिनल शेयर सर्टिफिकेट रद्द और नॉन-नेगोशिएबल माने जाएंगे।

यह भी ध्यान दें कि आईइपीएफ को ट्रांसफर किए गए शेयर, जिसमें ऐसे शेयरों पर मिलने वाले सभी फायदे शामिल हैं, यदि कोई हों, तो नियमों के तहत बताई गई प्रक्रिया का पालन करके आईइपीएफ अथॉरिटी से वापस क्लेम किए जा सकते हैं। इस मामले में किसी भी स्पष्टीकरण के लिए, कृपया कंपनी के रजिस्ट्रार और ट्रांसफर एजेंट से संपर्क करें:

मेसर्स बिगशेयर सर्विसेज़ प्राइवेट लिमिटेड, ऑफिस नंबर S6-2, छठी मंज़िल, पिनेकल बिज़नेस पार्क, अहूरा सेंटर के पास, महाकाली केव्स रोड, अंधेरी (ईस्ट) मुंबई -400093, ईमेल: alisterl@bigshareonline.com/vikas@bigshareonline.com, कस्टमर नंबर: 022-62638200, RTA वेबसाइट: https://www.bigshareonline.com.

स्थान: भुवनेश्वर
दिनांक : 15.12.2025

कृते, नेशनल एल्युमिनियम कंपनी लिमिटेड
हस्ताक्षर/-
(बी. के. साहू)
कंपनी सेक्रेटरी

cbc26111/12/0001/2526

TRN Energy Private Limited
Registered Office : 18 Vasant Enclave, Rao Tula Ram Marg New Delhi – 110057
Corporate Office : 7th Floor, Office Tower, Ambience Mall NH – 8, Gurgaon – 122002 (Haryana) Ph: 0124–2719000; Fax: 0124–2719185
E-Mail : trnenergy@acbindia.com&info@trnenergy.com

INVITATION OF BIDS

Date- 17.12.2025

TRN Energy Pvt. Ltd. is having 2x300MW Coal based Thermal Power Plant located near Vill: Bhengari, PO:- Nawapara (Tenda), Tehsil: Gharghoda, Dist: Raigarh in the state of Chhattisgarh. The plant site is well connected with Road Network. Nawapara (Tenda) is on Chhal-Gharghoda road and very near to the plant. The place is around 42KM away from Raigarh and 32KM away from Kharsia, which are the nearest towns.

M/s TRN Energy Pvt. Ltd. invites bids from reputed and experienced vendors for the below mentioned works:

| Sl. No. | Description of the Job | Tender ID | Last date of Bid submission |
|---|---|---|---|
| 1 | Annual O&M services For CHP at 2x300 MW TRN Energy TPP, Raigarh, Chhattisgarh | 1047 | 28.12.2025 @ 02:00 PM |

Detailed of the scope of work, Terms and conditions are furnished in the NIT document. Please visit web site https://eprocurement.mjunction.in/epspropartner/openarea/tender-list and refer respective **tender Ids** for qualifying criteria and other details. The complete offer along with technical details should be submitted by the bidder on-line on Mjunction website as per the timeline mentioned in the above table.

**Contact details:**
Name: Sunil Kumar
Contact No. 9868392867
Email Id: sunil.kumar@acbindia.com

# शराब घोटाले में ईडी की रिमांड पर सौम्या, 115 करोड़ रुपए की उगाही का शक, हवाला से भेजे गए पैसे

## पूछताछ में खुल सकते हैं शराब घोटाला के कई राज

हरिभूमि न्यूजः रायपुर

शराब घोटाला मामले में गिरफ्तार की गई राज्य प्रशासनिक सेवा की निलंबित अफसर सौम्या चौरसिया को बुधवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने विशेष कोर्ट में पेश किया। कोर्ट ने इस दौरान दोनों पक्षों की ओर से दलीलें सुनने के बाद सौम्या को 2 दिन के लिए ईडी की रिमांड पर भेजने का फैसला सुनाया है। सौम्या को अब 19 दिसंबर को कोर्ट में पेश किया जाएगा। इधर कोर्ट में सुनवाई के बाद सौम्या के बचाव पक्ष के वकील हर्षवर्धन परगनिहा ने बताया कि ईडी ने अपनी डायरी में सौम्या पर अलग-अलग दो पार्ट में 115 करोड़ रुपए के लेनदेन का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि उसी डायरी में कोयला घोटाला और फिर शराब घोटाला बताया जा रहा है। एजेंसी का दावा है कि शराब घोटाले में 72 करोड़ रुपये हवाला किया गया है, लेकिन कैश हवाला करने वाले की गिरफ्तारी अभी नहीं हो पाई है।

ईडी ने एक दिन पहले ही शराब घोटाला मामले में मिले सबूतों के आधार पर सौम्या को पूछताछ के लिए रायपुर कार्यालय बुलाया था। इस पूछताछ के बाद ईडी ने सौम्या को गिरफ्तार किया। आज दूसरे दिन सौम्या को ईडी ने विशेष कोर्ट में पेश किया। इस दौरान ईडी की ओर से वकील डॉ. सौरभ कुमार पांडे ने कोर्ट में शराब घोटाला मामले में सौम्या के खिलाफ लेनदेन के कई अहम डिजिटल साक्ष्य मिलने की बात कहते हुए तीन दिन की रिमांड मांगी, जिसका बचाव पक्ष के वकील ने इसके विरोध में दलील रखी। इस तरह दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद कोर्ट ने सौम्या को 2 दिन की ईडी रिमांड को मंजूरी दी। सौम्या अब दो दिन तक ईडी की कस्टडी में रहेगी। ईडी का दावा है कि प्रदेश में हुए 3200 करोड़ रुपए के शराब घोटाला में सौम्या की भूमिका भी अहम रही है। सौम्या लीकर स्कैम नेटवर्क में को-ऑर्डिनेटर की भूमिका निभा रही थी। ईडी का दावा है कि शराब घोटाले से जुड़े करीब 115 करोड़ रुपये लक्ष्मीनारायण बंसल के जरिये सौम्या चौरसिया तक पहुंचा है, वहीं आरोपी तांत्रिक केके श्रीवास्तव से पूछताछ में यह भी खुलासा हुआ है कि घोटाले का करीब 72 करोड़ रुपये हवाला के जरिए इधर से उधर किया गया है। ईडी का यह भी दावा है कि पूछताछ में सौम्या से शराब घोटाला से संबंधित कई और राज खुल सकते हैं। खासकर हवाला की रकम कहां-कहां किस-किस के माध्यम से भेजी या खपाई गई थी। इस संबंध में भी कई लोगों के नाम सामने आ सकते हैं।

### ढाई साल जेल में रह चुकी है सौम्या

ईडी ने इससे पहले 2 दिसंबर 2022 को सौम्या चौरसिया को कोल लेवी घोटाले के मामले में गिरफ्तार किया था। इस मामले में वे करीब ढाई साल जेल में रही और पिछले 6 महीने से वह सुप्रीम कोर्ट से जमानत पर बाहर आई थी। ईडी ने 6 महीने बाद अब शराब घोटाले में दूसरी बार उसे गिरफ्तार किया है।

### लंबे समय बाद कवासी लखमा कोर्ट में किए गए पेश

इधर शराब घोटाला मामले में जेल में बंद तत्कालीन कांग्रेस शासन काल में आबकारी मंत्री रहे कवासी लखमा को भी लंबे समय बाद कोर्ट में पेश किया गया। पुलिस ने अब तक उन्हें विडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से ही पेशी में शामिल किया है, लेकिन बुधवार को जज के आदेश पर कवासी लखमा को कोर्ट में हुई सुनवाई में बुलाया गया। बताया जा रहा है कि लखमा ने इससे पहले हुई विडियो कांफ्रेंसिंग के दौरान सुनवाई में जज से कहा था कि उन्हें जेल में दवाई नहीं मिल रही है और न ही उचित इलाज मिल रहा है तथा वह अपनी पेशी की सुनवाई में कोर्ट में आना चाहते हैं। सुनवाई के बाद लखमा ने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि वे शुगर, बीपी, हार्ट के मरीज हैं। जेल में उनका अच्छे से इलाज नहीं हो रहा है।

# मिड डे मील की खीर-पूड़ी खाकर 25 बच्चे बीमार, हाईकोर्ट ने लिया संज्ञान




**बिलासपुर**। जांजगीर जिले के नवागढ़ विकास खण्ड के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला चौरभाठा में मध्याह्न भोजन खाने के बाद 25 बच्चे फूड प्वाइजनिंग का शिकार हो गए। भोजन करते ही बच्चों को उल्टी-दस्त की शिकायत शुरू हो गई। इस लापरवाही को हाईकोर्ट ने संज्ञान लेते हुए स्कूल शिक्षा विभाग से जवाब मांगा था। सरकार की ओर से बुधवार को पेश जवाब में कहा गया कि प्रधानपाठक को निलंबित कर दिया गया है। साथ ही निर्देश जारी किया गया है कि मध्यान्ह भोजन को बिना चखे बच्चों को नहीं परोसा जाएगा।

गौरतलब है कि स्कूल में मध्याह्न भोजन के अंतर्गत राहुल स्वसहायता समूह द्वारा खीर-पूड़ी परोसी गई थी। नियमानुसार भोजन परोसने से पहले उसकी गुणवत्ता की जांच शिक्षकों द्वारा की जानी थी, लेकिन बिना जांच के भोजन सीधे बच्चों को परोस दिया गया। भोजन करने के कुछ ही समय बाद बच्चों की तबीयत बिगड़ने लगी। स्थिति गंभीर होते देख शिक्षकों एवं पालकों द्वारा बच्चों को नवागढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जहाँ 4 बच्चों की हालत नाजुक बताई जा रही है। हाईकोर्ट ने इसे संज्ञान में लिया था। शासन ने जवाब में कहा है नियम, 2015 के तहत दिए जाने वाले मिड-डे मील की गुणवत्ता की जांच करने की प्रक्रिया निर्धारित की गई है। लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा इसके लिए सभी जिला शिक्षा अधिकारियों को निर्देशित किया गया है। शासन की ओर से कोर्ट को बताया गया कि मिड-डे मील के वितरण में सावधानी बरती जा रही जिससे कि भविष्य में ऐसी कोई घटना न हो। कोर्ट ने सरकार को अगली सुनवाई से पहले शपथ पत्र दाखिल करने कहा है। इसमें बीमार बच्चों के स्वास्थ्य प्रगति के बारे में बताना होगा। अगली सुनवाई 21 जनवरी को होगी।

# रायपुर सहित 132 केंद्रों में होगी शिक्षक पात्रता परीक्षा

**रायपुर**। सेंट्रल बोर्ड ऑफ सेकेंडरी एजूकेशन ने आखिरकार सीटेट की डेट जारी कर दी है। इसके अलावा परीक्षा आयोजन संबंधित जानकारी भी सीबीएसई ने नोटिस जारी कर बताई है। सीबीएसई ने ऑफिशियल नोटिस में बताया कि इस बार सीटेट का 21वां संस्करण आयोजित होगा। इसमें पेपर-1 और पेपर-2 दोनों शामिल हैं। जो कैंडिडेट्स आवेदन करना चाहते हैं वे सीटेट की ऑफिशियल वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं। सीटेट 8 फरवरी को आयोजित होगा। परीक्षा देश के 132 शहरों में 20 भाषाओं में कराई जाएगी। इस साल सीटेट में उम्मीदवारों को दो पेपर देने होंगे।




# संचालक का पद खाली, ठंडा पड़ा 'अंगदान महादान' अभियान, पांच महीने में एक भी कैडेवर डोनेशन नहीं

हरिभूमि न्यूजः रायपुर

शरीर के आवश्यक अंग के रूप में लोगों को नया जीवन देने अंगदान महादान का संवेदनशील अभियान राज्य में ठंडा पड़ गया है। पांच महीने से यहां एक भी कैडेवर डोनेशन नहीं हुआ है। योजना को कार्यान्वित करने वाले राज्य अंग एवं उतक प्राधिकरण (सोटो) स्वयं अफसरों और संसाधनों की कमी से जूझ रहा है। वरिष्ठ चिकित्सक के निधन के बाद सोटो में संचालक का पद भी खाली हो गया है। सोटो के पास किडनी, लिवर सहित अन्य अंग प्राप्त करने वालों की वेटिंग 225 हो चुकी है। राज्य में पहला अंगदान नवंबर वर्ष 2022 में हुआ था और अब तक दर्जनभर से ज्यादा कैडेवर डोनेशन पूरा हुआ है जो आवश्यकता के हिसाब से पर्याप्त नहीं है। वर्तमान में इस अभियान को पूरा करने के लिए मरीज को ब्रेनडेड घोषित होने की प्रक्रिया पूरी नहीं हो पा रही है। मरीज के ब्रेनडेड घोषित होने के बाद उसे अस्पताल में रखने का बिल परिजनों से लेने का नियम नहीं है। इस मामले में निजी अस्पतालों में समन्वय नहीं बन पा रहा है। इसके लिए सोटो के पास पर्याप्त संसाधन और मैन पॉवर की कमी भी है, जिसकी वजह से यह अभियान ठंडा सा पड़ गया है।

# सिम्स की बदहाली, हाईकोर्ट ने सीजीएमएससी से जवाब मांगा

**बिलासपुर**। सिम्स की बदहाली को लेकर हाईकोर्ट ने स्वत संज्ञान लेकर जनहित याचिका के रूप में सुनवाई शुरू की है। बुधवार को डिवीजन बेंच में सीजीएमएससी की ओर से बताया गया कि, टेंडर प्रक्रिया के साथ दावा आपत्ति मंगाई गई है, इस पर जल्द ही प्रक्रिया पूरी हो जाएगी। हाईकोर्ट ने जनवरी के दूसरे सप्ताह में अगली सुनवाई तय कर सीजीएमएससी से टेंडर जारी करने दस्तावेजों के साथ पेश होने का निर्देश दिया है। सिम्स में मशीनों की दुर्व्यवस्था और मरीजों के उपचार को लेकर हाईकोर्ट ने प्रकाशित समाचारों पर खुद संज्ञान लेते हुए जनहित याचिका दर्ज की थी। इस पर सुनवाई चल रही है। पिछली बार हुई सुनवाई में छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विसेस कार्पोरेशन ने टेंडर की जानकारी दी थी। बुधवार को चीफ जस्टिस व जस्टिस बी डी गुरु की डीबी में सुनवाई के दौरान सीजीएमएससी के एमडी ने अपने अधिवक्ता के जरिए बताया कि टेंडर की प्रक्रिया तेजी से चल रही है। इसके बाद मशीनों का काम पूरा हो जाएगा। इस बारे में दावा आपत्ति भी मंगाई गई है, इसके निराकरण का काम भी किया जा रहा है।

### अव्यवस्थाओं पर लगातार सुधार जारी

चीफ जस्टिस ने सीजीएमएससी से कहा कि, आप इस बारे में प्रक्रिया को समाप्त कर दस्तावेजों के साथ कोर्ट में आए। अगली सुनवाई जनवरी के दूसरे सप्ताह में रखी गई है। इससे पूर्व हुई सुनवाई में कोर्ट को बताया गया था कि , अस्पताल में साफ-सफाई और सुरक्षा व्यवस्था पर निगरानी के लिए एक वॉट्सऐप ग्रुप बनाया गया है, जिसे सीधे डीन और मेडिकल सुपरिंटेंडेंट देख रहे हैं। अधिकारियों ने बताया कि रात और छुट्टियों में भी सीनियर डॉक्टर राउंड ले रहे हैं, अव्यवस्थाओं पर लगातार सुधार जारी है।







# दुनिया का एकमात्र बुलेटप्रूफ जानवर, एके-47 की गोली का भी नहीं होता है असर

एजेंसी ▶▶| न्यूयार्क

दुनियाभर में जीव-जंतुओं की लाखों प्रजातियां मिलती हैं, जिनमें से कई जीव अक्सर चर्चा में रहते हैं। कुछ अपनी खास बनावट के लिए, कई अपनी आक्रामता के लिए जाने जाते हैं। एक ऐसा ही जीव है, जो प्राकृतिक बुलेटप्रूफ जैकेट के लिए पूरी दुनिया में जाना जाता है। यह जानवर दुनिया का एकमात्र बुलेटप्रूफ जानवर है। इस जीव के शरीर की बनावट इसे दूसरों से काफी अलग बनाती है। इस जीव का नाम आर्मडिलो है, जिसका 'बुलेटप्रूफ' शरीर वाकई अद्भुत है। यह इसे बाहरी खतरों के खिलाफ प्राकृतिक रक्षा प्रणाली प्रदान करता है। आर्माडिलो की शरीर में एक तरह का इन-बिल्ट कवच होता है, जो किसी बुलेट प्रूफ जैकेट से कम नहीं है। इसकी त्वचा बहुत सख्त होती है, जो इसे शिकारियों से बचाती है। कुछ रिपोर्ट्स के मुताबिक, ये कवच इतना सख्त होता है कि इसपर गोलियों का भी असर नहीं होता है।

### बुलेटप्रूफ शरीर से होती है रक्षा

आर्माडिलो का स्पेनिश में शाब्दिक अनुवाद है 'छोटा बख्तरबंद'। तुलनात्मक रूप से छोटे, स्केल से ढकी हड्डी की प्लेटें जिन्हें 'स्कूट्स' के रूप में जाना जाता है, इसके शरीर का कवच बनाती हैं। आर्माडिलो की त्वचा यूवी प्रकाश में काफी चमकदार दिखती है। इस जीव का पूंछ, ऊपरी अंग और सिर का शीर्ष सभी भाग कवच से ढके हुए होते हैं। ऐसा प्रतीत होता है कि आर्माडिलोस शिकारियों के खिलाफ रक्षा के रूप में अपनी ऊपरी त्वचा पर बहुत अधिक भरोसा करते हैं, जो एक कवच जैसा दिखता है।



### प्राकृतिक बुलेटप्रूफ वाला जीव

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, आर्माडिलो उसी प्रकार का जीव है जैसे कछुआ, जिसकी ऊपरी सख्त त्वचा उसके नाजुक त्वचा की रक्षा करती है। ये खास जीव अपने प्राकृतिक बुलेटप्रूफ त्वचा को लेकर हमेशा चर्चा में रहता है।

### शिकारियों से बचने में मिलती है मदद

जैसे ही इसे किसी शिकारी के हमले का एहसास होता है, यह अपने शरीर को एक गेंद की तरह लपेट लेता है। इसके शरीर को ढकने वाले अविश्वसनीय रूप से मजबूत और टिकाऊ कवच की वजह से शिकारी इसे नुकसान नहीं पहुंचा पाते हैं, चाहे वे कितनी भी कोशिश कर लें। आर्माडिलो मुख्यरूप से मध्य और दक्षिण अमेरिका और संयुक्त राज्य अमेरिका में पाए जाते हैं। इन्हें इलिनोइस और नेब्रास्का में भी देखा गया है। आर्माडिलोस दीमक जैसे कीड़ों को खाते हैं। कुछ रिपोर्ट्स से पता चलता है कि ये अच्छे तैराक भी होते हैं और 4-6 मिनट तक अपनी सांस रोक सकते हैं।

वैज्ञानिकों की चेतावनी

# हर साल गायब होंगे 4 हजार ग्लेशियर ग्लोबल वॉर्मिंग ने खड़ा किया नया संकट

वॉशिंगटन। 2019 में स्विट्जरलैंड में 700 साले पुराने ग्लेशियर को विदा करने के लिए सैकड़ों लोग जमा हुए थे, जो बहुत चिंता से भरा समय था। जलवायु परिवर्तन के कारण पिजोल अब सिर्फ बर्फ के कुछ बिखरे हुए ग्लेशियर के टुकड़ों में बदल गया है। यह पहला मामला नहीं है, पिछले कुछ दशकों में हजारों ग्लेशियर गायब हो चुके हैं और अब यह दर बहुत ही तेजी से बढ़ने वाली है। नेचर क्लाइमेट चेंज में छपी रिपोर्ट के मुताबिक अगर प्रदूषण फैलना ऐसे ही जारी रहता है तो सदी के मध्य तक ग्लेशियरों के गायब होने की दर अपने चरम पर होगी।

### तापमान का खतरनाक असर

अगर ऐसे ही प्रदूषण बढ़ता रहा तो हर साल दुनिया भर से 4,000 तक ग्लेशियरों की संख्या कम हो सकती है। यह संख्या यूरोप से आल्प्स पर्वतमाला के सभी ग्लेशियरों के एक साल में खत्म हो जाने के बराबर है। वैज्ञानिकों ने पता लगाया है कि ग्लेशियर किस साल सबसे ज्यादा तेजी से गायब होंगे, जिसे उन्होंने ग्लेशियर विलुप्ति का चरम का नाम दिया है।



### कब तक कितने ग्लेशियर होंगे खत्म?

वैज्ञानिकों का कहना है कि यह ग्लेशियरों का पिघलना ग्लोबल वॉर्मिंग के स्तर पर निर्भर करता है। अगर तापमान में बढ़ोतरी 1.5 डिग्री होती है तो लगभग 2041 तक दो हजार ग्लेशियर गायब होंगे। अगर तापमान 2.7 डिग्री बढ़ता है तो 2040 से 2060 के बीच लगभग 3000 ग्लेशियर और 4 डिग्री सेल्सियस बढ़ने पर 2050 के दशक के मध्य तक लगभग 4,000 ग्लेशियर गायब होंगे।

### किन इलाकों पर ज्यादा

छोटे ग्लेशियर वाले इलाके जैसे यूरोपीय आल्प्स और उत्तरी एशिया में अगले 2 दशकों में आधे से ज्यादा ग्लेशियर गायब हो सकते हैं और 2040 तक ही विलुप्ति का चरम आ जाएगा। इसके अलावा बड़े ग्लेशियर वाले क्षेत्र जैसे ग्रीनलैंड और रूसी आर्कटिक में पीक एक्सटिंक्शन सदी के अंत में देरी से देखने को मिलेगा।

### क्यों होगा बड़ा नुकसान?



वैज्ञानिकों ने चेतावनी दी है कि ग्लेशियर अब सिर्फ पिघल नहीं रहे, बल्कि पूरी तरह से विलुप्त हो रहे हैं। 2100 तक अगर 2.7 डिग्री वॉर्मिंग हुई तो केवल 20% ग्लेशियर बचेंगे, जबकि 4 डिग्री पर ग्लेशियर लगभग पूरी तरह खत्म हो जाएंगे। ग्लेशियर कई समुदायों के लिए पानी का महत्वपूर्ण सोर्स हैं और साथ ही उनका सांस्तिक महत्व है और वे पर्यटन को भी आकर्षित करते हैं।

अब जापान में नहीं दिखेंगे एक भी पांडा

# 50 साल बाद अब घर वापस जाएंगे ये क्यूट जानवर

एजेंसी ▶▶| टोक्यो

पिछले 50 सालों से पांडा को जापान और चीन के बीच दोस्ती का प्रतीक माना जाता रहा है, लेकिन अब इसमें एक बड़ा बदलाव होने जा रहा है। टोक्यो के चिड़ियाघर से दो प्यारे जुड़वां पांडा शियाओ शियाओ और लेई लेई अपने देश चीन वापस जा रहे हैं। पिछले कई दशकों में यह पहली बार होगा जब जापान में एक भी पांडा नहीं बचेगा। यह सब ऐसे समय में हो रहा है जब जापान और चीन के बीच राजनीतिक तनाव काफी बढ़ गया है। चीन अक्सर दूसरे देशों को दोस्ती के प्रतीक के तौर पर पांडा देता है जिसे पांडा डिप्लोमेसी कहते हैं।



### टूटा चीन और जापान का रिश्ता

जापान और चीन के बीच 50 साल पुराने रिश्तों में फूट पड़ी है। जापान और चीन के बीच पांडा का रिश्ता बहुत ही पुराना है, लेकिन अब यह खत्म होने की कगार पर है। चीन ने पहली बार 1972 में दोस्ती के तौर पर जापान की पांडा दिए थे, तब से ये क्यूट दिखने वाले जानवर दोनों देशों के बीच दोस्ती की पहचान बन गए थे। जापान के लोग पांडा को बहुत ही पसंद करते हैं।

### जापान और पांडा का रिश्ता

जापान के लोगों के लिए पांडा सिर्फ दूसरे देश से आए जानवर नहीं, बल्कि वे उनके जीवन और संस्कृति का बड़ा हिस्सा बन चुके हैं। जापान के लोग पांडा को बहुत सम्मान देते हैं और टोक्यो के उएनो चिड़ियाघर में उन्हें देखने के लिए हजारों लोगों की भीड़ इकट्ठा होती है। लेकिन, जापान की स्थानीय सरकारें और चिड़ियाघर प्रशासन को लगता है कि चीन जल्द ही नए पांडा भेज देगा।

### पेंसिल की नोक जितना छोटा मेंढक



**ब्रासीलिया।** वैज्ञानिकों ने एक चौंकाने वाली खोज करते हुए मेंढक की एक ऐसी नई प्रजाति की खोज की है, जो आकार में एक पेंसिल की नोक जितनी छोटी है। यह खोज ब्राजील के जंगली इलाकों में संरक्षण की जरूरत को और भी महत्वपूर्ण बना देती है। यह नन्हा जीव ब्राजील के अटलांटिक फॉरेस्ट में मौजूद सेरा डो क्विरिरी पर्वत श्रृंखला के घने बादलों वाले जंगलों में पाया गया है। ये जंगल जमीन से 1,000 से 2,500 मीटर की ऊंचाई पर होते हैं, जहां साल भर बादलों की परत छाई रहती है। इस नई प्रजाति का नाम ब्रैकीसेफलस लुलई रखा गया है। यह नाम ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला डा सिल्वा के सम्मान में रखा गया है। इसकी कुछ खास बातें हैं जैसे- इसका शरीर चमकीला नारंगी है, जिस पर भूरे और हरे रंग की छोटी-छोटी चित्तियां हैं। नर मेंढक का आकार 9 से 11 मिमी और मादा का 11 से 14 मिमी के बीच होता है। यह पृथ्वी पर चार पैरों वाले सबसे छोटे जानवरों में से एक है। वैज्ञानिकों ने दशकों तक इस क्षेत्र में खोजबीन की है, क्योंकि यहां ऐसे सूक्ष्म जीव पाए जाते हैं जो दुनिया में कहीं और नहीं मिलते।

# 200 साल बाद जाग उठे मिस्र के विशाल रक्षक ! भूकंप ने कर दिया था चकनाचूर

एजेंसी ▶▶| काहिरा

मिस्र के लक्सर शहर में प्राचीन इतिहास को सहेजने की दिशा में एक बहुत बड़ी कामयाबी मिली है। वैज्ञानिकों और पुरातत्वविदों ने मिलकर फिरौन (राजा) अमेनहोटेप तृतीय की दो विशालकाय मूर्तियों को रिपोयर कर उन्हें फिर से स्थापित किया है। इन विशाल मूर्तियों को मेमनन के कोलोसी के नाम से जाना जाता है। इतिहासकारों के अनुसार ये मूर्तियां लगभग 3,200 साल पहले आए एक विनाशकारी भूकंप में पूरी तरह टूटकर मलबे में बदल गई थीं। सदियों तक इनके विशाल पत्थर धूल और मिट्टी में दबे रहे।

### इंजीनियरिंग का बेमिसाल कमाल

पुरातत्व परिषद के अनुसार इन मूर्तियों को दोबारा बनाना दुनिया को यह संदेश देता है कि मिस्र अपनी प्राचीन विरासत को लेकर कितना गंभीर है। साथ ही कैसे आधुनिका और पुरानी कला को मिलाकर इतिहास को फिर से जिंदा किया जा सकता है। अब ये मूर्तियां एक बार फिर लक्सर की धरती पर शान से खड़ी हैं।



### कुछ पत्थर हो गए थे गायब?

इसके कुछ पत्थरों का इस्तेमाल तो अन्य निर्माणों में भी कर लिया गया था। 1990 के दशक के अंत में एक जर्मन-मिस्र टीम ने इन टुकड़ों को इकट्ठा करने और इन्हें वापस जोड़ने का कठिन काम शुरू किया। लगभग 20 सालों की कड़ी मेहनत के बाद इन 45 से 48 फीट ऊंची प्रतिमाओं को फिर से खड़ा किया गया है।

### कौन थे राजा अमेनहोटेप?

अमेनहोटेप तृतीय ने प्राचीन मिस्र के स्वर्ण युग के दौरान शासन किया था। उनका शासनकाल शांति और समृद्धि के लिए जाना जाता है। ये मूर्तियां उनके विशाल अंत्येष्टि मंदिर के मुख्य द्वार पर स्थित थीं। मूर्तियों में राजा को एक ऊंचे सिंहासन पर बैठे हुए दिखाया गया है, जिनका चेहरा उगते सूरज की ओर है। राजा के पैरों के पास उनकी पत्नी, रानी टिये की छोटी मूर्तियां भी बनाई गई हैं, जो उस समय की कला की बारीकी को दिखाते हैं।













हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रियंक सिंह परिहार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, रिंग रोड नं. 2, गौरव पथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादकः प्रवीण शुक्ला। RNI No. CHHHIN/2001/03764, फोन : 07752-401050, फैक्स : 07752-401052. e-mail : bilaspur@haribhoomi.com